
राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, बुधवार
29.01.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 353

हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# ओडिशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक हैः प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ओडिशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में यह ओडिशा की उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि उत्कर्ष ओडिशा राज्य में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार सम्मेलन है। इसमें पांच से छह गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए राज्य के लोगों और ओडिशा सरकार को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानते हैं और ओडिशा की इसमें बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है, जब ग्लोबल ग्रोथ में भारत की बड़ी हिस्सेदारी थी, तब पूर्वी भारत का अहम योगदान था। पूर्वी भारत में देश के बड़े इंडस्ट्रियल हब थे, बड़े पोर्ट्स थे, ट्रेड हब थे। ओडिशा साउथ ईस्ट एशिया में होने वाले ट्रेड का प्रमुख सेंटर हुआ करता था। यहां के प्राचीन पोर्ट्स एक प्रकार से भारत के गेट-वे हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि ओडिशा असाधारण है। ओडिशा नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। ओडिशा में अवसर भी है और यहां के लोगों ने हमेशा आउटपरफॉर्म करने का जुनून दिखाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ओडिशा की बड़ी भूमिका है। ओडिशावासियों ने 'समृद्ध ओडिशा' के निर्माण का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग मिल रहा है। ओडिशा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। आज भारत का फोकस हैः भारत में शादी। आज भारत का मंत्र हैः भारत में हीलिंग। इसके लिए ओडिशा की प्रकृति और यहां की प्राकृतिक सुंदरता बहुत उत्साहवर्धक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के आर्थिक विस्तार में दो बड़े खिलाड़ी हैं - पहला- हमारा अभिनव सेवा क्षेत्र और दूसरा- भारत के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद। उन्होंने कहा कि केवल कच्चे माल के निर्यात से तीव्र विकास संभव नहीं है। हम पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बदल रहे हैं, भारत प्रवृत्ति बदल रहा है, क्योंकि यह मोदी को स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में ओडिशा इतिहास को पुनर्जीवित करने के लिए तैयार है।

## ट्रंप ने किया पीएम मोदी को फोन आव्रजन जैसे गंभीर मुद्दे पर की बात

**नई दिल्ली**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन कर पीएम मोदी को अमेरिका आने का निमंत्रण दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी फरवरी में अमेरिका जा सकते हैं। व्हाइट हाउस से यह बुलावा आया है। ट्रंप ने इसके संकेत दिए हैं। अगर ऐसा होता है तो ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पीएम मोदी दुनिया के पहले नेता होंगे, जो वाशिंगटन जाएंगे और ट्रंप ने मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने यह भी बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से इमिग्रेशन यानी आव्रजन जैसे गंभीर मुद्दे पर बात की। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि आज सुबह मेरी मोदी से लंबी बातचीत हुई। अगले महीने वह व्हाइट हाउस आ रहे हैं। शायद फरवरी में। ट्रंप ने कहा कि जब अवैध रूप से अमेरिका आए भारतीय प्रवासियों को वापस लेने की बात होगी तब पीएम मोदी सही फैसला लेंगे। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे करीब 18,000 भारतीय प्रवासियों को वापस लेने के लिए तैयार हो गया है, जिसके बाद ट्रंप ने यह बात कही। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से पीएम मोदी के दौरे पर मुहर नहीं लगी है। भारत के विदेश मंत्री के साथ मुलाकात में ट्रंप के विदेश सचिव मार्को रुबियो ने अनियमित प्रवासन से संबंधित चिंताओं को दूर करने की इच्छा पर जोर दिया था। ट्रंप ने कहा है कि वह कुशल श्रमिकों के कानूनी प्रवासन के लिए तैयार हैं और भारत आईटी पेशवरों के अपने विशाल समूह के लिए जाना जाता है। राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में उनकी आखिरी विदेश यात्रा भारत की थी।

## बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर बड़ा हादसा, 7 की मौत, 75 घायल

एजेंसी। बागपत



यूपी के बागपत में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना पैड ढह गया है। इसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। बताया गया कि एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घायलों में तकरीबन 15 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक बड़ौत शहर कोतवाली इलाके के गांधी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ। श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज मैदान पर बनाए गए मान स्तंभ का मंच टूट गया। इसमें दबने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। आज भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव के तहत यहां धार्मिक कार्यक्रम होना था, इसके लिए यहां 65 फीट ऊंचा मंच बनाया गया था। मंच पर श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा होने से सीढ़ियां टूट गई। बताया जा रहा है कि मानस्तम्भ में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक करने के लिए लगाई गई अस्थायी सीढ़ियां गिर गई हैं। इससे श्रद्धालु नीचे दब गए और भगदड़ मच गई।

हादसे में तरसपाल(66) पुत्र हुकमचंद गांधी रोड इमली वाली गली, अमित (35) पुत्र नरेश चंद, अरुण(48) पुत्र केशव राम, ऊषा (24) पत्नी सुरेंद्र, शिल्पी (24) पुत्री सुनील जैन, विनीत जैन (40) पुत्र सुरेंद्र, कमलेश जैन(65) पत्नी सुरेश चंद की मौत हो गई है। घायलों का उपचार जारी है। बता दें कि यह आयोजन करीब 25 सालों से हर साल होता है। जहां आयोजन हो रहा था वहां भराव किया गया था। मिट्टी में नमी थीं। आयोजन स्थल पर बनाए गए मंच की सीढ़ियों पर श्रद्धालु ज्यादा संख्या में चढ़ने से बल्लियों का बैलेंस बिगड़ गया और रस्सियां टूट गई। हादसा होते ही ऊंचाई पर बना मंच भरभराकर नीचे गिर पड़ा और तकरीबन 15 पुलिस कर्मी और 75 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं। इनमें अभी तक सात की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं मृतकों के पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया। घटना स्थल पर पुलिस राहत व बचाव कार्य में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, चीन के साथ बातचीत में लगी मुहर, ले सकेंगे डायरेक्ट फ्लाइट



**नई दिल्ली**। भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई है। भारत और चीन में बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी। साल 2020 के बाद से ही यात्रा के दोनों आधिकारिक रूट भारतीयों के लिए बंद हैं। हिंदुओं की मान्यता है कि कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास स्थान है। इसलिए हर बड़े संख्या में लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा करते हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी बीजिंग दौरे पर हैं। जहां, उन्होंने विदेश सचिव और उप विदेश मंत्री की बैठक में शामिल हुए। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में अक्टूबर में कज़ान में अपनी बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सहमति के अनुसार, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। इस बैठक में ही दोनों पक्षों ने 2025 की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया। इस बैठक चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध के बारे में भारत की चिंताओं से अवगत कराया गया।

### दिल्ली चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी ने वाल्मीकि मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किया और देश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन करने के उपरांत राहुल गांधी ने निकटवर्ती बस्ती में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। दरअसल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में निजीकरण और संविदा नियुक्ति की नीति ने कई लोगों को बेरोजगार कर दिया है और हजारों लोगों को उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ बातचीत में कहा कि निजीकरण और संविदा नियुक्तियां वंचितों के अधिकार छीनने के हथियार हैं। इसे नियंत्रित कर लोगों को उनके अधिकार दिलाना हमारा लक्ष्य है। दरअसल, दिल्ली विधानसभा का चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। सभी राजनीतिक दल प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस कड़ी में आज राहुल गांधी कांग्रेस के नई दिल्ली के उम्मीदवार संदीप दीक्षित, अनिल चौधरी (पटपड़गंज) और अरीबा खान (ओखला) के लिए प्रचार करेंगे। आज महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने दलित बहुल इलाके की महिलाओं से बातचीत की।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में पीएम करेंगे तीन रैलियां, बुधवार को घोंडा से करेंगे शुरूआत




**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा के चुनावी रण में भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रैलियां करेंगी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी घोंडा में एक रैली करेंगे। घोंडा इलाके में भाजपा का दबदबा रहा है। वर्ष 2015 के चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी लेकिन वर्ष 2020 में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। घोंडा की रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दस साल के शासन और उनके अधूरे वादों को लेकर केजरीवाल सरकार को घेरेंगे। जानकारी के अनुसार दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी दो और रैलियां करेंगे। यह रैलियां 31 जनवरी और 2 फरवरी को प्रस्तावित हैं। विधानसभा चुनाव में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दिल्ली में रैलियां हैं। अमित शाह मंगलवार को दिल्ली के कस्तूरबा नगर और बदरपुर में रोड शो किया। इसके बाद कालकाजी विधानसभा सीट पर अमित शाह रमेश बिधूड़ी के लिए जनसभा करेंगे। इस सीट पर रमेश बिधूड़ी का मुकाबल दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से है। मुख्यमंत्री योगी भी मंगलवार को दिल्ली के तीन जगह मंगोलपुरी, विकासपुरी और राजेंद्र नगर में जनसभाओं को संबोधित किया।

# आईपी यूनिवर्सिटी में एक फरवरी से शुरू होगी दाख़िले की ऑनलाइन प्रक्रिया

एजेंसी। नई दिल्ली





गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) से संबद्ध 106 कॉलेजों और 18 विश्वविद्यालय स्कूलों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में 40 हजार से अधिक सीटों पर अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक फरवरी से शुरू हो जाएगी। कक्षाएं अगस्त से शुरू होंगी। यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर में आयोजित आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति पद्मश्री प्रो. महेश वर्मा ने स्नातक, परा-स्नातक और पीएचडी कार्यक्रमों की दाख़िला पुस्तिकाएं जारी कीं। इस शैक्षणिक सत्र से शुरू किए गए कुछ नए पाठ्यक्रमों में शामिल हैं- एमएससी इन मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, एमएससी इन माइक्रोबायोलॉजी, बीपीटी, एलएलबी (3 साल का), एप्लाइड जियोइन्फॉर्मेटिक्स में पीजी प्रोग्राम और रेडियोलॉजिकल फिजिक्स में पीजी डिप्लोमा। इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 250 अतिरिक्त सीटें जोड़ी गई हैं, जबकि पिछले वर्ष 1600 नई सीटें जोड़ी गई थीं। कुलपति ने कहा कि मास्टर डिग्री के 46 स्ट्रीम, 40 पीएचडी और स्नातक डिग्री कार्यक्रमों की 34 विषयों में दाख़िले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 फरवरी से शुरू हो जाएगी। कक्षाएं अगस्त से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय स्कूलों में प्रत्येक प्रोग्राम में एक सीट एकल कन्या कोटे के लिए आरक्षित होगी। किसी विशेष कार्यक्रम में प्रवेश का अधिकतम 2 प्रतिशत विश्वविद्यालय स्कूलों में खेल कोटा के तहत भरा जाएगा। कुल 52 सामान्य प्रवेश परीक्षाएं (सीईटी) 26 अप्रैल से लेकर 18 मई के बीच आयोजित की जाएंगी। आवेदकों की सुविधा के लिए दिल्ली से बाहर भी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। एमबीए (कैट के माध्यम से), एलएलबी और एलएलएम (क्लैट यूजी/पीजी के माध्यम से) के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग 1 मई से शुरू होगी। अन्य कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन काउंसलिंग 2 जून से शुरू होगी।

## भारत में 53 प्रतिशत वैश्विक कुष्ठ रोग के मामले

**नई दिल्ली**। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में 53 प्रतिशत वैश्विक कुष्ठ रोग के मामले हैं। इसलिए बीमारी से प्रभावित लोगों की मदद के लिए कानूनी सुधार जरूरी हैं। कुष्ठ/ हैंसेन रोग एक संक्रामक बीमारी है, जो मायकोबैक्टीरियम लैप्रे नामक बैक्टीरिया से होती है। यह त्वचा पर गहरे जख्म, हाथ-पैर और त्वचा की नसों को नुकसान पहुंचाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में दुनियाभर के 53 प्रतिशत कुष्ठ रोग के मामले हैं। एक कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एस शिवसुब्रमण्यम ने कहा कि समाज में भेदभाव खत्म करने और प्रभावित लोगों को सहारा देने के लिए सामुदायिक पुनर्वास को बढ़ावा देना चाहिए। कुष्ठ रोग ज्यादा संक्रामक नहीं है। लेकिन, अगर किसी इलाज न करवाने वाले मरीज के नाक या मुंह से निकलने वाली बूंदों के संपर्क में बार-बार आएं, तब बीमारी फैल सकती है। कुष्ठ रोग को लेकर समाज में जागरूकता की कमी है। इसके कारण बीमारी को लेकर कई मिथक जुड़े हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि कुष्ठ रोग के कारण अछूत मानना जातिगत भेदभाव से भी बदतर है। यहां तक कि परिवार वाले भी प्रभावित व्यक्ति से दूरी बना लेते हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी सुधार और जागरूकता जरूरी है, ताकि प्रभावित लोगों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

## मौनी अमावस्या से पहले महाकुंभ में भीड़ का सैलाब, हाई अलर्ट



**प्रयागराज**। महाकुंभ 2025 का 16वां दिन भारी भीड़ के चलते हुईं कुच्छ अव्यवस्थाओं के बीच गुजर रहा है। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले संगम में स्नान करने के लिए लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे। सुबह 8 बजे तक करीब 45.50 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अब तक 15 करोड़ से ज्यादा लोग कुंभ मेले में स्नान कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सोमवार देर रात अधिकारियों की हाईलेवल बैठक की गई। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ी है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सोमवार रात अफसरों की हाईलेवल मीटिंग बुलाई गई। मीटिंग में क्राउड मैनेजमेंट पर चर्चा की गई और सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों ने भीड़ नियंत्रण के लिए रणनीतियां बनाई गई हैं। इसके साथ ही एआई कैमरों की निगरानी में पूरे मेला क्षेत्र को रखा गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैमरों से भीड़ और संभावित घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। डीएम ने श्रद्धालुओं और प्रयागराज के नागरिकों से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में कार का उपयोग न करें। पैदल, साइकिल या बाइक से आने की सलाह दी गई है।

# यमुना के पानी में जहर मिलाने वाला केजरीवाल का बयान राष्ट्रविरोधीः माकन

एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस ने यमुना के पानी में जहर मिलाने के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक अरविंद केजरीवाल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों को कटघरे में खड़ा किया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा है कि आआपा और भाजपा में से इसके लिए जो भी दोषी है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज ही कांग्रेस की लीगल टीम निर्वाचन आयोग से मिलकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी। अजय माकन ने आज यहां राजीव भवन में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि यमुना के पानी में हरियाणा से जहर मिलाये जाना वाला जो बयान केजरीवाल दे रहे हैं, ऐसे आरोप युद्धकाल में दुश्मन देशों पर लगाए जाते हैं। केजरीवाल के इस बयान से यह साबित होता है कि वो राष्ट्रविरोधी हैं। इसके साथ ही माकन ने कहा कि केजरीवाल पहले भी वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के शिगूफे छोड़ते रहे हैं। माकन ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच कराई जानी चाहिए। जांच में अगर साबित होता है कि यमुना जल में जहर मिलाया जा रहा है तो हरियाणा सरकार पर कार्रवाई होनी चाहिए। और अगर पानी में जहर नहीं मिला है तो अफवाह फैलाने के आरोप में केजरीवाल पर रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए। आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुसार चुनाव के दौरान इस तरह की अफवाह फैलाना कानूनन अपराध है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि ऐसा करके क्या केजरीवाल पानी बेचने वाली लॉबी को प्रोमोट करना चाह रहे हैं।

# भारत में स्ट्रोक चौथे नंबर पर मौत का कारण




**नई दिल्ली**। भारत में स्ट्रोक एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। यह देश में चौथे नंबर पर मौत का कारण बन रहा है और पांचवे नंबर पर अपंगता का कारण भी है। स्ट्रोक के परिणामस्वरूप मरीजों में अक्सर लकवा जैसी शारीरिक अपंगता हो जाती है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। हालाँकि, स्ट्रोक के इलाज के लिए उपलब्ध तकनीक और थेरेपी बेहद प्रभावी हैं, लेकिन ये केवल 1 प्रतिशत से भी कम लोगों तक पहुंच पाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि अधिकतर लोग इसके प्रभाव से बच नहीं पाते और उनकी मृत्यु हो जाती है। इसलिए इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्ट्रोक के तीन प्रमुख प्रकार होते हैं। पहला, इश्चेमिक स्ट्रोक, जिसमें खून की नलियां ब्लॉक हो जाती हैं या संकरी हो जाती हैं, जिससे खून की आपूर्ति दिमाग तक नहीं पहुँच पाती। दूसरा, हेमरेज स्ट्रोक, जो खून की नलियों के फटने या खून के थक्के बनने से होता है। तीसरा, ट्रांसिएंट इश्चेमिक अटैक, जिसे मिनी स्ट्रोक भी कहा जाता है, जिसमें खून की आपूर्ति अस्थायी रूप से कम हो जाती है लेकिन स्थायी नुकसान नहीं होता। स्ट्रोक का खतरा उन लोगों को अधिक होता है जो मोटे होते हैं, शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं और अधिक शराब, तंबाकू या अवैध ड्रग्स का सेवन करते हैं। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, दिल की बीमारी और अधिक फैटी आहार लेने से भी स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि लोग अपनी जीवनशैली को सुधारें, नियमित रूप से व्यायाम करें, और अपने स्वास्थ्य की निगरानी रखें। स्ट्रोक से बचने के लिए सही जीवनशैली अपनानी चाहिए, जैसे स्वस्थ आहार, व्यायाम, वजन कम करना, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करना, और मानसिक तनाव से बचना। इसके साथ ही, यदि किसी को पहले से ही दिल की बीमारी, डायबिटीज या उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं हैं, तो उनका इलाज सही समय पर करवाना चाहिए। इस तरह की सावधानियों से स्ट्रोक के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है और लोगों को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सकता है। बता दें कि स्ट्रोक एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसमें दिमाग में खून की आपूर्ति अचानक कम हो जाती है या बंद हो जाती है।

## भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी, श्रीलंकाई कार्यवाहक उच्चायुक्त तलब

**नई दिल्ली**। भारत ने भारतीय मछुआरों पर श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी की घटना पर कड़ा विरोध जताया है। आज तड़के डेल्फ़्ट द्वीप के निकट श्रीलंकाई नौसेना ने 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ा है। इस दौरान गोलीबारी की भी खबर है। नई दिल्ली में श्रीलंकाई कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने भी श्रीलंकाई सरकार के विदेश मंत्रालय के समक्ष यह मामला उठाया है। मछली पकड़ने के जहाज पर सवार 13 मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं और जाफना टीचिंग अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आईं हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल जाकर मुलाकात की है और उन्हें तथा उनके परिवार वालों को सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्रालय का कहना है कि भारत सरकार ने हमेशा मानवीय तरीके से मछुआरों से संबंधित मुद्दों के समाधान की आवश्यकता पर बल दिया है। किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग अस्वीकार्य है।

## क्रिस मार्टिन अपनी गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड अभिनेता डकोटा जॉनसन के साथ प्रयागराज पहुंचे

**अहमदाबाद**। मुंबई में धूम मचाने के बाद ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले ने 26 जनवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन के बाद अपना भारतीय दौरा समाप्त किया। अपनी आवाज से पूरे देश में धूम मचाने के बाद गायक अब प्रयागराज महाकुंभ पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय गायक और उनकी गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड अभिनेता डकोटा जॉनसन के महाकुंभ 2025 के दौरान प्रतिष्ठित संगम नदी में पवित्र डुबकी लगाने की उम्मीद है। दरअसल कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने अहमदाबाद में आयोजित कॉन्सर्ट में वंदे मातरम और माँ तुझे सलाम जैसे क्लासिक गाने गाकर 76वें गणतंत्र दिवस पर भारत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दर्शकों ने उनके भावपूर्ण प्रदर्शन को खूब सराहा और उत्साहपूर्ण तालियों और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। एक खास अंदाज में मार्टिन ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को एक गाना समर्पित कर कहा, ओ बुमराह, मेरे खूबसूरत भाई।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार को




**एजेंसी । रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार, 29 जनवरी को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से मंगलवार को सूचित किया गया है कि कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती महोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा



**एजेंसी । रांची।** राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के तत्वाधान में बुधवार (29 जनवरी) को अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा करेंगे तथा मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति के प्रमुख संचालिका वी. शांता कुमारी होंगी।

### रंगदारी मांगने आए नक्सलियों की ग्रामीणों ने की पिटाई, एक की मौत



**एजेंसी । लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बारी रामपुर गांव में लेवी वसूलने आये नक्सलियों की ग्रामीण और मजदूरों ने जमकर धुनाई कर दी। इस घटना में एक नक्सली की मौत हो गई । मृत नक्सली की पहचान अभय उर्फ किशोर नायक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात लगभग सात की संख्या में उग्रवादी हथियार के साथ ईंट भट्ठों से रंगदारी वसूलने रामपुर गांव गए थे। यहां एक भट्ठा में रंगदारी को लेकर नक्सलियों ने संचालक और मजदूरों के साथ मारपीट कर दी। इससे मजदूर आक्रोशित हो गए और नक्सलियों से भिड़ गए। मजदूरों के उग्र रूप को देखकर नक्सली फायरिंग कर भागने लगे। परंतु मजदूर और ग्रामीणों ने तीन नक्सलियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। इधर स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी। जिसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और नक्सलियों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घायल उग्रवादी अभय नायक को चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया परंतु इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि रंगदारी मांगने गए नक्सलियों के द्वारा मजदूर और भट्ठा संचालक के साथ मारपीट करने से मजदूर नाराज हो गए थे। एसपी ने कहा कि मृत नक्सली के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### डीडीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए कई निर्देश



**एजेंसी । रामगढ़।** रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान डीसी ने कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीडीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के जरिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं। योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले में अन्य पर्यटन स्थलों को चयनित कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

# बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**एजेंसी । रांची**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कंपटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पटमदा की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कंपटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कंपटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि नेशनल स्कूल बैंड कंपटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया था। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो।

## रांची विवि का दीक्षांत समारोह 7 मार्च को, 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल




**एजेंसी । रांची**

रांची विश्व विद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह सात मार्च को होगा। मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार होंगे। समारोह में स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों के 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इनमें 15 मेडल स्पांसर होंगे। विवि प्रशासन ने मंगलवार को बताया गया कि मेडिसिन में ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री, मेडिसिन एमडी तथा काउंसलिंग इन साइकोलॉजी के अवार्ड की घोषणा रिजल्ट जारी नहीं होने के कारण नहीं की जा सकी है। जारी लिस्ट में अगर किसी विद्यार्थी को कोई आपत्ति है, तो वे 31 जनवरी तक अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ परीक्षा नियंत्रक के पास दर्ज करा सकते हैं। कुल 77 में अब तक 59 मेडल लड़कियों के नाम है।

## हेमंत सरकार अविलंब प्रयागराज में नोडल अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्ति करे : प्रतुल शाह देव

**एजेंसी । रांची**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना सनातन विरोधी चेहरा दिखा दिया है। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हो रहा है। करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड की हेमंत सरकार ने इस अवसर पर प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि अनेक राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। साथ ही अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है। राज्यों ने अपने यहां से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने-पीने, भोजन आदि की व्यवस्था का भी ध्यान रखा है लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही है। झारखंड सरकार ने इस अवसर पर कोई विशेष व्यवस्था झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए नहीं की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मांग की है कि अभी भी महाकुंभ में 26 दिन का समय बचा हुआ है। राज्य सरकार अविलंब झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज में अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करे और श्रद्धालुओं को उचित सुविधा देने का कार्य करे। राज्य सरकार अपने स्तर से विशेष बस सेवा को भी बहाल करे। शाह देव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरीके से कुंभ मेला और सनातन विरोधी बयान दिया, वह इंडी गठबंधन की सनातन विरोधी सोच को दिखाता है। झारखंड सरकार भी कांग्रेस के समर्थन से ही चल रही है। लिहाजा ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस की मानसिकता के अनुसार ही झारखंड सरकार ने महाकुंभ को नजरअंदाज करने का काम किया है।

## विधायक डॉ नीरा यादव ने संगम में लगाई डुबकी, कहा - अद्भुत और अद्वितीय

**एजेंसी । कोडरमा,**



स्थानीय विधायक और झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने अपने परिजनों और समर्थकों के साथ संगम में डुबकी लगाई। विधायक डॉ नीरा यादव सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं। वे महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास के शिविर पहुंचने पर कई लोगों ने उनका स्वागत किया। संगम में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और मां गंगा की पूजा आराधना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दिव्य है और यूपी सरकार की व्यवस्था भी अद्भुत है। लाखों करोड़ों की भीड़ के बाद भी निरंतर साफ सफाई तो वहीं लोगों को कोई परेशानी नहीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आकर और संगम में डुबकी लगाकर धन्य महसूस कर रही हूं। पवित्र गंगा जल में सदियों से साधु, संत और महात्मा आते रहे हैं। महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दर्शाता है। धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस जुटान में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा मौका जीवन में कभी कभी ही मिलता है, सभी सनातनियों को महाकुंभ में पवित्र संगम स्नान करना चाहिए। विधायक के साथ उनके पति विजय यादव, पुत्र हर्षित कृष्ण के अलावा रमेश प्रसाद यादव, संजीव समीर, धर्मेंद्र कुमार बंशी, बिनोद कुमार मुन्ना, महेंद्र यादव, उमा देवी, सुशीला देवी, रूपा देवी, मधु कुमारी, ललिता देवी, कविता देवी, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, उत्तम कुमार, रंजन कुमार, राजू चौधरी, नीलेश उर्फ निक्कू आदि ने भी पवित्र संगम में डुबकी लगाई। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंगलवार को विधायक की ओर से दी गई।

## टेरर फंडिंग मामला: एनआईए की छापामारी में बरामद पैसे वापस दिलाने की मांग वाली सुदेश केडिया की याचिका खारिज

**एजेंसी । रांची**




टेरर फंडिंग केस के आरोपित सुदेश केडिया को मंगलवार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केडिया की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने वर्ष 2018 में एनआईए की छापेमारी में उसके आवास और कार्यालय से एजेंसी के जरिये बरामद किये गये 9 लाख 95 हजार रुपये वापस करने की मांग की थी। यह मामला चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआईए की छापेमारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये उनके व्यवसाय का है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी इसलिए एनआईए के जरिये बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये को उन्हें वापस दिलाया जाए लेकिन हाई कोर्ट ने जब्त पैसे रिलीज करने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में कई आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है। एनआईए ने जांच के दौरान यह पाया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था। टेरर फंडिंग मामले के आरोपितों में आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, टीपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी, क्षेत्रीय कमांडर ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, भीखन गंझू उर्फ दीपक गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, मुनेश गंझू, बीरबल गंझू, मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, कोहराम एवं अनिश्चय गंझू शामिल हैं।

## जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका: बाबूलाल मरांडी

**एजेंसी । रांची**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा कि हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि छात्रहित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि राज्य के छात्रों को ऐसी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह है कि वे छात्रहित में इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें।

## रामगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की उठाई गई मांग

**एजेंसी । रामगढ़**



धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में रामगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की मांग उठाई गई। मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में आयोजित बैठक में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान कहा गया कि पतरातु में टोकीसूद रेलवे लाइन के अंतर्गत (किरीगढ़ा) पहले से रेल लाइन है। गांव की दूसरी छोर से एक और रेलवे लाइन एनटीपीसी के लिए प्रस्तावित है। इससे किरीगढ़ा गांव रेलवे लाइन से चारो ओर से घिर जाएगा। इसलिए जहां पर पूर्व से रेलवे लाइन है,वहां पर्याप्त जमीन भी है। ग्रामीणों की सुविधा और रेलवे की जमीन भी अधिग्रहण नहीं करना पड़ेगा। वहीं पर रेलवे लाइन निर्माण कराया जाए। रांची रोड स्टेशन के समीप मरार में पोल संख्या 92/8 से 92/9 के बीच फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। ग्राम सेवटा,बरकाकाना से गोमो जंक्शन रूट नंबर 32/बी 1 टी के समीप ओवर ब्रिज बनाया जाए। आसनसोल से हटिया इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर -22350,22349) का बरही स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। साथ ही इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। गया मुंबई ट्रेन नंबर 22357,22358 सप्ताह में मात्र एक दिन चलता है। इसे सप्ताह में कम से कम दो दिन किया जाए और इसका स्टॉपेज बरही स्टेशन में दिया जाए। भोपाल- हावड़ा ट्रेन नंबर - 13025,13026 अहमदाबाद कोलकाता ट्रेन नंबर 19413,19414 का रांची रोड स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना रेलवे लाइन को डबल लाइन किया जाए। बरकाकाना जंक्शन में वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 100 से ज्यादा दुकानदारों को हटाया जा रहा है। उन लोगो को इस परिसर में दुकान का निर्माण कर आवंटित किया जाए। हजारीबाग में ट्रेनों की साफ सफाई एवं अन्य कार्य के लिए कोचिंग डिपो का टेंडर हो गया है, इस कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। हजारीबाग से कोलकाता ,दिल्ली और वेल्लोर के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है। यहां से कोलकाता दिल्ली और वेल्लोर के लिए ट्रेन सेवा शुरू किया जाए। बगोदर सरिया विष्णुगढ़, टाटी झरिया, दारू और सदर प्रखंड का आबादी लगभग 5 लाख है। यहां की इतनी बड़ी आबादी के लिए नई रेलवे लाइन का निर्माण आवश्यक है।कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन नंबर 53371,53372,53373,53374 में तीन चार बोगी ही रहता है। इसमें बोगी की संख्या बढ़ाई जाए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि ने रेलवे साइडिंग में चारकोल मिक्सिंग और प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया। इस पर बेहतर कार्रवाई करने की अपील की। बैठक में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, जीएम रेलवे हाजीपुर जोन छत्रसाल सिंह,डीआरएम धनबाद कमल किशोर सिन्हा,एडीआरएम धनबाद,सीनियर डीसीएम,मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निर्माण सहित रेलवे विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 29 जनवरी, 2025



संक्षिप्त समाचार

## जेईई मेन- 1 : बोकारो में 671 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 22 रहे अनुपस्थित

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए जारी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र के तहत मंगलवार को बोकारो के दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 671 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, कुल 693 परीक्षार्थियों में से 22 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे।

एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 123 में 117 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 06 अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र में दूसरी पाली में कुल 130 में 126 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 04 अनुपस्थित रहे। वहीं, अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 220 में 214 कैंडिडेट ने परीक्षा दी, जबकि 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी यही आंकड़ा रहा। कुल 220 में 214 ने परीक्षा दी और 06 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण चल रही हैं। कहीं से भी कदाचार या अन्य गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं है। बुधवार (29 जनवरी) को आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में 114 और दूसरी में 115 कैंडिडेट शामिल होंगे। जबकि, चिकसिया (चास) स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में दोनों ही पालियों में 220-220 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## डीवीसी बोकारो थर्मल में कामगारों और सप्लाई कर्मियों का विभागीय तबादला

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया के निर्देश पर मंगलवार को प्रबंधक एचआर सुनील कुमार के हस्ताक्षर से कामगारों और सप्लाई कर्मियों के विभागीय तबादले किए गए। जिन कर्मियों का तबादला किया गया, उनमें एचआर विभाग के रवि चंद्र कुमार को भू-संपदा विभाग, वरीय जीएम कार्यालय के विवेकानंद कुमार को एचआर, एचआर के शाहिद इकराम को सेंट्रल स्टोर, सेंट्रल स्टोर के अर्घा बासु को भू-संपदा विभाग, विजिलेंस के शकील अहमद को एमएस वन, एमएस वन के पीके बाला को इएमपीसी, फ्यूल विभाग के खलासी मोती रजवार को ऐश पौंड वे ब्रिज, रामजतन को विजिलेंस से एचआर, मेहिलाल प्रजापति को एचआर से डीवीसी जमा दो विद्यालय, ऐनुल हक को भू-संपदा विभाग से वरीय जीएम सह एचओपी कार्यालय, दिनेश प्रसाद को एमएस वन, तुलसी राम को ऐश पौंड वे ब्रिज और सुब्रतो पाल को इएस वन कार्यालय में तबादला किया गया है। इसके अलावा, सप्लाई मजदूरों में बासुदेव मिस्त्री और सुनील घांसी को फाइनेंस विभाग से भू-संपदा विभाग, एचआर के देवन घांसी और बच्चा चौधरी को निदेशक भवन, भू-संपदा विभाग के सुमन कुमार देव को इएस वन, भू-संपदा विभाग के धनजीत कुमार को वे ब्रिज और के गोपाल को डीवीसी मिडिल स्कूल में तबादला किया गया है।

## मोर्चा के कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मलः** बोकारो थर्मल पावर प्लांट स्थित सप्लाई मजदूरों की यूनियन, असंगठित मजदूर मोर्चा के कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मोर्चा के अध्यक्ष और सचिव को भेजे गए इस्तीफा पत्र में उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है।

## डीसी ने की बड़ी कार्रवाई, प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी के वेतन पर लगाई रोक

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः चतरा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लावालौंग के लेखापाल को लगाई फटकार, कहा कार्यशैली में लाएं सुधार, नहीं तो हम सुधार देंगे।समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लावालौंग के लेखापाल द्वारा कम व्यय किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिया गया कि अपने कार्यशैली में सुधार लायें।

उपायुक्त ने प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, कुन्दा, प्रतापपुर, गिद्धौर, हंटरगंज, चतरा एवं पत्थलगडा से सभी कार्यक्रमों में बेहतर उपलब्धि नहीं होने पर कारण पृच्छा करते हुए वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया। 10 दिनों के अंदर यदि संबंधित आंकडों में सुधार नहीं होता है तो अगली बैठक में कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अगली बैठक 14-15 फरवरी को निर्धारित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखा पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## फंदे से लटक छात्रा ने की खुदकुशी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः हजारीबाग।** हजारीबाग में राजा बांग्ला स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा कोमल कुमारी (21 ) ने पंखे से फंदा लगाकर मंगलवार को खुदकुशी कर ली। यह हॉस्टल हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार के भाई शिवनंदन कुमार का है।

उल्लेखनीय है कि अशोक कुमार पर अपनी पत्नी अनीता देवी को जलाकर मारने का आरोप है और इस मामले में शिवनंदन कुमार भी अभियुक्त हैं। कोमल कुमारी विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में स्नातक की छात्रा थी और करीब पांच महीने पहले ही इस हॉस्टल में शिफ्ट हुई थी। उनके पिता अजीत

साहू हजारीबाग के एक सत्तू मिल में कार्यरत हैं। परिवार में एक बड़ी बहन और एक भाई हैं। घटना की सूचना सबसे पहले हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं ने कोमल की बड़ी बहन को दी, जिसके बाद परिवार को सूचित किया गया। पुलिस ने मृतका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिवार के अनुसार, कोमल शांत स्वभाव की लड़की थी और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उसने यह कदम क्यों उठाया।

# सीबीएसई साइंस चैलेंज में डीपीएस बोकारो का आरुष झारखंड में अव्वल

### पूरे राज्य से अकेले पाई कामयाबी, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, जागरुकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से आयोजित सीबीएसई साइंस चैलेंज 2024-25 में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा की कैटेगरी में आरुष पूरे झारखंड से इस चैलेंज को क्वालीफाई करने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। विज्ञान, पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी विषयवस्तु पर आधारित इस चैलेंज में देश के अलग-अलग प्रांतों से सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें आरुष ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन के साथ सफलता पाकर अपने विद्यालय व शहर के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि सीबीएसई प्रत्येक वर्ष कक्षा 8 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता अंतः विद्यालय एवं अंतर विद्यालय स्तर पर दो चरणों में आयोजित करता है। सीबीएसई साइंस चैलेंज में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के चुनौतीपूर्ण प्रश्न पूछे जाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने आरुष की कामयाबी को विद्यालय के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए उपलब्धि बताते हुए उसे बधाई दी। साथ ही, उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में आरुष को सम्मानित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि उसकी यह गौरवपूर्ण सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

उल्लेखनीय है कि आरुष ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। आगामी मई, 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए वह क्वालीफाई कर चुका है। इसके अलावा, रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में भी उसने शानदार सफलता पाई।

एक निजी बीमा कंपनी में अधिकारी निरंजन कुमार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) की कर्मी आरती रंजन के होनहार पुत्र आरुष को खगोलीय भौतिकी में काफी रुचि है। वह आगे चलकर इसी क्षेत्र में शोध कर एक खगोलीय वैज्ञानिक बनना चाहता है। एक बातचीत में उसने कहा कि अगर उसे मौका मिला तो वह इसरो और नासा जैसे संस्थानों में जाकर ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करेगा। दो भाइयों में बड़ा आरुष रोजाना छह से सात घंटे पूरी तल्लीनता के साथ पढ़ाई करता है। पढ़ाई के अलावा उसे गिटार बजाने और फोटोग्राफी का भी काफी शौक है।

## कसमार के त्रियोनाला में धूमधाम से हुई मड़ई जातरा पूजा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : कसमार प्रखंड अंतर्गत हिसीम पंचायत के त्रियोनाला में मंगलवार को मड़ई जातरा का आयोजन हुआ। इस दौरान विधि विधान और धूमधाम से मड़ई की पूजा हुई। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने मड़ई स्थल पर पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। इस दौरान बकरे की बलि भी चढ़ायी गयी। मौके पर झूमर नृत्य का आयोजन भी हुआ। पश्चिम बंगाल के झूमर दलों ने आकर्षक झूमर नृत्य प्रस्तुत कर ग्रामीणों को झूमने थिरकने के लिए विवश कर दिया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई चित्रगुप्त महतो ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि मड़ई जातरा हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। अपनी परंपराओं को बचाकर ही हम झारखंड की अस्मिता को सुनिश्चित कर सकेंगे। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को सजग रहने की जरूरत है। इस दौरान स्थानीय पंचायत समिति सदस्य जगेश्वर मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि फणींद्र मुंडा, सोनपुरा मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कचरा-निस्तारण की समुचित व्यवस्था बेहद जरूरी : सरयू

### बोकारो में जमशेदपुर के विधायक का समारोहपूर्वक अभिनन्दन




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक एवं दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा है कि कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था अति आवश्यक है। शहरी क्षेत्रों का कचरा और औद्योगिक इकाइयों का कचरा दामोदर को प्रदूषित किए जा रहा है। यह पर्यावरण के साथ सरासर खिलवाड़ है। श्री राय मंगलवार को बोकारो इस्पात नगर के स्थानीय सिटी पार्क में युगांतर भारती दामोदर बचाओ आंदोलन व देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट एवं बोकारो जदयू की ओर से उनके सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व बियाडा चेयरमैन अशोक चौधरी, भाजपा नेता डॉ. प्रहलाद वर्णवाल, बीएमएस के वरीय नेता व पदाधिकारी कृष्णा राय, राजीव कंठ, पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव, मधुसूदन सिंह, भाजपा धनबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार झा, जनसंख्या फाउंडेशन के बोकारो जिला महामंत्री व भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो, गोपाल साव, करमचंद गोप सहित जदयू के प्रवीण कुमार, वाल्मीकि सिंह व अन्य कार्यकर्ता तथा ट्रस्ट व युगांतर भारती से जुड़े अन्य उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता सुरेंद्र सिन्हा ने की तथा संचालन श्रवण कुमार ने किया। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कचरा निस्तारण प्लांट के निर्माण पर जोर दिया।

## बोकारो स्टील प्लांट के मेगा विस्तार योजना का अनावरण, 20,000 करोड़ का निवेश





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बोकारो स्टील प्लांट के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मेगा विस्तार योजना का अनावरण किया। इस योजना के तहत प्लांट की उत्पादन क्षमता को 5.25 एमटीपीए से बढ़ाकर 7.55 एमटीपीए किया जाएगा। परियोजना से 2,500 प्रत्यक्ष और 10,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होंगी। इसके साथ ही, प्लांट ने 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 2.67 टन प्रति टन कच्चे स्टील से घटाकर 2.2 टन करने का लक्ष्य रखा है।

मंत्री ने डीकार्बोनाइजेशन और नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देते हुए 30 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर एनर्जी, 20 मेगावाट भूमि आधारित सौर ऊर्जा और 100 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की भी घोषणा की। यह विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 एमटीपीए स्टील उत्पादन के लक्ष्य और आत्मनिर्भर भारत मिशन के अनुरूप है।

कोयला आपूर्ति में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए कुमारस्वामी ने तसरा कोयला खदान और चासनल्ला वाशरी का दौरा किया। तसरा खदान से 3.5 एमटीपीए कोकिंग कोयला और चासनल्ला वाशरी से बेहतर गुणवत्ता का कोयला उत्पादन होगा। यह परियोजना भारत को कोयला आयात पर निर्भरता कम करने और इस्पात उत्पादन में दक्षता बढ़ाने में मदद करेगी।

यात्रा के दौरान इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास राव और सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने मंत्री को संयंत्र की प्रगति और योजनाओं की जानकारी दी। इस विस्तार योजना से भारत के इस्पात उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## खूंटा में विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूता का वितरण



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के सोनपुरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खूंटा में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक व जूता का वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया चन्द्रशेखर हेंब्रम व विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गुड़िया देवी ने संयुक्त रूप से 24 छात्र छात्राओं के बीच पोशाक व जूता का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया चन्द्रशेखर हेंब्रम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पोशाक व जूता से बच्चों में भेदभाव नहीं रहेगा। सभी बच्चे बिना भेदभाव के एक ड्रेस में प्रतिदिन विद्यालय आयेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समय पर नियमित विद्यालय आने की बात कही। मौके पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद बेलाल अंसारी, शिक्षक प्रकाश चन्द दत्ता, विद्या सागर प्रमाणिक, प्रमोद कुमार नायक, फणिभूषण पांडेय सहित स्कूली बच्चे व अन्य लोग मौजूद थे।

## ज्वेलरी व्यवसायी से लूट और हत्याकांड मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका।** दुमका पुलिस ने ज्वेलरी व्यवसायी से लूट और हत्याकांड के मामले का खुलासा करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। हालांकि अब भी नामजद समेत दो अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर किया। एसपी ने बताया कि मसलिया थाना क्षेत्र के व्यवसायी से लूट और हत्या का मुख्य कारण व्यवसायी प्रतिस्पर्धा रहा है। गिरफ्तार पेशेवर अपराधियों में जामताड़ा जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी मेहबूब अंसारी, नारायणपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी साकिर अंसारी उर्फ फौजदारी एवं नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारूडीह गांव निवासी नौशाद अंसारी है। तीनों पेशेवर अपराधी जामताड़ा जिला के है। वहीं अन्य गिरफ्तार अपराधी में ज्वेलरी व्यवसायी रामचंद्र वर्मा एवं उनके पुत्र राजेश वर्मा है। एसपी ने बताया कि व्यापारिक प्रतिद्वंदीता के कारण व्यवसायी रामचंद्र वर्मा अपने पुत्रों के साथ मिलकर पेशेवर अपराधी मेहबूब अंसारी को मृतक व्यवसायी संजय राणा को ठिकाने लगाने का सुपारी दिया था। डरा- धमका कर व्यवसायी मृतक संजय राणा के मसलिया थाना क्षेत्र के आश्रम मोड़ स्थित दुकान को हटाने को लेकर साजिश रची थी। पेशेवर अपराधी मेहबूब अपने तीन अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम बीते 28 दिसंबर को देने पहुंचा। जहां मृतक संजय राणा के दुकान समेट घर जाने के दौरान घर से महज 500 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने व्यवसायी को निशाना बनाना चाहा। लेकिन संजय राणा के जरिये विरोध करने एवं अपराधियों में एक को धर दबोचने के कारण अपराधियों ने देशी कट्टा से गोली चला दिया। गोली व्यवसायी संजय राणा के कमर में लगी। इसके बाद अपराधियों ने तीन किलो चांदी का जेवर और नगदी 15 हजार रूपये लूट भागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि आरोपित व्यवसायी रामचंद्र वर्मा का आश्रम मोड़ पर जेवलर्स का दुकान है। पूर्व में दिवंगत संजय राणा का थाना क्षेत्र के रानीघाघर में भी ज्वेलर्स का दुकान चलाता था। बाद में एक अन्य दुकान आश्रम मोड़ पर खोल लिया। जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ी और व्यवसायी रामचंद्र वर्मा को व्यापार में नुकसान होने लगा। इस कारण व्यवसायी रामचंद्र वर्मा ने अपने दो बेटे के साथ मिलकर दिवंगत संजय राणा को रास्ते से हटाने की साजिश रची। साजिश को अंजाम देने के लिए पेशेवर अपराधी मेहबूब अंसारी से संपर्क साधा। पेशेवर अपराधी मेहबूब घटना को अंजाम देने में दो तरफा फायदा देख अपने साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया। लूटपाट के दौरान विरोध करने पर व्यवसायी संजय राणा को गोली मार दी। गंभीर अवस्था में घायल संजय राणा को इलाज के लिए फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में पश्चिम बंगाल के आसनसोल में दम तोड़ दिया। पुलिस मामले में साजिशकर्त्ता पिता-पुत्र और पेशेवर अपराधी समेत पांच को गिरफ्तार करने में सफल रही। वहीं घटना के एक नामजद आरोपी व्यवसायी पुत्र मुकेश वर्मा एवं पेशेवर अपराधी गिरोह का एक सदस्य समेत दो अब भी पुलिस के पकड़ से दूर है। दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी जल्द करने का पुलिस ने दावा किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, लूटे गए चांदी के जेवरात और लूट में प्रयुक्त अपाची बाईक जब्त किया गया है।

## बोकारो में इस्पात मंत्री के दौरे से जगी आशा की नई किरण : देव शर्मा

### विस्थापितों, मजदूरों की समस्याएं हल होने की जताई उम्मीद

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : सिटी पार्क में विस्थापित युवा लायंस फोर्स की बैठक मंगलवार को रंजीत महतो की अध्यक्षता और संजय रजवार के संचालन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के बोकारो आने से विस्थापितों, मजदूरों एवं पूरे बोकारोवासियों में एक नई उम्मीद की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि बीएसएल प्रबंधन को विस्थापितों ने अपना गांव, घर, खेत, खलिहान आदि सारी जमीन इसी उम्मीद से दी थी कि बीएसएल 10 मिलियन टन का स्टील प्लांट बने, जिससे उनके परिवार को स्थाई नियोजन, शिक्षा, स्वस्थ, चिकित्सा, आवास आदि की सुविधा मिलेगी तथा संविदा आदि में भी प्राथमिकता मिलेगी। लेकिन, अफसोस की बात है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लिखित वार्ता होने के बाद भी बीएसएल प्रबंधन आज ऐसा नहीं कर सका है। खासकर, जब से देश में भाजपा की सरकार आई है, बीएसएल समेत सभी पूंजीपति तथा उद्योगपति मिलकर विस्थापितों और मजदूरों का खुलेआम शोषण कर रहे हैं।

श्री शर्मा ने इस्पात मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि वह बोकारो प्लांट का विस्तारीकरण कर 10 मिलियन टन तक पहुंचाएं, अन्यथा विस्थापितों की खाली पड़ी जमीन वापस दिलाएं। विस्थापित खेती कर अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ कर लेंगे। उन्होंने स्थानीय मजदूरों को सीधी बहाली, जिन विस्थापितों को नियोजन नहीं मिला है, या जो रिटायर कर गए हैं, उनके बच्चों को सीएसआर फंड का समुचित रूप से लाभ, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताएं बहाल करने तथा बीएसएल के बंद स्कूलों को पुनः चालू करने, 10 हजार विस्थापितों को सीधा नियोजन देने की मांग की।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा RNI : JHAHIN/2014/54374 अख़बार भी, आन्दोलन भी



## संक्षिप्त समाचार

### वांछित अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तिहार

**पाकुड़** : पाकुड़ के नगर थाना क्षेत्र में एक वांछित अपराधी के घर पुलिस ने इस्तिहार चिपकाया है। अपराधी शिवाजी सिंह उर्फ सुमित सिंह, पिता- राम रंजन सिंह, ग्राम- थानापड़ा, थाना-नगर थाना, पाकुड़ के खिलाफ नगर थाना में आईपीसी की धारा 406/420 के तहत कांड 231/20 दर्ज है। पुलिस ने अपराधी के घर विधिवत इस्तिहार चिपकाकर पिता एवं स्वतंत्रत साक्षियों के समक्ष तमिला कराया और चेतावनी दी कि थाना या संबंधित न्यालय में आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार यादव और अन्य पुलिस बल मौजूद थे।



### बैक से पैसे निकाल कर लौट रहे बुजुर्ग के थैला काट कर हजारो की चोरी, जाच में जुटी पुलिस

**पाकुड़** :पाकुड़ शहर में एक बुजुर्ग महिला के साथ चूड़ी की घटना सामने आई है रुपया चुरा लिए महिला ने घर पहुंचने पर जब थैला खोला तो पता चला कि थैला कटा हुआ है और रूपईया गायब है,इसके बाद उन्होंने तुरंत आने परिवार सूचित किया, और परिजनों के साथ नगर थानेमें लिखित शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए, तत्काल जाच सुरु कर दी है।



### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया




**पाकुड़** : फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉक्टर मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जाएगा। यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

### उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना



**पाकुड़** : समाहरणालय परिसर से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रथ को उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कुष्ठ रोग के बारे में फैली भ्रांतियों के प्रति जागरूकता रथ का संचालन कर जागरूकता लाई जायेगी। जागरूकता रथ आमजन में कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान और उपचार के बारे में जागरूक करेगा। उन्होंने बताया कि जागरूकता वाहन सभी ब्लॉकों पर पहुंचेगा और कुष्ठ होने पर एमडीटी लेने, बरती जाने वाले सांवधानियों, जल्द जांच और समय से इलाज के लिए प्रेरित करेगा।

### शिविर में 322 सर्टिफिकेट केस पर 1 करोड़ 09 लाख 40 हजार 863 रूपए का निष्पादन किया गया




**पाकुड़** : ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद का मेगा शिविर का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में आयोजित की गई। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार उपस्थित थे।

### अबेध पैसे वसूली मामले में एएसआई सहित तीन जवान निलंबित

**पाकुड़** :अवैध वसूली मामले में एसपी प्रभात कुमार ने करवाई करते हुए एक एएसआई सहित तीन जवान को निलंबित कर दिया है एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध कोयला परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के दौरान सूचना मिल रही थी कि नगर थाना गश्ति दल के पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के द्वारा छापेमारी दल का सहयोग ना कर कोयला माफियाओं से पैसे उगाही की जा रही थी , इसी सूचना पर जांच कराई गई, जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में स.अ.नि. संजीव टुडू, आरक्षी 84 मनोज कुमार, आरक्षी 05 लखेंदर यादव एवं आरक्षी 360 आलोक रंजन यादव को निलंबित कर इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गई। एसपी प्रभात कुमार ने आगे ये बताया कि इस तरह का हरकत करने वाले को किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं की जाएगी सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी




# सड़क सुरक्षा माह के तहत बाईक रैली का हुआ आयोजन

*राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने हेलमेट लगाकर चलाई बाइक, जिलावासियों को हेलमेट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने का दिया संदेश....*

**पाकुड़** : सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत मंगलवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया। बाइक रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर पाकुड़ रेलवे स्टेशन तक आयोजित की गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रतिदिन विभिन्न माध्यमों से विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। रैली का उद्देश्य बाइक चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। दुर्घटनाओं के आकड़ों को देखने पर पता चलता है कि अधिकतर दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन शामिल होते हैं और जिनकी दुर्घटनाओं में मृत्यु हो रही वह हेलमेट का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं।





पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि आम जनमानस को दो- पहिया वाहन चालक व उसके साथ बैठे सहयात्री को हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना, मोटर कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का उपयोग करना, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना, वाहन चलाते समय फोन का उपयोग नहीं करना, खतरनाक ढंग से एवं तेज गति से वाहन चलाने इत्यादि जैसे सड़क सुरक्षा यातायात के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित सफर करने की अपील की।

इसके अलावा पुराना सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 10 लोगों ने पुराना सदर अस्पताल में पहुंच ब्लड दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह, 2025 के अवसर पर 10 लोगों ने अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। रक्तदान जीवन दान के समान है। दुर्घटना में चोटिल हो जाने की स्थिति में रक्त की उपलब्धता के कारण जान बचाई जा सकती है। अतः सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## 38 वे नेशनल गेम्स में पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह व प्रोनोति रानी तकनीकी पदाधिकारी के रूप में लगे भाग

**38 वे नेशनल गेम्स में उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में 45 खेलों का आयोजन किया जा रहा है.....**

**पाकुड़** : 38 वे नेशनल गेम्स मैं साइकलिंग खेल का आयोजन 28 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित हो जाएगी । नेशनल गेम्स उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में आयोजित की जा रही है। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव व झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, तथा सी.एफ.आई . कमिश्नरी प्रोनोति रानी वर्तमान में (पाकुड़ स्पोर्ट्स अकैडमी) मे प्रशिक्षशिका के रूप में कार्यरत है। दोनों को तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है।बताते चलें रणवीर सिंह जिला के पहले ऐसे खेल प्रशासन है। जिन्होंने 2011 से राष्ट्रीय खेलो,अंतरराष्ट्रीय ,एशियाई खेल, खेलो इंडिया जैसे प्रतियोगिता में विभिन्न पदों में नामित हुए हैं। उत्तराखंड के रुद्रपुर तथा भीमताल मैं साइकिलिंग खेल के रोड, ट्रैक, माउंटेन बाइक स्पर्धा आयोजित की जा रही है। दोनों नामित तकनीकी पदाधिकारियों को झारखंड साइकलिंग अध्यक्ष सह झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक, पाकुड़ जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार , पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष सह अध्यक्ष पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ अम्लान कुसुम सिंहा, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष अर्धन्दु शेखर गांगुली, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल,जिला एथलेटिक्स संघ,उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी , नारायण चंद्र रॉय, प्रशिक्षक अक्षय बावरी,कृष्णा कुमार, ,प्रवीण कुमार,दीपक सिंह,समेत संघ के पदाधिकारीयों ने बधाई दी।





## झामुमो स्थापना दिवस को लेकर झामुमो पाकुड़िया की बैठक संपन्न

**पाकुड़िया** : झामुमो प्रखंड कार्यालय पाकुड़िया में मंगलवार को पाकुड़िया संयोजक मंडली के सदस्य मोतीलाल हांसदा की अध्यक्षता मे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी दो फरवरी को दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा स्थापना दिवस को लेकर चर्चा किया गया । इसमें प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष ,सचिव तथा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।बैठक में आगामी 2 फ़रवरी झामुमो स्थापना दिवस सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया साथ ही दुमका में पार्टी की स्थापना दिवस को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को दुमका ले जाने का जिम्मेदारी पंचायत एवं गांव स्तर के कार्यकर्ताओं को सौंपा गया साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी दी गयी। जिला संयोजक मंडली सदस्य देवीलाल हंसदाक ने कहा कि इस बार सबसे अधिक संख्या में कार्यकर्ता दुमका पहुंचेंगे कहा कि स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से कहा की आप सब अधिक से अधिक लोगों को दुमका ले जाने का कम करेंगे।साथ ही सदस्यता रशीद का वितरण कार्यकर्ताओं के बीच किया गया।।इस अवसर पर जिला संयोजक मंडली सदस्य हरिवंश चौबे, मैनुद्दीन अंसारी, अशोक भगत खुर्शीद आलम,कलम मुर्मू, निवारण मरांडी, कालिदास टुडू, महलईल अंसारी, अली मुहम्मद , मंजर आलम , नजरुल इस्लाम, अब्दुल बनीज, सुबासिनी मुर्मू , रिफाइल मुर्मू, छोटू भगत , नेगार अंसारी, लालबाबू अंसारी, कुबराज मरांडी, आबेद अंसारी, विश्वाजीत दास, दिनेश जायसवाल , मंटू भगत, लालबाबू शेख, नेजाम अंसारी , सूरज रविदास, बिनोद भगत , विश्वनाथ मुर्मू, एनोस मुर्मू, नरेश हांसदा ,समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे ।



## सोहराई पर्व धूमधाम से मनाया गया



**पाकुड़** : पाकुड़ जिला के अंतर्गत दादपुर पंचायत के पोखरिया गांव में सोहराई पर्व काफी धूम धाम से मनाया गया ।अथवा बहुत सारे कार्यक्रम भी रखा गया है। जिसमे प्राइज भी है।सोहराई पर्व आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार है। सोहराय पर को लेकर पूरे संथाल क्षेत्र में उत्साह का माहौल है संथाल मांदर कि थाप से गूंज रहा है। 5 दिनों तक मनाया जाने वाला शहर पर्व आदिवासी संथाल समाज का सबसे बड़ा पाव कहा जाता है 5 दिनों तक इस आदिवासी समाज के लोग अपने देवी देवताओं की पूजा करते हैं कृषि उपकरण और मवेशियों की पूजा करते हैं। नाश्ते गाते हैं पांच दिनों तक माहौल उत्साह से भरा रहता है यह पर्व भाई बहन के अटूट बंधन के प्रेम को भी दर्शाता है कहा जाता है कि इस सोहराय पर्व में भाई अपनी बहन के घर जाता है और उसे ससुराल आने का निमंत्रण देता है निमंत्रण स्वीकार करने के बाद भाई-बहन अपनी मायके आकर सोहराय पर मना ती है। सारे गांव वासी के साथ में मानसिंह सोरेन सुनीराम किस्कू संजय सोरेन ग्राम प्रधान किशुन सोरेन आदि मौजूद रहे तथा शांति पूर्वक से समापन भी किया गया।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**पाकुड़** : आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित मामले, अबुआ आवास, चौकीदार आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।



- **जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकताः उपायुक्त....**
- **ऑन स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन...**

## लाला लाजपत राय जयंती समारोह में सम्मानित किए गए एन सी सी एवं सांस्कृतिक संध्या में प्रथम आने वाले छात्र गण

**पाकुड़** : स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल पाकुड़ के प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जयंती समारोह बहुत धूम धाम से मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने लाला लाजपत राय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले क्रांतिकारियों का लिस्ट लाला लाजपत राय के बिना अधूरी है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर संपूर्ण भारत में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने वाले महान क्रांतिकारी , मां भारती के अमर सपूत "पंजाब केसरी" के रूप में विख्यात लाला लाजपत राय की जयंती पर पूरा डी ए वी परिवार उन्हें कोटि कोटि नमन करता है।

कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में पाकुड़ जिला के रानी ज्योतिर्गमय स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल डी ए वी के एन सी सी के कैडेटों के प्रथम स्थान हासिल करने पर प्राचार्य ने सभी बच्चों को बधाई दी एवं ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पाकुड़ जिले में आयोजित 15 विद्यालयों परेड टीम शामिल हुए जिसमें सभी को पीछे छोड़ते हुए डी ए वी के एन सी सी के कैडेटों ने प्रथम स्थान हासिल किया । इन विजेताओं को झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव द्वारा सम्मानित किया गया था।

वहीं जिला प्रशासन पाकुड़ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में सीनियर वर्ग में डी ए वी पब्लिक स्कूल ने नारी शक्ति का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया जिन्हें पाकुड़ के उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। इस टीम को आज विद्यालय के प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने सम्मानित किया।



## 28 संकुल संगठनों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण का आयोजन



**पाकुड़**: पाकुड़ जिला में संचालित झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत चल रहे जिला की सभी 28 संकुल संगठनों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया है । इस कार्यशाला को जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा के देख रेख में किया जा रहा है । 28 संकुल संगठनों के अध्यक्ष सचिव एवं छह प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिला के सभी 28 संकुल संगठनों के पदाधिकारीयों का संकुल संगठनों के सभी खाताबही का संधारण एवं संकुल संगठनों के द्वारा संचालित, सभी गतिविधियों का कार्य योजना तैयार करना है, साथ ही सामाजिक समावेशन, वित्तीय समावेशन एवं आजीविका से संबंधित सभी गतिविधियों का विस्तार पूर्वक चर्चा करना है।

ये कार्यशाला प्रत्येक साल की भांति इस साल भी किया जा रहा है। इस कार्यशाला में जिला से जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सभी थीम के जिला प्रबंधक शुभम कुमार, रीता कुमारी, श्वेता सिंह,आशीष रंजन, रूमा एवं पाकुड़िया प्रखंड से वासुदेव प्रसाद साहा एवं राजीव कुमार मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दलमा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी के गेट पर पर्यटकों का स्वागत करेंगे विशालकाय हाथी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी का लगातार विकास चल रहा है। इसके इंट्री प्वाइंट को सजाया और संवारा जा रहा है। इसके तहत एक बड़ा स्ट्रक्चर हाथी का गेट पर लगाया जा रहा है। इसको लेकर क्रेन की मदद से इस बड़े हाथी को यहां खड़ा किया गया। आगंतुकों के लिए यह हाथी तैयार किया गया है, ताकि लोग यहां खड़ा होकर सेल्फी ले सके। इसको दो क्रेन की मदद से एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। इंट्री प्वाइंट में ही इसको स्थापित किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में लगातार आगंतुकों की संख्या बढ़ी है। इस वजह से इसको नये सिरे से तैयार किया जा रहा है।

### लुगू पहाड़ के जंगल से युवती का शव बरामद

**महुआटांड़, एजेंसी।** ललपनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुगू पहाड़ जंगल में रविवार को एक युवती (17 से 19 वर्ष) का शव मिला है। मृतका की पहचान नहीं हो पायी है। उसका चेहरा पत्थर से कुचल दिया था। सूचना पर महुआटांड़ थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और छानबीन की। शव दोरबार चट्टानी स्थित लुगू बुरु मार्ग के तोरणद्वार से करीब एक किमी आगे पहाड़ी के ऊपर मार्ग से बायीं ओर करीब 50 मीटर अंदर जंगल में था। अनुमान है कि हत्या दो-तीन दिन पहले की गयी है। शव के पास से एक पत्थर बरामद किया गया, जो खून से लथपथ है। दुष्कर्म की आशंका भी जतायी जा रही है। शव के पास से शराब और पानी का बोतल, ग्लास, दो मोबाइल चार्जर और गुलाबी रंग का एक लेडीज बैग बरामद किया गया है। पुलिस ने पंचनामा बना कर शव अपने कब्जे में लिया और पहाड़ी से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव को बीजीएच बोकारो के मर्चरी में रखवाया गया है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, चचेरा भाई गंभीर

**धनबाद, एजेंसी।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड रतनपुर के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार इंजमाम अंसारी (25) की मौत हो गयी। जबकि उसका चचेरा भाई शहबाज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जीटी रोड पर रतनपुर में खालसा होटल के पास सोमवार की सुबह 9।30 बजे हुई। मृतक गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सरकारडीह गांव निवासी मोनाजरुल अंसारी का पुत्र था। मोनाजरुल सरकारी स्कूल में सहायक अध्यापक है। मृतक की शादी नहीं हुई थी। वह मटियाला पंचायत के पूर्व मुखिया मोजाहिद अंसारी के पुत्र शहबाज अंसारी के साथ बाइक से पंचेत पावर हाउस ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक एक ट्रेलर की चपेट में आ गये। मौके पर ही इंजमाम की मौत हो गयी। वहीं उसके साथ बैठा चचेरा भाई शहबाज घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने रोड जाम कर दिया है। गोविंदपुर के थाना प्रभारी मो रुस्तम अली पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी, मोजाहिद अंसारी व जाकिर अंसारी, बेलाल अंसारी, मोकीम अंसारी, अताउल अंसारी आदि पहुंचे। मोबिन अंसारी ने अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के परिवार को पूरी सहायता दी जायेगी। इसके बाद सड़क जाम हटा। रोड जाम लगभग एक घंटा तक रहा। जाम में कई एंबुलेंस भी फंसे थे।

### कोहिनूर मैदान वेंडिंग जोन के 172 दुकानों का रजिस्ट्रेशन रद्द, नये सिरे से होगा आवंटन

**धनबाद, एजेंसी।** कोहिनूर मैदान स्थिति वेंडिंग जोन में आवंटित 172 दुकानों का आवंटन रद्द कर दिया गया है। अब नये सिरे से दुकानों को आवंटन होगा। वेंडिंग जोन के आसपास फुटपाथ दुकानदारों को प्राथमिकता दी जायेगी। नगर निगम अधिकारी के मुताबिक वेंडिंग जोन में 192 दुकानें है। इसमें 172 दुकानों को आवंटित किया गया था। 11 माह में दुकानों का नवीकरण करना था, लेकिन दुकानदार शिफ्ट नहीं हुए। इस वजह से उन्होंने दुकानों का नवीकरण नहीं कराया। लिहाजा 172 दुकानों का आवंटन रद्द कर दिया गया। वेंडिंग जोन की इंट्री प्वाइंट को लेकर थोड़ी समस्या आ रहा है। कोर्ट रोड से वेंडिंग जोन के मुख्य द्वार तक 20 फीट की सड़क बनाने की कवायद चल रही है। उपायुक्त से इस संबंध में बातचीत चल रही है। जल्द ही इसका निराकरण हो जायेगा। शहर की सड़कों के किनारे की सभी फुटपाथ दुकानों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया जायेगा। यहां 192 दुकानें है। इसके अलावा वेंडिंग परिसर में खाली जमीन पर भी फुटपाथ दुकान लगवाने पर विचार किया जा रहा है। वेंडिंग जोन में हर सेगमेंट की दुकानें लगायी जायेगी। इसकी सूची तैयार की जा रही है। फल, सब्जी के अलावा मांस-मछली-अंडा की भी दुकानें होगी। वेंडिंग जोन के खाली परिसर में खाने-पीने के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। कोहिनूर मैदान स्थित वेंडिंग जोन को नये सिरे से चालू कराया जा रहा है। इसका ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है।

### एनएसयूआइ ने रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

**रांची, एजेंसी।** नीड बेस्ड, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए इतिहास एवं राजनीति विज्ञान के मेरिट लिस्ट को शुद्ध कर जल्द सभी आवेदकों के नाम को मेरिट लिस्ट सूची में जोड़कर एवं मेरिट लिस्ट निकालने की मांग तुल पकड़ती जा रही है। इसे लेकर सोममार को एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ। गुरु चरण साहू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंजल ने कुलसचिव को नीड बेस्ड साक्षात्कार एवं नियुक्ति संबंधी ज्ञापन सौंपा।

# दुर्भाग्य है कि छात्रों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा

## बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को जेपीएससी और जेएसी के मुद्दे पर घेरा



**रांची, एजेंसी।** जेपीएससी और झारखंड एकेडमिक काउंसिल दोनों ही महत्वपूर्ण आयोग में अध्यक्ष का पद खाली है। जेपीएससी चेयरमैन का अध्यक्ष का पद तो बीते 6 माह से खाली है। जबकि जैक अध्यक्ष का कार्यकाल भी हाल ही खत्म हुआ है। अब इस मामले में बाबूलाल मरांडी ने भी राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि छात्र हित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन छात्रों का दुर्भाग्य है कि ऐसी अनिश्चितता का सामना करना पड़ा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जैक अध्यक्ष का पद खाली होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक- इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी।

बाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि वे जल्द से जल्द रिक्त पदों पर नियुक्ति सुनिश्चित करें।

## जैक बोर्ड 2025 : 21 लाख से अधिक बच्चों की तैयारियां हो रही हैं प्रभावित, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद है खाली




**रांची, एजेंसी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) में 18 जनवरी को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से उक्त दोनों पद खाली पड़े हैं। इस वजह से जैक द्वारा प्रस्तावित परीक्षाओं के आयोजन पर संशय खड़ा हो गया है। 8वीं से 12वीं तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में 21,84,248 बच्चों को शामिल होना है। परीक्षा के आयोजन पर संशय से इन बच्चों की परीक्षा की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं।

अपरिहार्य कारण बताते हुए जैक ने 8वीं और नौवीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी है। अब 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा के आयोजन को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। मैट्रिक बोर्ड का एडमिट कार्ड 25 जनवरी से डाउनलोड होना था, जो सोमवार तक डाउनलोड नहीं हो सका। वहीं, 12वीं (इंटर) की वार्षिक परीक्षा के 28 जनवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड होना है।

आशंका है कि 12वीं का भी एडमिट कार्ट डाउनलोड नहीं हो पायेगा। बताया जाता है कि अगर प्रवेश पत्र निर्धारित समय में डाउनलोड नहीं होता है, तो परीक्षा संबंधी कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं और परीक्षा बाधित होने की संभावना बढ़ जाती है। प्रवेश पत्र का मिलान शिक्षण संस्थान अपने रिकॉर्ड से करते हैं कि किसी विद्यार्थी का प्रवेश पत्र छूटा तो नहीं है, किसी में त्रुटि तो नहीं है। इसका संधारण पंजी में किया जाता है और संबंधित छात्र-छात्राओं को दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में समय लगता है। सीबीएसइ, आइसीएससी की भी परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित बहुत सी परीक्षाएं होनेवाली हैं। अगर परीक्षा तिथि में बदलाव होगा, तो अन्य परीक्षाओं की तिथि से टकराव होने की आशंका बढ़ जायेगी।

## झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी: खाने में निकला चूहा, 20 छात्राओं को हुई उल्टी, दो रिम्स में भर्ती




**रांची, एजेंसी।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची (सीयूजी, रांची) के हॉस्टल में रह रहे छात्रों के लिए 27 जनवरी की रात कभी ना भूलने वाली रात साबित हुआ। रात के खाने में मरा हुआ चूहा निकला। खाना खाने के बाद हॉस्टल के 20 छात्रों को उल्टी होने लगी। 2 छात्रों की स्थिति खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है।

खाना में मरा हुआ चूहा निकलने के बाद छात्र गुस्से में आ गए। आक्रोशित छात्रों ने रात के 1।00 बजे तक हंगामा किया। छात्रों ने तोड़फोड़ की। आक्रोशित छात्र एडमिन ब्लॉक के सामने धरने पर बैठ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस हॉस्टल पहुंची। पुलिस ने हॉस्टल के मेस सुपरवाईजर पूरन महतो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के समझाने पर छात्रों ने धरना समाप्त किया।

छात्रों का कहना है कि भोजन के लिए वह प्रति माह 2600 रुपया देते हैं। बदले में खराब भोजन परोसा जाता है। सोमवार की रात भी करीब 8।00 बजे छात्रों को भोजन परोसा गया। कुछ छात्र खाना खा रहे थे। इसी दौरान खाने से मरा हुआ चूहा का बच्चा निकला। जिसके बाद छात्रों ने भोजन करना बंद कर दिया। सीयूजी रांची में अव्यवस्था की यह पहली खबर नहीं है। इससे पहले भी सीयूजी रांची के हॉस्टल में अव्यवस्था की खबरें आती रही हैं। छात्रों के द्वारा भी सीयूजी प्रशासन को लगातार शिकायत की जाती है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती है।

# नहीं मिल रहे 2500 रुपये, मंईयां सम्मान योजना में आई दिक्कत



**साहिबगंज/गोड्डा, एजेंसी।** बोरियो प्रखंड की मदनशाही पंचायत के कबूतरखोपी की दर्जनों महिलाएं मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित हैं। दर्जनों महिलाओं ने बीडीओ से मिलकर अपनी शिकायत की।

किरण देवी ने बताया कि उसने मंईयां सम्मान योजना के तहत 12 अगस्त 2024 को आवेदन किया था, जिसकी प्राप्ति रसीद भी है, लेकिन छह माह बीत जाने के बावजूद अब तक एक भी माह की राशि उपलब्ध नहीं हो सकी है।

मिनती देवी, किरण देवी व बबली देवी ने बताया कि बीते कई माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन कोई आश्वासन नहीं मिल रहा है। कबूतरखोपी से बोरियो प्रखंड आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैसा भी खर्च होता है।

नाजरीना खातून ने कहा कि कई बार प्रखंड आकर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सकीना खातून ने कहा कि जब सरकार को मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभ नहीं देना था तो इसे बंद कर देना चाहिए।

गोड्डा के प्रखंड सभागार में सोमवार को बीडीओ सह सीओ अभिनव कुमार ने दो अलग-अलग बैठक की। पहली बैठक मुखिया, पंचायत सचिव व आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ की। इसमें मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन के प्रगति कार्य पर विस्तार से चर्चा की। सत्यापन का कार्य अब तक शत प्रतिशत पूरा नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

इसे लेकर और अतिरिक्त तीन दिन का समय दिया गया। साथ ही किसी भी परिस्थिति में यहां की बेटी जो ब्याह कर ससुराल चली गई है। उसका सत्यापन नहीं करने की नसीहत दी। साथ ही पंचायत सचिव को हीं आवश्यक दस्तावेज में राशन कार्ड, वोटर आई कार्ड, आधार कार्ड और निवासी प्रमाण पत्र के रूप में मुखिया और ग्राम प्रधान से अनुशंसित पत्र के साथ हीं सत्यापन करने का निर्देश दिया।

इसमें आंगनबाड़ी सेविका और मुखिया से केवल सहयोग लेने की बात कही। आंगनबाड़ी सेविका द्वारा सत्यापन के नाम पर लाभार्थियों से अपने पास दस्तावेज जमा लेने की शिकायत पर कहा कि सेविका के पास दस्तावेज जमा नहीं करना है। बल्कि प्रपत्र पर सेविका से पहचान कराने के उपरांत हर हाल में पंचायत सचिव से ही सत्यापन करने का निर्देश दिया।

सेविका के पास दस्तावेज जमा कराने वाले पंचायत सचिव को कडी फटकार लगाते हुए अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया। कहा कि हर हाल में पंचायत सचिव को ही मंईया सम्मान योजना के लाभार्थी का सत्यापन करना है। दूसरी बैठक मुखिया और पंचायत सचिव के साथ की।

## गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और उसकी पत्नी रिया की संपत्ति जब्त करने की तैयारी में पुलिस और एटीएस

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस और एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) जेल में बंद गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और उसकी पत्नी समेत गैंग के सदस्यों और करीबी लोगों की संपत्ति की जानकारी जुटा रही है। अलग-अलग जगहों पर किये गये निवेश का ब्यौरा जुटा रही है। पुलिस और एटीएस को मिली जानकारी के मुताबिक सुजीत सिन्हा और उसकी पत्नी रिया सिन्हा ने रांची,पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार जिले में संपत्ति खरीदी है। यह संपत्ति रिया सिन्हा और गैंग से जुड़े लोगो के नाम पर खरीदी गई है। जिसमें कुछ सफेदपोश लोग भी शामिल है।

### सुजीत की पत्नी के नाम रांची के पॉश इलाके में आलीशान फ्लैट


पुलिस को यह जानकारी मिली है कि सुजीत सिन्हा गैंग ने रंगदारी और लेवी से मिली बड़ी राशि को जमीन और अन्य अचल संपत्ति में निवेश किया है। सुजीत की पत्नी के नाम पर रांची के पॉश इलाके में एक आलीशान फ्लैट है और उसके नाम पर कई बैंक अकाउंट भी हैं। उन बैंक अकाउंट के जरिये हुए ट्रांजेक्शन की डीटेल पुलिस निकाल रही है। संपत्ति की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और एटीएस सभी संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई कर सकती है।



### कोयला,जमीन और रियल स्टेट कारोबारी, ट्रान्सपोर्टर संगठित आपराधिक गिरोहों के निशाने पर

दरअसल झारखंड में कोयला कारोबारी,ज़मीन और रियल स्टेट कारोबारी और ट्रान्सपोर्टर संगठित आपराधिक गिरोहों के निशाने पर हैं। राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार सहित अन्य जिलों के कोयला कारोबारियों को लगातार धमकियां मिल रही हैं। रंगदारी नहीं देने पर उन पर गोलियां भी चलाई जा रही हैं। इससे व्यवसायियों में दहशत हैं। ऐसे में संगठित आपराधिक गिरोह की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

## फिटजी कोचिंग सेंटर के बंद होने से झारखंड के दो हजार बच्चों का भविष्य अधर में, अभिभावकों के करोड़ों रुपये डूबे



रांची, एजेंसी। देश भर के फिटजी कोचिंग सेंटर रातों रात बंद हो गये। राजधानी में भी इसके दो ब्रांच थे, वह भी बंद हो चुके हैं। इससे राज्य के दो हजार का भविष्य अधर में लटक गया है। यह खबर ऐसे समय में आयी है, जब आईआईटी जेईई की परीक्षा चल रही है। फिटजी के अचानक बंद होने से कई विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को तगड़ा झटका लगा है। ये लोग लाख रुपये की फीस का भुगतान कर चुका हैं।

अब रांची के फिटजी कोचिंग सेंटर्स पर अपने बच्चों को पढ़ा रहे अभिभावकों को समझ में नहीं आ रहा है कि अब बच्चे के आगे की पढ़ाई कैसे होगी। कोचिंग सेंटर्स को जो फीस एडवांस में दी गयी है, उसका क्या होगा? फिटजी के बंद होने से यहां पढ़ा रहे अभिभावकों के करोड़ों रुपये डूब गये हैं।

रांची में फिटजी के दो सेंटर संचालित थे, जहां अभिभावकों ने लाखों रुपये देकर बच्चे का नामांकन कराया था। अब बड़ा सवाल है कि अब उनके पैसों? क्या होगा? अब तक फिटजी प्रबंधन की ओर से कोई भी अधिकारिक बयान नहीं आया है।हद तो तब हो गयी, जब बच्चों से लाखों रुपये की फीस लेने के बाद बिना किसी नोटिस के सेंटर पर ताला लटका दिया गया है। किसी के मां-बाप ने लोन लेकर फीस भरी है, तो किसी ने अपनी पूरी कमाई बच्चों की पढ़ाई में झोंक दी। ऐसे ही कुछ अभिभावकों से बात की गयी, तो उनका कहना था कि कोचिंग सेंटर शुरू होगा या नहीं और शुरू होगा तो कब होगा, इसकी कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी जा रही है। इस स्थिति में बच्चों के साथ अभिभावकों की भी बेचैनी भी बढ़ गयी है। कई अभिभावक ऐसे भी हैं, जिनके बच्चों ने एक भी क्लास नहीं की, लेकिन वह फीस पूरी दे चुके हैं।

### मंत्री दीपिका पांडेय ने बासुकीनाथ मंदिर में की श्रृंगार पूजा

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बासुकीनाथ मंदिर में फौजदारीनाथ की श्रृंगार पूजा की। पूजा के बाद उन्होंने भोलेनाथ की आरती भी की। पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान से पूजा कराई। बाबा के पूजन-अनुष्ठान के बाद मंत्री ने माता पार्वती, मां काली व माता बगलामुखी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। मंदिर के पंडा कुंदन झा व सारंग झा ने मंत्री को बाबा बासुकीनाथ की फोटो भेंट की। मौके पर पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, बीडीओ कुंदन भगत, सीओ संजय कुमार, नगर परिषद के प्रशासक अजमल हुसैन, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेंद्र सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## धनबाद ने गुमला, हजारीबाग ने सिमडेगा व रांची ने लोहरदगा को हराया

**धनबाद, एजेंसी।** जेएससीए अंतर जिला अंडर-19 एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत सोमवार को धनबाद की धमाकेदार जीत के साथ हुई। रांची के उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी मैदान में खेले गए ग्रुप बी के मैच में धनबाद ने गुमला को आठ विकेट से हराकर पूरे अंक प्राप्त किये। इधर धनबाद में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में हजारीबाग ने सिमडेगा को दो रन से और रांची ने लोहरदगा को सात विकेट से हराया।

टूर्नामेंट के पहले दिन धनबाद के विरुद्ध टास जीतकर गुमला ने पहले बल्लेबाजी की, लेकिन उसकी पूरी टीम 33।4 ओवर में केवल 57 रन पर ढेर हो गयी। आशीष कुमार (72 गेंदों में 27 रन) ही ऐसे बल्लेबाज रहे जो दहाई का आंकड़ा छू सके। इधर धनबाद के राजवीर सिंह ने 17 रन पर तीन विकेट लिये। आशीष कुमार सिंह ने 16, हसन आसिफ ने 12 और एकलव्य सिंह ने पांच रन देकर दो-दो विकेट चटकाये। बाद में धनबाद ने 10।1 ओवर में दो विकेट गंवाकर 58 रन बना लिये और मैच आसानी से जीत लिया। सिद्धार्थ सिन्हा 24 और कृत कमल सिंह दो रन बनाकर अविजित रहे। वहीं अभिषेक कुमार 25 रन बनाकर आउट हो गये। राजवीर सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं धनबाद के टाटा डिगवाडीह स्टेडियम में सोमवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में हजारीबाग ने सिमडेगा को दो रन से हरा दिया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित की गई हजारीबाग की टीम 49 ओवर में 238 रन बनाकर आउट हो गयी। अमनीश कुमार ने 65, शमी अख्तर ने 34, प्रभात कुमार ने 32, शिवांश ने 27 और अजय कुमार ने 24 रन बनाये। सिमडेगा के राजवीर सिंह सिसोदिया ने 53 पर चार, हर्ष कुमार ने 53 पर तीन और दीपांशु रावत ने 51 पर दो विकेट लिये। सिमडेगा के लिए सौरभ कुमार ने 111 गेंदों में 109 रनों की जोरदार शतकीय पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

सौरभ ने पहले कृष शर्मा (41 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 और फिर निखिल राज (53 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 50 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। उनके आउट होते ही टीम 48।4 ओवर में 236 रनों पर धराशायी हो गई। हजारीबाग के राहुल रजक ने 41 रन पर पांच विकेट झटके और प्लेयर आफ द मैच बने। वहीं अश्वनी कुमार, सूरज कुमार यादव और प्रभात कुमार को एक-एक विकेट मिला।

## अवैध कोयला पर रंगदारी व वर्चस्व को ले छह राउंड होली, एक गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** गोपीनाथपुर में कोयले के अवैध कारोबार में रंगदारी व वर्चस्व को लेकर शनिवार की देर रात मुगमा रेलवे फाटक स्थित हटिया मैदान में छह राउंड गोलियां चली। किसी के हताहत की सूचना नहीं है। सूचना पाकर पहुंची निरसा पुलिस ने रॉकी यादव नामक युवक को खदेड़ कर खुदिया नदी के जंगल से पकड़ा। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है। दोनों गुटों के बीच तनाव बना हुआ है। बताया जाता है कि भालूकसूंधा स्थित खुदिया नदी किनारे जंगल में बड़े पैमाने पर सुनियोजित करीके से 30-40 कुआंनुमा खदान बनाकर कोयले का अवैध खनन किया जा रहा है। बताया जाता है कि शनिवार की रात लगभग 12 बजे अवैध खनन किया गया कोयला ट्रैक्टर पर लोड कर मुगमा क्षेत्र के एक चर्चित भट्ठा में ले जाया जा रहा था। उसी दौरान मुगमा रेलवे फाटक के समीप हटिया मैदान में रॉकी व सोनू साव अपने अन्य दो साथियों के साथ मौजूद था। जैसे ही ट्रैक्टर के पीछे-पीछे पिंटू यादव वहां पहुंचा, उसी दौरान रॉकी व उसके साथी उससे रंगदारी की मांग करने लगा। इसे लेकर दोनों के बीच बकझक व हाथापाई होने लगी। इसी दौरान जैसा कि आरोप है रॉकी ने पिस्तौल निकालकर चार राउंड फायरिंग की। उससे पिंटू भाग निकला। कुछ देर बाद रॉकी साथियों के साथ उसका घर भालूकसूंधा गया और दरवाजा पीटने लगा।

# उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट। पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है। जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है। सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है। पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

# सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे। इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुनः 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है। जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है। धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं। खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है।

# साहित्यकार, लेखक, विचारक राष्ट्र की बौद्धिक निधि होती है - विचारों को पाठकों तक पहुंचाने में प्रिंट मीडिया का बहुमूल्य योगदान



किशन सनमुखदास भावनानीं


भारत आदि अनादि काल से हस्तलिखित व प्रिंट साहित्य का गढ़ रहा है। हम अगर भारत के इतिहास की गहराई में जाएं तो हमें रामायण, भागवत गीता सहित अनेक भाषाओं के अनेकों साहित्य ग्रंथ के रूप में अनमोल मोती मिलेंगे जो हमारी धरोहर है,हमारी सभ्यता,संस्कृति, संस्कार के प्रतीक हैं हम भारतीयों ने पीढ़ियों से इस साहित्य को संजोकर रखे हैं और आगे भी हम अगली पीढ़ियों के लिए संजोकर रखेंगे।आज अगर हम वर्तमान डिजिटल युग में हैं तो हमें इसका आधारभूत सहारा मिला है, अपने साहित्य को सुरक्षा से संरक्षित करने का, क्योंकि हस्तलिखित पौराणिक साहित्य की भी एक सीमा होती है और हो सकता था आगे के सैकड़ों हजारों सालों में यह विलुप्तता के कागार पर होता,परंतु डिजिटल क्रांति ने इसे अब सुरक्षित रखना संभव बना दिया है। अब हमें यकीन है हो चला है कि हमारा आदि अनादि काल का भारतीय साहित्य पूर्णत सुरक्षित रहेगा। परंतु इस डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया की विलुप्तता के रूप में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, क्योंकि भारत की धरोहर कहे जाने वाली प्रिंट मीडिया अब विलुप्तता की कगार पर हैक्योंकि करीब हर समाचार संस्थान आज वित्तीय क्राइसिस से जूझ रहा है परिणामतःअनेक मासिकपाशिक व साप्ताहिक समाचार पत्र बंद हो गए हैं, कई दैनिक समाचार पत्र भी बंद हो चुके हैं तो कई बंद होने की कगार पर है, इस विषय पर आर्टिकल लिखने को मैंने इसलिए चुना क्योंकि 29 जनवरी 2025 को भारतीय समाचार पत्र दिवस है,तो वहीं 1 फ़रवरी 2025 को भारत की वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी इसलिए इसे एक-दो दिन पहले प्रकाशित करना जरूरी है,ताकि इस आर्टिकल के माध्यम से मैं निवेदन माननीय वित्तमंत्री तक पहुंचेकि प्रिंट मीडिया के लिए कुछ आर्थिक पैकेज की घोषणा के लिए फंड का एलोकेशन किया जाए। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारीके सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बजट 2025 से प्रिंट मीडिया को संजीवनी रूपी पैकेज का बेसब्री से इंतजार! साथियों बात अगर हम 29 जनवरी 2025 को भारतीय समाचार पत्र दिवस की करें तो, हर साल हम देश के पहले मुद्रित समाचार पत्र के जन्म की याद में भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाते हैं ।यह अंग्रेजी साप्ताहिक हिकीज बंगाल गजट था, जिसे 29 जनवरी, 1780 को एक आयरिश व्यक्ति ने शुरू किया था। इस दिन का उद्देश्य समाचार पत्रों को बढ़ावा देना और लोगों को हर दिन समाचार पत्र उठाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिकी का बंगाल गजट ब्रिटिश शासन के दौरान समाचार और राय लाने के लिए जाना जाता था। इसने तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स के प्रशासन की कड़ी आलोचना की और यह भारत में अपनी पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण था। यह साप्ताहिक प्रकाशित समाचार पत्र आम आदमी को प्रशासन और सत्ता में बैठे लोगों के करीब लाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। साथियों बात अगर आम आनें वाले बजट 2025 की करें तो इसमें प्रिंट मीडिया के लिए कुछ शासकीय सहयोग की व्यवस्था का बजट करना अपेशित है, क्योंकि कोरोना काल से ही पत्रकारों, संस्थान से जुड़े कर्मचारियों को वित्तीय समस्या की भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है और शासन प्रशासन द्वारा मामूली राहत की घोषणा पत्रकारों के लिए की गई थी परंतु कोई इंसेंटिव या पैकेज नहीं दिया इसपर भी शासन से निवेदन है कि प्रिंट मीडिया कर्मचारियों के लिए बजट में एलोकेशन कर कोई राहत पैकेज और प्रिंट मीडिया संस्थानों को भी वित्तीय सहायता राहतकोष का निर्माण करना होगा,क्योंकि हम अगर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र का बारीकी से विश्लेषण करेंगे तो हजारों मीडिया संस्थान जिसमें मासिक, साप्ताहिक और दैनिक समाचार पत्र शामिल है, बंद पड़े हैं! क्योंकि आज के डिजिटल युग में वह घाटे में चल रहे थे, विज्ञापन आना बंद हो गए हैं, आय का दूसरा कोई साधन, स्त्रोत नहीं है ऊपर से कर्मचारियों पत्रकारों, ऑपरेटरों का वेतन और ऑफिस किराया, बिजली बिल, नगर पालिका, महानगर पालिका कर सहित अनेकों करो का बोझ।लॉकडाउन से ही प्रिंट मीडिया की हालत और भी खराब हुई है जिसका शासन प्रशासन को गंभीरता से रेखांकित कर प्रिंट मीडिया को विलुप्तता से बचाने, किसी वित्तीय, राहत कोष बनाने का रणनीतिक रोडमैप बनाने की जरूरत है, जिसकी जरूरत अभी आने वाले 1 फरवरी 2025 को बजट में करने की अपेक्षा है जिसका निवेदन मैं इस आलेख के माध्यम से कर रहा हूं। साथियों बात अगर हम प्रिंट मीडिया की करें तो इसको हमें मिलकर विलुप्तता से हमें बचाना है, क्योंकि आज हम सब जानते हैं कि प्रिंट मीडिया की वित्तीय हालत नाजुक बनी हुई है। मेरा मानना है कि कुछ ही संस्थान को छोड़कर अधिकतम प्रिंट मीडिया संस्थान वित्तीय समस्याओं से जूझ रहे हैं क्योंकि वर्तमान डिजिटल युग में हालांकि पीडीएफ फाइल के सहारे प्रिंट मीडिया का विस्तार, प्रसार बड़ा है परंतु उससे वित्तीय समस्याओं का समाधान नहीं निकलता है बल्कि बढ़ जाता है क्योंकि, आजकल करीब करीब सभी लोगों के पास डिजिटल मोबाइल है और पीडीएफ देख पढ़ लेते हैं यदि कोई खरीदते भी हैं तो 2 से 5 रुपए उसकी कीमत है सिर्फ! उसके ऊपर भी सोशल मीडिया के कारण विज्ञापनों में भारी कमी आई है और सरकारें,राजनीतिज्ञ राजनीतिक पार्टी सामान्य,और निजी विज्ञापनों में भी काफी गिरावट आई है जिसके कारण प्रिंट मीडिया की आर्थिक समस्या बढ़ गई है जिसका शासन प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेने की ज़रूरत है और प्रिंट मीडिया को विलुप्तता से बचाने की महत्वपूर्ण ज़वाबदारी भी है क्योंकि यह भी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। साथियों बात अगर हम आदि अनादि काल से इस साहित्य को लिखने वालों की करें और वर्तमान पीढ़ी में नए साहित्यकारों की करें तो साहित्यकार, लेखक, विचारक राष्ट्र की बौद्धिक निधि होते हैं उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और उनका सम्मान हमारे हृदय में है भी, परंतु अगर हम गहराई में जाएं तो साहित्यकारों लेखकों विचारकों के विचार, साहित्य, पाठकों तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका आज प्रिंट मीडिया की है क्योंकि प्रिंट मीडिया बौद्धिक निधि के विचारों को प्रकाशित कर उन विचारों को जीवंतता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जो सराहनीय कार्य है। साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो राष्ट्रपति सचिवालय की पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, इस अवसर पर लेखकों और विचारकों को राष्ट्र की बौद्धिक पूंजी बताया जो इसे अपने सृजनात्मक विचारों और साहित्य से समृद्ध करते हैं। शब्द और भाषा को मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण आविष्कार बताते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य समाज की विचार-परंपरा का जीवंत वाहक है। उन्होंने कहा, कोई समाज जितना सुसंस्कृत होगा, उसकी भाषा उतनी ही परिष्कृत होगी। समाज जितना जागृत होगा, उसका साहित्य उतना ही व्यापक होगा। साथियों बात अगर हम समाचार पत्रों के भारत में प्रारंभ होने के ऐतिहासिक करें तो, भारत में समाचार पत्रों का इतिहास भारत का पहला समाचार पत्र बंगाल गजट था जिसे जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने शुरू किया था। इस समाचार पत्र को 1780 में कलकत्ता जनरल एडवर टाइजर के नाम से भी जाना जाता था। साम्राज्य की आलोचना करने के कारण 1782 में ब्रिटिश प्रशासन द्वारा जब्त किए जाने से पहले यह पत्र भारत में सिर्फ दो साल तक चला।द बंगाल जर्नल, कलकत्ता क्रॉनिकल, मद्रास कूरियर और बॉम्बे हेराल्ड सहित कई अन्य समाचार पत्र बाद में शुरू किए गए, लेकिन ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा लगाए गए सेंसरशिप उपायों से उन्हें रोक दिया गया। ब्रिटिश शासन के दौरान विधायी विनियमन 1835 का प्रेस अधिनियम था, जिसे मेटकाफ अधिनियम के रूप में जाना जाता है। यह 1857 केविद्रोह तक चला जिसके बाद एक विदेशी प्रशासन ने लाइसेंसिंग अधिनियम पेश किया,भारत में प्रेस की स्वतंत्रता परसबसे महत्वपूर्ण विनियमों में से एक वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट था, जिसे 1878 में लाया गया था। इसे तत्कालीन वायसराय लॉर्ड लिटन ने पेश किया था, जिसने सरकार को वर्नाक्यूलर प्रेस में रिपोर्ट और संपादकीय को सेंसर करने का अधिकार दिया था। भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद, संविधान सभा द्वारा तैयार किए गए मौलिक अधिकारों के आलोक में प्रेस कानूनों की जांच करने के लिए एक प्रेस जांच समिति का गठन किया गया था। उसी के बाद, देश में समाचार पत्रों के प्रचलन की जांच करने के लिए 1954 में न्यायमूर्ति राजाध्यक्ष के अधीन एक और प्रेस आयोग का गठन किया गया। समिति की एक प्रमुख सिफारिश अखिल भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना थी।

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी

भारत डोगरा

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी। यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं। पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके। आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें-बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अतः आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों। इन देशों में यदि ऐसी सरकारें हैं जो बड़ी शक्तियों की मनमानी में बाधा हैं तो इन सरकारों को कमजोर या अस्थिर करने या हटाने तक के प्रयास इन सबसे शक्तिशाली देशों ने किए। अतः इस बारे में हमारे देश में व्यापक एकता बननी चाहिए कि जहां तक बाहरी ताकतों के नापाक इरादों और साजिशों का सवाल है, तो उनका सामना हम एकता से करेंगे। यह देशभक्ति की ऐसी राह है, जिसे हमें कभी नहीं छोड़ना है। चौथी राह यह है कि हमें देश और दुनिया के मूल सिद्धांतों के रूप में अमन-शांति, न्याय और समता, पर्यावरण की रक्षा और सभी जीवों के प्रति करुणा को स्वीकार कर लेना चाहिए। हां, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के लिए इन सिद्धांतों की व्याख्या अलग हो सकती है और सभी के अपने रीति-रिवाजों और लोकतांत्रिक अधिकारों का तो सम्मान करना ही पड़ेगा। अपने-अपने विचारों और सोच के आधार पर भी विभिन्न व्यक्ति और संगठन इन सिद्धांतों को अलग ढंग से परिभाषित करेंगे और फिर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के चलते जो तय होगा उस पर ही देश चलेगा और साथ में लोकतांत्रिक बहस भी चलती रहेगी। इन चार रास्तों पर भली-भांति धैर्य, समझदारी और दृढ़ निश्चय और साहस से चला जाए तो ये चारों रास्ते एक ऐसे चौराहे पर मिलते हैं जिसका नाम है देश की स्थाई सुरक्षा और समृद्धि। बढ़ता सैन्य खर्च भी देश को वह सुरक्षा नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का निवेश भी वह समृद्धि नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं। इस तरह की सोच को लोगों के बीच विशेषकर युवाओं के बीच ले जाना बहुत जरूरी है क्योंकि वे ही तो देश का भविष्य हैं। युवाओं के लिए इसी सोच से जुड़ा यह संदेश है कि इस समय सार्थक और जरूरी बदलाव के लिए सबसे जरूरी कार्य है न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा पर आधारित एक ऐसा एजेंडा लोगों के बीच ले जाना है, जिसके विभिन्न लक्ष्य एक दूसरे से मेल रखते हों। इसके लिए लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहुत जरूरी हैं, पारदर्शिता बहुत जरूरी है, खुला विमर्श बहुत जरूरी है। अतः सार्थक सामाजिक बदलाव की राह पर अग्रसर युवाओं को अहिंसा और पारदर्शिता की राह को ही चुनना चाहिए। देश ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी मौजूदा दौर में अहिंसक क्रांति का अर्थ है अधिसंख्य लोगों को समय रहते अमन-शांति, न्याय और पर्यावरण रक्षा के एजेंडे के लिए तैयार करना। यह कठिन चुनौती है, जिसके लिए बहुत मेहनत से, समझदारी से, निरंतरता से कार्य करने की जरूरत है। इसी तरह गृह युद्ध, अलगाववादी हिंसा, सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और उन्माद से जुड़ी हिंसा, धार्मिक कट्रता से जुड़े अलगाववाद को भी नकारना और विभिन्न समस्याओं के लोकतांत्रिक समाधानों को प्रतिष्ठित करना जरूरी है। समता और न्याय का मूल उद्देश्य सदा महत्त्वपूर्ण रहा है, और नई गंभीर समस्याओं के आने के बावजूद यह उद्देश्य आज भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। समानता और न्याय का अर्थ आर्थिक समानता और न्याय से ही नहीं है अपितु जाति, धर्म, नस्ल, रंग और लिंग आधारित सब तरह के भेदभाव को दूर करना व्यापक सामाजिक समता को प्रतिष्ठित करना भी उतना ही जरूरी है। विभिन्न देशों की आंतरिक समानता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों की समानता भी बहुत जरूरी है ताकि साम्राज्यवादी सोच, इस पर आधारित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शोषण और अन्याय तथा इससे जुड़ी हिंसा और युद्ध की आशंकाओं पर सदा के लिए रोक लग सके। अतः साम्राज्यवादी ताकतों के हाथ में खेलना या उनसे मिल कर अपने हित साधना बहुत अनुचित है क्योंकि जरूरत तो साम्राज्यवाद का सामना कर इसके प्रतिकूल असर को हटाने या न्यूनतम करने की है।

## शब्द पहेली - 8387



**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज,पंकज,नीरज-3
7. चरित्र,धर्म-5
8. वचन,प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन,कहासुनी-4
17. रुपया,पैसा-2
19. भ्रम,संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2. अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ,गला-3
4. लाज,लज्जा-3
5. विवाह,ब्याह-2
6. सोना,धतूरा-3
9. टेका,आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा,लाइन-3
14. हत्या,मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर,गृह,निवास-3
22. युद्ध,संग्राम -2

**शब्द पहेली -8386 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशि** : आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

**वृष राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशि**: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे ख़ुशी बढ़ेगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं। अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**धनु राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी। कंपनी में अच्छा काम करने से बॉस द्वारा अच्छी रेटिंग मिल सकती है। आज व्यापार में आपको ज्यादा लाभ मिलेगा।

**मकर राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा। विद्यार्थियों का दिन आज व्यस्त रहेगा। आज आपको अधिक क्रोध से बचना होगा, नहीं तो आपको ही परेशानी होगी।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रितपंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एमवीआई के मुंशी पर अवैध वसूली के लिए दर्ज होगी एफआईआर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मड़वन में चेकिंग के दौरान 10 हजार रुपये की अवैध वसूली करने के मामले में एमवीआई के मुंशी सह चालक सूरज कुमार पर प्राथमिकी दर्ज होगी। जिला परिवहन कार्यालय के अधीक्षक दिवाकर कुमार ने नगर थाने में इस संबंध में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। जिस पर कार्रवाई के लिए करजा थाना भेजा गया है, क्योंकि घटना करजा थाना इलाके में हुई थी। डीटीओ के अधीक्षक दिवाकर कुमार ने पुलिस को बताया है कि समाचार पत्र में 10 हजार रुपये की अवैध वसूली की खबर प्रकाशित हुई थी। इसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया गया। जांच टीम ने रिपोर्ट दी है कि मोटर यान निरीक्षक रंजन कुमार गुप्ता के द्वारा बीते शनिवार को मड़वन में वाहन जांच की जा रही थी। चलंत दस्ता के सिपाही मृत्युंजय कुमार, ड्राइवर विक्रम कुमार व अन्य चालक सूरज कुमार भी वहां मौजूद थे। एक टिपर नारायणपुर से गिट्टी लोड कर करजा की ओर जा रहा था। एमबीआइ ने उक्त गाड़ी को रोककर कागजात की जांच की। उक्त टिपर का परमिट नहीं होने के कारण उन्होंने 10 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया। चालान काट कर चालक को दिया गया। इसी समय चालक सह मुंशी ने टीपर चालक अनिल कुमार को डराया कि गाड़ी ओवरलोड है। गाड़ी जब्ती का भय दिखाकर 25 हजार रुपये का चालान काटे जाने की बात कही। चालक के पास रुपये नहीं होने पर सूरज कुमार ने स्कैनर दिया। बोला कि इसपर अपने मालिक से रुपये मंगवाओ। इसके बाद चालक ने अपने मालिक दिघरा पट्टी के रहने वाले अरुण कुमार से स्कैनर पर 10 हजार रुपये मंगवाये थे। सूरज कुमार की इस हरकत से विभाग की छवि धूमिल हुई है। उसके खिलाफ अवैध वसूली की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराने की आग्रह किया गया है।

### सीएम नीतीश और लालू प्रसाद पर अश्लील गीत गाने का आरोप, गायक सूरज सिंह गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में चर्चित गायक सूरज सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गायक सूरज सिंह पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को लेकर अश्लील गीत गाने का आरोप है। नवादा पुलिस ने गायक सूरज सिंह को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव पर बनए गए अश्लील गाने की जानकारी वरीय अधिकारियों को मिली थी। जिसके बाद बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई की है। बिहार में भोजपुरी गीतों को काफी पसंद किया जाता है। लेकिन कई बार इन गीतों के जरिए अश्लीलता परोसने के आरोप भी लगते रहते हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें भोजपुरी गीत के बहाने अश्लीलता परोसा गया है। इस गीत में सीएम नीतीश और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर अश्लील टिप्पणी की गई है। बताया जा रहा है कि होली पर्व को लेकर यह गीत बनाया गया है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर इस गीत को सुनने के बाद कई लोगों ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कई लोगों ने गायक पर कार्रवाई की मांग भी की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाने को लेकर जदयू ने भी ऐतराज जताया है। जदयू के प्रदेश महासचिव अरविंद सिंह ने इस गाने पर आपत्ति जताई है।

### कपरपुरा-पिपराहा लाइन पर दौड़ी ट्रायल इंजन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे के पीसीईई राजेंद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को कपरपुरा-कांटी-पिपराहा नई रेललाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान कपरपुरा से पिपराहा के बीच 10 किमी दूरी में इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल हुआ। दिन के तीन बजे से शाम साढ़े चार बजे तक ट्रायल चला। इससे पहले सड़क मार्ग से पटना से पहुंचे पीसीईई ने सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक रेल पटरी के दोहरीकरण से जुड़े इंटरलॉकिंग कार्य का जायजा लिया। फिर इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल पूरा होने के बाद वापस लौट गए। दरअसल समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत कपरपुरा-कांटी-पिपराहन रेलखंड के दोहरीकरण कार्य को लेकर अगले 29 जनवरी तक प्रीएनआई/एनआई कार्य होने हैं। इसको लेकर सीआरएस का भी निरीक्षण होना है।

### बेगूसराय में हथियार और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में सोमवार को कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले एक बदमाश को आज लोगों ने हथियार और कारतूस के साथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। घटना बखरी थाना क्षेत्र के शकरपुरा गांव की है। पकड़ा गया बदमाश समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र स्थित मालीपुर पटोरी निवासी रौशन पाठक है। रौशन आज 2 कट्टा लेकर बखरी थाना से क्षेत्र के शकरपुरा गांव में वार्ड नंबर-7 स्थित मुकेश पोद्दार के घर पर पहुंचा। हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। हल्ला करने पर आसपास के लोग दौड़े और उसे पकड़ लिया। उसके पास से 2 कट्टा और 8 गोलियां बरामद की गई है। रौशन पाठक के खिलाफ पहले से भी खगड़िया रेल थाना और बखरी थाना में मामला दर्ज है। 10 दिसंबर 2024 को उसने सुग्गा गांव निवासी मजदूर लालो राय और लक्ष्मण कुमार के साथ मारपीट करते हुए पैसा और चांदी का चकती छीन ली थी। विरोध करने पर दोनों को पिस्तौल के बट से मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में वह फरार चल रहा था।

# पटना से 4 देशों के लिए मिलेगी सीधी फ्लाइट, 3 घंटे से भी कम का होगा सफर



**पटना, एजेंसी।** जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के नए टर्मिनल में इमिग्रेशन काउंटर बनकर तैयार हो गया है। कुछ काम अभी बाकी है, जिसके फरवरी तक पूरा होने की उम्मीद है।

वहीं, नए टर्मिनल से अप्रैल में परिचालन शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। इससे स्पष्ट है कि पटना एयरपोर्ट से विदेशों के लिए भी उड़ान भरी जाने लगेगी।

इस एयरपोर्ट से वर्ष 1999 के बाद अंतरराष्ट्रीय विमानों की सेवा बंद कर दी गई थी। अब 26 वर्षों के बाद विदेशों के लिए सीधी फ्लाइट मिलने की उम्मीद जग गई है। बताया जाता है कि पहले चरण में वैसे देशों के लिए फ्लाइट शुरू की जाएंगी, जिनकी यात्रा तीन घंटे या उससे कम समय की हो। इनमें नेपाल (काठमांडू), थाईलैंड (बैंकॉक), वर्मा (म्यांमार) और सिंगापुर शामिल हैं। पहले इन देशों की यात्रा के लिए पटना के यात्रियों को दिल्ली अथवा कोलकाता से वन स्टाप फ्लाइट लेनी होती थी। नए टर्मिनल से परिचालन के बाद विमानन कंपनियां यात्रियों का सर्वे करेगी। इसके बाद एएसआइ से अनुमति लेकर सेवाएं शुरू की जाएंगी।

पटना में मौसम साफ रहने के बावजूद बेंगलुरु से आने वाली स्पाइसजेट और इंडिगो दोनों कंपनियों की उड़ानें प्रभावित रहीं। सोमवार की दोपहर 12:20 बजे आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी-531 रद कर दी गई, जबकि रात सवा आठ बजे वाली इंडिगो की फ्लाइट 59 मिनट देर से पटना पहुंची।

खराब मौसम का असर शनिवार को दरभंगा एयरपोर्ट की उड़ान सेवा पर पड़ा। पूर्व निर्धारित सभी छह जोड़ी फ्लाइटें रद कर दी गई। दिल्ली और मुंबई जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए थे।

करीब 11:30 बजे ज्यादातर यात्री घर लौट गए। कुछ यात्री पटना एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। सुबह करीब 11 बजे स्पाइसजेट एवं इंडिगो की फ्लाइटें रद करने की घोषणा की गई।

रद होने वाली फ्लाइटों में स्पाइसजेट की मुंबई से दरभंगा एसजी 950, दिल्ली से दरभंगा एसजी 751, बेंगलुरु से दरभंगा एसजी 327 और इंडिगो की फ्लाइट कोलकाता से दरभंगा 6ई7234, हैदराबाद से दरभंगा 6ई537 व दिल्ली से दरभंगा 6ई360 शामिल है।

इसके पहले चार, सात, 14 व 22 जनवरी को सभी उड़ानें रद कर दी गई थीं। दरभंगा से दिल्ली जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड निवासी रवि कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे।

यहां पहुंचने पर करीब एक घंटे तक फ्लाइट का इंतजार करने के बाद अचानक 11:00 बजे जानकारी मिली कि फ्लाइट रद हो गई है। अब पटना एयरपोर्ट जा रहा हूं।

आने जाने की कोई सुविधा तक विमानन कंपनी की ओर से नहीं उपलब्ध कराई गई। घर से हजारों रुपया खर्च करके पहुंचे थे। अब दोबारा परेशानी के साथ धन खर्च करके जाना पड़ रहा है।

# मंच टूटा और धड़ाम से गिरे राजद सांसद अभय कुशवाहा, गया में हादसा

**गया, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल के सांसद अभय कुशवाहा एक कार्यक्रम में मंच से धड़ाम से नीचे जा गिरे। दरअसल मंच टूटने से यह हादसा हुआ और सांसद के साथ-साथ कई लोग भी मंच से नीचे गिर गए थे। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को बिहार के गया जिले में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था। इस दौरान स्टेज पर कुछ लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। औरंगाबाद से राजद सांसद अभय कुशवाहा भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे।इस दौरान अभय कुशवाहा मंच पर बैठे थे लेकिन मंच अचानक टूट गया। जानकारी के मुताबिक, एक प्राइवेट स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा पहुंचे थे। बतौर मुख्य अतिथि वो मंच पर विराजमान थे और उनके साथ कुछ अन्य लोग भी मंच पर मौजूद थे। बताया जा रहा है कि मंच संचालक ने कार्यक्रम के दौरान एक प्रतिभागी को मंच पर प्रस्तुती देने के लिए बुलाया था। उसी दौरान मंच का एक हिस्सा गिर गया। मंच गिरने का जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि अचानक मंच के गिरने से वहां मौजूद लोग घबरा गए। मंच टूटने की वजह से सांसद अभय कुशवाहा और मंच पर मौजूद कुछ अन्य लोग धड़ाम से नीचे जा गिरे। बताया जा रहा है कि इस हादसे में सांसद या किसी अन्य को गंभीर चोट नहीं आई है। कहा जा रहा है कि मंच पर अत्यधिक लोगों के चढ़ जाने की वजह से वो अचानक टूट गया। यह भी बताया जा रहा है कि सांसद अभय कुशवाहा ने मंच के निर्माण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की है।



# सरस्वती पूजा स्थलों की होगी वीडियोग्राफी और ड्रोन से निगरानी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम सुब्रत कुमार सेन व एसएसपी सुशील कुमार ने कई आदेश दिए हैं। सरस्वती पूजा के लिए लाइसेंस जारी करने और स्थलों की ड्रोन और वीडियोग्राफी के जरिए निगरानी का आदेश दिया गया है। बैठक में पहले डीएम ने अनुमंडल से लेकर अंचल स्तर तक शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने दोनों एसडीओ व एसडीपीओ को क्षेत्र में थानावार शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। पूजा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करनेवालों पर एफआईआर की जाएगी। विसर्जन जुलूस तय रास्ते से ही जाएगा और बिना एस्कॉर्ट एक भी जुलूस नहीं निकालेगा। अधिकारियों ने सभी थानाध्यक्षों को क्षेत्र में आयोजन स्थल व जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर पूजा के लिए नियमानुसार लाइसेंस देने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि सरस्वती पूजा पर ड्रोन से निगरानी और वीडियोग्राफी कराई जाएगी, ताकि नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा सके। पूजा के अवसर पर लगने वाले मेला, झूला व सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुरक्षा मानक का अनुपालन कराने का निर्देश एसडीओ व एसडीपीओ को दिया।

# अग्निवीर वायु भर्ती: 22 मार्च से शुरू होगी ऑनलाइन परीक्षा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए पंजीकरण की तिथि पांच दिन और बढ़ा दी गई है। पहले सात से 27 जनवरी तक ही तिथि निर्धारित थी, लेकिन अब बढ़ा कर दो फरवरी कर दी गई है।

इस भर्ती के लिए एक जनवरी 2005 से एक जुलाई 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन करना है।

इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट से ले सकते हैं। अग्निवीर वायु के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22 मार्च से होगा।



इस आशय की जानकारी कमांडिंग अफसर, 10 एयरमैन सलेक्शन सेंटर, बिहटा/ विंग कमांडर अरविंद सिंह राउत ने सोमवार को जिला प्रशासन के माध्यम से दी।

अभ्यर्थी का किसी भी केंद्रीय व राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों के साथ या किसी भी विषय में 12 वीं 50 प्रतिशत और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

किसी भी परीक्षा को पास करने के लिए रणनीति बनाकर अध्ययन करने की जरूरत है। परीक्षार्थी को परीक्षा के पैटर्न पता हो तो वे बेहतर अंक प्राप्त कर सकते है। बिहार बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं में जीव विज्ञान की मुख्य सैद्धांतिक परीक्षा 70 अंकों की होगी, शेष 30 अंकों का प्रैक्टिकल होगा।

परीक्षार्थी टाइम मैनेजमेंट को लेकर जीव विज्ञान के सवालों का जवाब शनिवार को दैनिक जागरण के प्रश्न पहर में श्री नारायण सिंह महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. एस नारायण ने दिया।

डॉ. नारायण ने कहा कि परीक्षा में कुछ ही दिन शेष रह गए है। अब परीक्षार्थियों को तैयारी छोड़ रिविजन व लिखने के अभ्यास पर फोकस करने की जरूरत है। जीव विज्ञान में बेहतर अंक के लिए बीते दो-तीन वर्षो के प्रश्नों का अवलोकन करने के साथ उसे हल करने का अभ्यास करें। परीक्षार्थी आत्म संयम, धैर्य के साथ समय सीमा को केंद्रित कर सावधानी से प्रश्नों को पढ़ने व समझने के बाद उत्तर अपने सरल शब्दों में दें।

# बिहार में बिजली बिल पूर्णिया के लोगों की बल्ले-बल्ले, सीएम नीतीश ने लगा दी सौगातों की झड़ी पर 3 फीसदी तक की छूट



**पूर्णिया, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के चौथे चरण के दौरान पूर्णिया पहुंचे। यहां उन्होंने जिलेवासियों को 580 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया में केनगर प्रखंड अन्तर्गत मजरा पंचायत के कामाख्या स्थान भी पहुंचे थे।

जहां उन्होंने कुल 62 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें 40 योजनाओं का उद्घाटन एवं 22 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा रंग भूमि मैदान में 42 करोड़ के लागत से खेल कांप्लेक्स काशिलान्यास किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले में 9.176 किलोमीटर बायपास निर्माण, पूर्णिया में अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण, काझा कोठी में मिथिला हाट की तर्ज पर विकसित कर पर्यटकीय सुविधा बहाल करने, धमदाहा से पूर्णिया 65 स्टेट हाइवे के फोरलेन और एयरपोर्ट से सीधा संपर्क की घोषणा की।

# प्रखंड पंचायत अधिकारी रोज रात मेंसोलर स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण करेंगे

**पटना, एजेंसी।** राज्य के सभी 534 प्रखंड पंचायत राज अधिकारी और पंचायत सचिव रात में पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट्स को देखेंगे। कोई भी अधिकारी व कर्मी अपने प्रतिनियुक्ति वाले स्थान से बाहर नहीं जा सकेंगे। किसी को भी रैंडम वीडियो कॉल किया जाएगा। पंचायत सचिव अपने पंचायत सरकार भवन में ही रहेंगे। अगर वहां पंचायत सरकार भवन नहीं है तो वे निजी रूम लेकर रहेंगे।

राज्य के सभी जिला पंचायत राज अधिकारियों को पंचायती राज विभाग के सचिव ने ये निर्देश दिया है। वे सोमवार को विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। अधिवेशन भवन में सभी जिलों के डीडीसी, प्रमंडलीय उप निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

राज्य की ग्राम पंचायतों में अब तक 4,85,776 सोलर स्ट्रीट लाइट लग चुकी हैं। सचिव ने डीडीसी को 15वें वित्त आयोग तथा छठे राज्य वित्त आयोग के तहत ली गई योजनाओं में तेजी से खर्च करने का निर्देश दिया। सभी कंपनी को प्रति 10 हजार सोलर लाइट पर एक सर्विस स्टेशन बनाने को कहा गया है। उनके प्रतिनिधि प्रतिदिन बैठेंगे। लोगों की समस्या सुनेंगे।



अगले 72 घंटे के अंदर उसका निदान करेंगे। आदेश का पालन नहीं करेंगे तो उन्हें फाइन किया जाएगा। जून तक हर हाल में सभी सोलर लाइट लगा देनी है। वहीं, मुखिया द्वारा बनाए जा रहे पंचायत सरकार भवन में से 695 बचे भवन को जल्द पूरा करने को कहा है। सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निदेश दिया गया कि आरटीपीएस के कार्यपालक सहायकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त करें। सभी डीडीसी साप्ताहिक और सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रतिदिन समीक्षा करें। बैठक में आनन्द शर्मा, प्रीति तोंगरिया भी शामिल थीं।

# गिट्टी लिया बिहार से और चालान जमा किया झारखंड का



### बीजेपी के बाहुबली नेता से निर्माण कंपनी का संबंध : तेजस्वी

**पटना, एजेंसी।** सड़क निर्माण के लिए गिट्टी लिया बिहार से और बिल दिया झारखंड के पाकुड़ का। सड़क निर्माण से जुड़ी गया की कंपनी राजा कंस्ट्रक्शन ने इस क्रम में 26 करोड़ रुपए का अवैध भुगतान पथ निर्माण विभाग से ले लिया।

मामला गया जिले की तीन सड़कों का है। जिस समय राजा कंस्ट्रक्शन को भुगतान हुआ उस समय पथ निर्माण विभाग का जिम्मा तेजस्वी यादव के पास था।

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजा कंस्ट्रक्शन ने निविदा (टेंडर) कैसे हासिल की इसकी भी जांच कराई जा रही है। निर्माण कंपनी से वसूली की कार्रवाई भी होगी। संबंधित कंपनी को काली सूची में डाले जाने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी।

विजय सिन्हा ने कहा कि कंपनी के संरक्षकों को भी नहीं बख्शा जाएगा। पथ निर्माण विभाग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राजा कंस्ट्रक्शन का संबंध राजद के एक बाहुबली नेता से है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग के स्तर पर हुई समीक्षा बैठक में इस फर्जीवाड़े की बात सामने आयी। इस सुचना पर झारखंड के खनन विभाग से रिपोर्ट मंगायी गयी थी।

झारखंड के खनन विभाग ने लिखित रूप से कहा कि संबंधित निर्माण कंपनी को पाकुड़ से रोड प्रोजेक्ट के लिए गिट्टी की आपूर्ति नहीं हुई है।

मामला गया के वजीरगंज-तपोवन सड़क (19.58 किमी), भिंडस-चमनडीह (25.3 किमी) तथा जमुआ-सेउतर (17.5 किमी) सड़क का है। निर्माण कंपनी को 26 सितंबर 2016 से कई किस्तों में 26 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

उन्होंने कहा कि संवेदक का मनोबल इतना बढ़ा हुआ था कि मामला सामने आने के बाद भी उसने शेष भुगतान के लिए आवेदन कर दिया। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

उप मुख्यमंत्री सह निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पथ निर्माण विभाग की सड़कों से जुड़े प्राक्कलन व डिजायन की जांच अब आईआईटी व एनआईटी के विशेषज्ञों से करायी जाएगी। इस दिशा में विभाग ने काम आगे बढ़ाया है। उड़नदस्ता टीम की रिपोर्ट पर भी जांच होगी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 29 जनवरी, 2025



# सहकारिता का उत्कृष्ट उदाहरण है महाकुंभ 2025: सीएम योगी

**लखनऊ एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ 2025 को सहकारिता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 26 जनवरी को करीब ढाई से तीन करोड़ लोग पवित्र संगम में डुबकी लगाने पहुंचे हैं। यह पूरा कार्य ऑटो मोड और आपसी सहभागिता के आधार पर चल रहा है। ये सहकारिता का सबसे बड़ा उदाहरण है। भारत के जीन्स में ही सहकारिता की भावना रची-बसी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास से अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करने वाला देश का पहला राज्य है। इस अवसर पर उन्होंने सुल्तानपुर में 5 हजार और कौशाम्बी में 15 हजार मीट्रिक टन के गोदामों का उद्घाटन किया, साथ ही तिरंगे गुब्बारे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने रन फॉर कॉर्पोरेशन मैराथन का भी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल मां भारती के सभी ज्ञात-अज्ञात महान सपूतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि सहकार का ही एक परिवर्तित रूप सहकारिता है। उन्होंने कहा कि एक स्वावलंबी भारत का निर्माण करना है तो सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सहकारिता आंदोलन देश में नई ऊंचाई प्राप्त कर रहा है। पहली बार देश में सहकारिता मंत्रालय का गठन हुआ और उसका नेतृत्व गृहमंत्री अमित शाह को सौंपा गया। सहकारिता आंदोलन पूरे देश में हर किसान, महिला और युवा वर्ग को इस अभियान का हिस्सा बना रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में यूपी में सहकारिता आंदोलन एक नई दिशा की ओर अग्रसर हुआ है। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करते हुए उन्हें गांव के विकास और किसान के स्वावलंबन के साथ जोड़ने का कार्य हो, या जिला स्तर पर सहकारी बैंकों को पुनर्जीवित करते हुए उन्हें विकास के महत्वपूर्ण आयाम के साथ जोड़ने की कार्रवाई हो, हर दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ रहे हैं। सहकारी बैंकों में 10 लाख की सीमा को बढ़ाने की बात मुख्यमंत्री ने कही। उन्होंने सहकारी बैंकों को डिजिटल पेमेंट की ओर बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया, जिससे किसान और युवाओं को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में हर ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। एक मॉडल शॉप हर गांव में बनाने का कार्य हो रहा है। जो दुकानें पहले केवल फेयर प्राइज शॉप यानी कोटे की दुकान के रूप तक ही सीमित थीं, अब उन्हें मॉडल शॉप का रूप दिया जा रहा है। सीएम ने बताया कि इन मॉडल शॉप पर नशीले पदार्थों को छोड़कर दैनिक इस्तेमाल की वस्तुएं बेची जाएंगी। इनके



साथ ही कई वेयरहाउस का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज कौशाम्बी में 15 हजार और सुल्तानपुर में 5 हजार मीट्रिक टन क्षमता के वेयरहाउस का उद्घाटन किया गया है। केवल जनपद नहीं बल्कि हर ब्लॉक और ग्राम पंचायत में इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग के कार्यों की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### हमें कोई ऐसा कानून स्वीकार नहीं..., उत्तराखंड में लागू यूसीसी को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी जमीयत

**सहारनपुर, एजेंसी।** मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार को दी प्रतिक्रिया में कहा कि हमें कोई ऐसा कानून स्वीकार्य नहीं जो शरीयत के खिलाफ हों। मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है, लेकिन अपनी शरीयत से कोई समझौता नहीं कर सकता। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने पर जमीयत उलमा-ए-



हिंद ने फैसले को नैनीताल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि ऐसा करके न केवल नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला किया गया है, बल्कि यह कानून पूरी तरह से भेदभाव और पूर्वाग्रह पर आधारित है।

मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार को दी प्रतिक्रिया में कहा कि हमें कोई ऐसा कानून स्वीकार्य नहीं जो शरीयत के खिलाफ हों। मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है, लेकिन अपनी शरीयत से कोई समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता कानून में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366, खंड 25 के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों को छूट दी गई है तथा तर्क दिया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत उन के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान की गई है। मदनी ने सवाल उठाया कि यदि संविधान की एक धारा के तहत अनुसूचित जनजातियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता है तो हमें संविधान की धारा 25 और 26 के तहत धार्मिक आज़ादी क्यों नहीं दी जा सकती है। जिसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों को मान्यता देकर धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है। इस प्रकार देखा जाए तो समान नागरिक संहिता मौलिक अधिकारों को नकारती है।

मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सच तो यह है कि किसी भी धर्म का अनुयायी अपने धार्मिक मामलों में किसी तरह का अनुचित हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता मुसलमानों के लिए अस्वीकार्य है और देश की एकता और अखंडता के लिए भी हानिकारक है।

### पुरुषों के 13 अखाड़े तो महिलाओं के क्यों नहीं?, अब कोर्ट में आई



**प्रयागराज, एजेंसी।** महिला संत त्रिकाल भवंता ने 2013 के कुंभ में महिलाओं के लिए अलग अखाड़े की स्थापना की थी। इसके बाद से महिलाओं के लिए अलग से अमृत स्नान की व्यवस्था कराने की मांग उठ रही है, लेकिन 13 मान्यता प्राप्त अखाड़ों के विरोध के कारण अभी तक परी अखाड़े को सफलता नहीं मिल सकी है। महाकुंभ में महिला संतों के लिए अलग अमृत स्नान की लड़ाई अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गई है। परी अखाड़े की ओर से दायर याचिका में सवाल उठाए गए हैं कि पुरुषों के लिए 13 अखाड़े हैं तो महिलाओं के लिए क्यों नहीं? इससे पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर ही पहली बार प्रयागराज महाकुंभ में परी अखाड़े को भूमि आवंटित कर सुविधाएं दी गई हैं, हालांकि हरिद्वार, नासिक और उज्जैन के कुंभ में उन्हें सरकारी सुविधाएं मिलीं थीं, लेकिन अमृत स्नान की अनुमति नहीं मिल सकी थी। महिला संत त्रिकाल भवंता ने 2013 के कुंभ में महिलाओं के लिए अलग अखाड़े की स्थापना की थी। इसके बाद से महिलाओं के लिए अलग से अमृत स्नान की व्यवस्था कराने की मांग उठ रही है, लेकिन 13 मान्यता प्राप्त अखाड़ों के विरोध के कारण अभी तक परी अखाड़े को सफलता नहीं मिल सकी है। अब प्रयागराज महाकुंभ में एक बार फिर परी अखाड़ा इस मुद्दे को लेकर मुखर है। इस संबंध में हाल ही में परी अखाड़े से जुड़ीं महिला संतों ने निरंजनी अखाड़े के प्रमुख और आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि और जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक एवं अखाड़ा परिषद के महामंत्री स्वामी हरि गिरि से भी वार्ता की, लेकिन बात नहीं बनी।

## अमृतसर में बाबासाहेब की प्रतिमा खंडित होने पर मायावती का आप पर निशाना, सख्त कार्रवाई की मांग

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अमृतसर में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने को लेकर पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी लापरवाही से ऐसी घटना हुई है। इसमें असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई हो।



बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट में स्थापित प्रतिमा खंडित करने व वहां संविधान की किताब के नजदीक आग लगाने का प्रयास शर्मनाक है। सरकारी लापरवाही से हुई ऐसी घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।

उन्होंने आगे लिखा कि पंजाब में आप पार्टी की सरकार इस दुखद व अप्रिय घटना को अति-गंभीरता से लेकर ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करें। ताकि भविष्य में ऐसी दुखद व तनाव पैदा करने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। मायावती ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरा देश कल बाबा साहेब का संविधान लागू होने के ऐतिहासिक दिन पर 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा था, संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा का यह अनादर करना खासकर आप पार्टी व उसकी सरकार के लिए बहुत शर्मिंदगी की बात है।

मायावती ने कहा कि बाबा साहेब का हर प्रकार का अनादर-अपमान तथा भारतरत्न नहीं देकर उनका तिरस्कार करना और उनके अनुयायियों की हमेशा उपेक्षा करने वाली कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी जन्मस्थली मध्यप्रदेश के महू में संविधान दिवस रैली करना विशुद्ध राजनीतिक छल व छलावा तथा चुनावी स्वार्थ है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब अभी दिल्ली में विधानसभा का आम चुनाव चल रहा है तो दिल्ली के मतदाताओं को खासकर आप, कांग्रेस व भाजपा के भी दोगले चाल, चरित्र व चेहरे से सावधानी बरतते हुए केवल अपनी अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी को ही वोट देकर इसे मजबूत बनाएं, यही इनके हित में है।

ज्ञात हो कि 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, जो अमृतसर के हेरिटेज स्ट्रीट पर स्थित है, उसे एक शरारती व्यक्ति द्वारा तोड़ने का प्रयास किया गया तथा संविधान को भी आग लगाने का प्रयास किया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने उसे नीचे उतर पुलिस के हवाले किया। जब इस बात की जानकारी विभिन्न समाज संगठनों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे और अपना विरोध जताया।

## सद्भावना सम्मेलन में सीएम योगी ने लिया हिस्सा, कहा - वसुधैव कुटुंबकम की भावना लेकर चलता है सनातन

**महाकुंभ नगर, एजेंसी।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मानव उत्थान सेवा समिति के सद्भावना सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में पहुंचकर सीएम योगी ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित किया।



सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सतपाल महाराज के गुरुदेव एक सिद्ध योगी थे, उनकी साधना ने भारत के सनातन धर्म की पवित्र परंपरा से आगे बढ़कर मानव कल्याण का जो मार्ग प्रशस्त किया, उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए देश और दुनिया में सनातन धर्म के मूल्यों को पूरी मजबूती के साथ स्थापित करने का काम सतपाल महाराज इस सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से कर रहे हैं। सनातन धर्म यह तेरा या मेरा का संकुचित भाव लेकर नहीं चलता, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना लेकर चलता है और उसी सद्भावना का संदेश पूरी मानवता को देने के लिए सनातन धर्म आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया में मानवता कराह रही है, तब सनातन धर्म विश्व मानवता को एक मार्ग दिखा सकता है और यह मार्ग इस सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से, इस सम्मेलन में उपस्थित समुदाय और उपस्थित श्रद्धालुओं के माध्यम से मिल सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपने व्यस्त कार्यक्रम के समापन के बाद सीएम योगी सद्भावना सम्मेलन में हिस्सा लेने गए। उन्होंने सद्भावना सम्मेलन के उद्देश्यों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही असली महाकुंभ है।

अपने संबोधन में सीएम योगी ने यह भी बताया कि वह अपने आज के इस दौरे में एयरपोर्ट पहुंच गए थे, स्टेट प्लेन में बैठने जा रहे थे तभी उन्होंने सतपाल महाराज से बात की तो पता चला कि उनका कार्यक्रम अभी चल रहा है, जिसके बाद वह एयरपोर्ट से वापस लौट आए और इस सम्मेलन में उनके साथ शामिल हुए।

सम्मेलन में सतपाल महाराज के अलावा मां अमृता रावत, विभु और सुयश महाराज भी मौजूद रहे। यूपी के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उनके साथ थे। इस अवसर पर सद्गुरु सतपाल महाराज ने दिव्य और भव्य महाकुंभ की व्यवस्था की सराहना करते हुए सीएम योगी का जिक्र किया और कहा कि संत जब राजनीति में होता है, तो राजनीति निष्काम और पवित्र हो जाती है।

## कानपुर में मिली घर से लापता एक और बुज़ुर्ग की लाश : पहले भी हो चुकीं ऐसी कई घटनाएं

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** लहसुन के मिलने के क्रम मेंयहां एक और बुजुर्ग की लाश नाले से बरामद की गई है। वहां 16 दिनों से अपने घर से लापता था। अब पुलिस उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की छानबीन कर रही है।

इस घटना का संबंध गोविंदनगर थाना क्षेत्र से है जहां सीटीआई नाले में बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त लालमन वर्मा (58) के रूप में हुई है। मृतक के बेटे पंकज के मुताबिक पिताजी 12 जनवरी से लापता थे। आज नाले में शव मिलने से सूचना मिली है। या मामला कहीं हत्या जैसी किसी घटना से जुड़ा तो नहीं ,इस बारे में पुलिस जांच में जुटी है।

अवगत कराते चलें कि कानपुर में यह मामला पहले नहीं है। इसके पहले भी यहां इस तरह की और भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें कई का खुलासा और उनकी शिनाख्त आज तक नहीं हो सकती है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रृंगेरी, पुरी और द्वारका पीठ के शंकराचार्यों का लिया आशीर्वाद

**महाकुंभ नगर, एजेंसी।** महाकुंभ में संगम में पवित्र स्नान करने देश के गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को तीर्थराज प्रयागराज पहुंचे। सपरिवार संगम में स्नान करने और अक्षय वट का दर्शन कर गृह मंत्री शंकराचार्यों से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

गृह मंत्री ने श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती, पुरी पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती और द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती से मिलकर, उनका आशीर्वाद लिया और कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने संगम स्नान, गंगा पूजन और अक्षयवट दर्शन कर पूज्य संतों के साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया। गृह मंत्री ने सपरिवार साधु-संतों के साथ भोजन



किया और सभी साधु-संतों से आशीर्वचन प्राप्त कर पूज्य शंकराचार्यों से मिलने उनके शिविर मेला क्षेत्र के सेक्टर-18 में शंकराचार्य मार्ग पर पहुंचे।

सनातन धर्म के मार्गदर्शक और सर्वोच्च धर्मगुरु शंकराचार्यों के शिविरों में जाकर गृह मंत्री अमित शाह ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। गृह मंत्री ने शंकराचार्यों से महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। साथ ही उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं के बारे में शंकराचार्य से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। शंकराचार्य विधुशेखर भारती ने गृह मंत्री को श्रीफल-शॉल देकर सम्मानित किया और आशीर्वचन से अभिसिंचित किया। गोवर्धन पीठ पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती और द्वारिका पीठ के सदानंद सरस्वती जी ने गृह मंत्री को आशीर्वाद देकर सनातन के उत्कर्ष और एकता की दिशा में नीतियों का निर्माण करने का सुझाव दिया। इसके बाद गृह मंत्री निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद के भी शिविर में भी गए।

### रिपोर्ट दर्ज होते ही लुटेरी दुल्हन दरोगा के घर को छोड़कर भागी

**कानपुर, एजेंसी।** ग्वालटोली थाने में तैनात दरोगा आदित्य कुमार लोचव को झांसा देकर उससे तीसरी शादी रचाने वाली लुटेरी दुल्हन बुलंदशहर के बीबीनगर स्थित दरोगा के घर पर ताला लगाकर रफूचक्कर हो गई है। मामला सामने आने के बाद महिला ने दरोगा के घर पर कब्जा कर लिया था। दरोगा किसी तरह के आरोप से बचने के लिए मेरठ वाले घर नहीं जा रहा था। रविवार को जब पुलिस की एक टीम जांच के लिए मेरठ पहुंची तो पता चला कि महिला घर का सारा सामान साथ लेकर जा चुकी है। पुलिस अब लुटेरी दुल्हन की तलाश में बुलंदशहर और मेरठ समेत कई जिलों में दबिश दे रही है। सूत्रों का कहना है कि जांच में पुलिस को लुटेरी दुल्हन के खिलाफ कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं।

## 20 मेधावियों को 48 लाख देगा बीएसयू, यंग लाइब्रेरियन को मिलेगा मौका

**वाराणसी, एजेंसी।** बीएचयू में यंग लाइब्रेरियन बनने के लिए डॉ. एसआर रंगनाथन इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। इसके तहत देश के टॉप-100 विश्वविद्यालयों और संस्थानों के 20 टॉपर्स बीएचयू में लाइब्रेरी साइंस की तकनीक सीखेंगे।



सेंट्रल लाइब्रेरी समेत सभी 16 संकायों के पुस्तकालयों में एक साल तक सप्ताह के सभी छह दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। चुने गए 20 मेधावियों एक साल तक कुल 48 लाख रुपये दिए जाएंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस (आईओई) के तहत हर एक को सालाना 2.40 लाख रुपये वेतन का भुगतान किया जाएगा। आवेदन का फॉर्मेट बीएचयू की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। इसे भरकर कॉपी मेल करने के साथ ही दिए गए पते पर सेंट्रल ऑफिस में डाक से भेजनी होगी। फेलोशिप की योग्यता लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एनआईआरएफ में शामिल टॉप-100 संस्थानों में से ही किसी एक की डिग्री होनी चाहिए। आयु सीमा अधिकतम 26 साल है। पीजी के रिजल्ट में न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत और 12वीं और स्नातक में 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

**प्रवेश परीक्षा के लिए दी जाएगी सूचना:** चयन प्रवेश परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर होगा। भेजे गए आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद प्रवेश परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी। वहीं, वेबसाइट पर भी एडमिट कार्ड या कॉल लेटर जारी किया जाएगा।

## आगरा से अब बंगलूरू के लिए भी हर दिन चलेगी फ्लाइट, मुंबई के लिए भी शुरू होगी नियमित उड़ान

**आगरा, एजेंसी।** आगरा का सिविल एन्क्लेव जून 2026 तक बनकर तैयार होगा। ये अक्तूबर में शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही कई बड़े शहरों तक आगरा से हवाई यात्रा के जरिए पहुंच आसान हो जाएगी। आगरा से अहमदाबाद की तरह आगरा से बंगलूरू की फ्लाइट हर दिन शुरू होगी। अभी यह सप्ताह में चार दिन ही है। इसी तरह मुंबई-आगरा फ्लाइट भी नवी मुंबई में एयरपोर्ट बनने के बाद अप्रैल से नियमित हो सकती है। सोमवार को खेरिया एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में इंडिगो एयरलाइंस प्रबंधन ने यह जानकारी साझा की। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने धनौली में बन रहे सिविल एन्क्लेव को अगले साल अक्तूबर में शुरू करने का भरोसा दिलाया। इसका निर्माण कार्य जून 2026 में पूरा हो जाएगा।

सलाहकार समिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आगरा से गुवाहाटी, कोलकाता, शिलांग के बीच, आगरा से सूरत-मुंबई-गोवा और आगरा से चेन्नई, आगरा से श्रीनगर के बीच फ्लाइट शुरू करने के लिए कहा। कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने आगरा से अयोध्या और प्रयागराज होते हुए वाराणसी तक उड़ान शुरू करने का सुझाव दिया। इंडिगो एयरलाइंस ने सुझावों को उच्च प्रबंधन तक भेजने का भरोसा दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने जस्टिस डिपार्टमेंट से 12 अफसर निकाले, ट्रम्प के खिलाफ जांच में शामिल थे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी न्याय विभाग से 12 से ज्यादा अधिकारियों की छुट्टी कर दी है। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक ये अधिकारी ट्रम्प के खिलाफ 2020 में चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश के आरोपों की जांच में शामिल थे। इन अधिकारियों ने पूर्व स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ के साथ मिलकर ट्रम्प के खिलाफ कार्रवाई की थी। न्याय विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बयान में कहा गया कि कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल जेम्स मैकहेनरी ने ट्रम्प के खिलाफ जांच में शामिल होने की वजह से अधिकारियों को निकाला है। पूर्व स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ ने ट्रम्प के खिलाफ 2 जांच शुरू की थी। इन दोनों मामलों में ट्रम्प के खिलाफ के महाभियोग लाया गया। पहला मामला 2020 में राष्ट्रपति चुनावों को अवैध रूप से पलटने की कोशिश से जुड़ा था। दूसरा मामला 2021 में कैपिटल हिल हिंसा और ट्रम्प के व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद अवैध रूप से कुछ दस्तावेजों को अपने साथ ले जाने से जुड़ा था। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद उन लोगों को प्रशासन से बाहर करने का फैसला किया था, जिन्हें वे राजनीतिक शत्रु मानते थे। उन्होंने इस आदेश पर साइन भी कर दिए थे। हालांकि स्मिथ की टीम के किन अधिकारियों को निकाला गया है, ये अभी साफ नहीं हैं। अमेरिकी संसद कैपिटल हिल पर 6 जनवरी 2021 को हमले के दो आरोपियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का क्षमादान स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। द गार्जियन के मुताबिक आरोपी जेसन रिडल और पामेला हेम्पहिल का कहना है कि कैपिटल हिल पर जो भी किया गया था, वह माफी के काबिल नहीं है।



### कांगो के गोमा शहर पर विद्रोहियों के कब्जे का दावा, सरकार बोली- दाखिल तो हुए, लेकिन कब्जे की बात गलत

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा पर विद्रोही संगठन M23 के लड़ाकों ने सोमवार को कब्जा करने का दावा किया। यहां सेना और विद्रोहियों के बीच लड़ाई जारी थी। इन विद्रोहियों को पड़ोसी देश रवांडा का समर्थन हासिल है। लड़ाई के बाद हजारों लोग शहर छोड़कर भाग निकले। लगभग 20 लाख की आबादी वाले गोमा शहर में विद्रोहियों के घुसने और गोलीबारी से अफरातफरी का माहौल था। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक कई लोग सड़कों पर खड़े होकर विद्रोहियों का स्वागत भी कर रहे थे। दूसरी तरफ हजारों लोग अपने बच्चों और अन्य सामान के साथ रवांडा की सीमा में चले गए हैं। कांगो सरकार ने शहर में विद्रोहियों को घुसने की बात कबूली है, लेकिन शहर पर कब्जे की बात से इनकार किया है। विद्रोही गुट M23 कांगो में सक्रिय 100 से ज्यादा विद्रोही गुटों में से एक है। इन विद्रोहियों ने 2012 में भी गोमा पर अस्थायी तौर पर कब्जा कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण में बाद में पीछे भी हट गए थे। हालांकि 2021 के अंत से इस गुट ने यहां एक बार फिर पैर पसारने शुरू कर दिए थे। कांगो सरकार और UN ने रवांडा पर विद्रोहियों को समर्थन देने के आरोप लगाए हैं। हालांकि रवांडा ने इन आरोपों को खारिज किया है।



### कैलाश मानसरोवर यात्रा 5 साल बाद फिर शुरू होगी, भारत-चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी शुरू होगी

**नई दिल्ली।** इस साल गर्मी के मौसम से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही भारत-चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स सर्विस भी शुरू होगी। हालांकि, अभी इसकी डेट नहीं आई है। यह जानकारी सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। इसमें बताया गया कि यह 2 बड़े फैसले बीजिंग में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच दो दिन की बैठक में लिए गए। फ्लाइट सर्विस और यात्रा 2020 से बंद थी कैलाश मानसरोवर यात्रा और दोनों देशों के बीच फ्लाइट सर्विस 2020 से बंद थी। इसकी वजह दोनों के बीच सीमा विवाद के बाद खराब रिश्ते और कोविड की लहर थी। भारत-चीन के बीच जून 2020 में डोकलाम विवाद हुआ था और 2019 मार्च में कोविड की पहली लहर आई थी।



### सोलापुर में GB सिंड्रोम के 9 नए केस, 1 मौत, मरीजों की संख्या 110 हुई, 17 वेंटिलेटर पर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर में सोमवार को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) के 9 और केस सामने आए। अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इन मरीजों में 73 पुरुष और 37 महिलाएं हैं, जबकि 17 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। इससे पहले 26 जनवरी को सोलापुर के रहने वाले 40 साल के शख्स की मौत इसी GB सिंड्रोम के कारण हुई थी, इसकी पुष्टि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर ने भी की। सोलापुर सरकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजीव ठाकुर के मुताबिक मरीज को सांस फूलने, निचले अंगों में कमजोरी और दस्त जैसे लक्षण थे। उसे 18 जनवरी से लगातार वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। डीन ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए क्लिनिकल पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें वजह GB सिंड्रोम बताई गई। जांच के लिए ब्लड सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) भेजा गया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों से 34 वाटर सैंपल भी कैमिकल और बायोलॉजिक एनालिसिस के लिए पब्लिक हेल्थ लैब भेजे गए। इनमें से सात सैंपल में पानी के दूषित होने की सूचना मिली है। गौरतलब है कि पुणे में 9 जनवरी को अस्पताल में भर्ती मरीज GBS पॉजिटिव आया था, यह पहला केस था। 19 दिन में एक्टिव केस बढ़ गए हैं।

### करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ, उसका सहयोगी चेतन हिरासत में, लोकायुक्त दफ्तर में चल रही पूछताछ

**भोपाल।** भोपाल में आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को लोकायुक्त की टीम ने हिरासत में ले लिया। सौरभ को टीम ने कोर्ट परिसर के बाहर से पकड़ा। हालांकि कुछ देर बाद उसकी गिरफ्तारी की खबर भी आई। बाद में लोकायुक्त डीजी जयदीप प्रसाद ने कहा कि उसे हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। लोकायुक्त डीजी ने कहा कि गिरफ्तारी कर 24 घंटे के भीतर उसे कोर्ट में पेश करेंगे। सौरभ के खिलाफ जो भी मामले दर्ज हैं उनमें पूछताछ होगी। सौरभ इस दौरान कहां-कहां रहा ये भी स्पष्ट होगा। जयदीप प्रसाद ने कहा कि एजेंसियों से सौरभ को जान का कोई खतरा नहीं होगा। उन्होंने पूछताछ की वीडियोग्राफी के सवाल से इनकार किया है। वहीं, सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने बताया कि सौरभ कोर्ट के आदेश पर आज 11 बजे हाजिर होने वाला था। लेकिन लोकायुक्त पुलिस ने उसे अवैध तरीके से अरेस्ट कर लिया। जबकि सौरभ ने सोमवार को कोर्ट में खुद उपस्थित होकर सरेंडर करने का आवेदन दिया था। पाराशर ने लोकायुक्त के खिलाफ कोर्ट में आवेदन भी लगा दिया है। बता दें कि मेंडारी के जंगल में जिस कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश मिला था, वह चेतन गौर की थी।

# नॉर्थ गाजा में लौटे 3 लाख फिलिस्तीनी

## इजराइल ने वापसी की मंजूरी दी, गाजा में शवों को निकाल रही रेड क्रॉस

एजेंसी, हमास

इजराइल-हमास ग के 15 महीने बाद 3 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी नागरिक रफा बॉर्डर और साउथ गाजा के इलाके से नॉर्थ गाजा की तरफ लौटे चुके हैं। 19 जनवरी को हुए सीजफायर के बाद कल यानी सोमवार, 27 जनवरी को इजराइल ने फिलिस्तीनी नागरिकों नॉर्थ गाजा में लौटने की मंजूरी दी। जंग शुरू होने के बाद 10 लाख से ज्यादा लोग साउथ की तरफ चले गए थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में इजराइली हमलों से 47 हजार से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 1.10 लाख से ज्यादा घायल हुए हैं। सीजफायर डील के तहत यह तय हुआ था कि इजराइल, 25 जनवरी से उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनी लोगों को लौटने की अनुमति देगा। हालांकि इजराइल-हमास के बीच विवाद की वजह से इसमें 2 दिन की देरी हुई।

**हमास बोला- लोगों का घर लौटना इजराइल की हार:** हमास ने गाजा के विस्थापितों की घरवापसी को अपनी जीत बताया है। हमास ने कहा कि गाजा पर इजराइली कब्जे का प्लान फेल हो चुका है। लोगों का अपने घर लौटना इजराइल की हार का संकेत है। इजराइल ने सोमवार सुबह 9 बजे नेत्जरिम कॉरिडोर को खोल दिया। बीबीसी के मुताबिक नेत्जरिम कॉरिडोर के खुलने के 2 घंटे के भीतर दो लाख विस्थापित फिलिस्तीनी पैदल गाजा की सीमा में घुसने में कामयाब हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2 घंटे के बाद गाड़ियों के लिए सीमा खोली गई।

**इजराइल बोला- हमास की कैद में 8 बंधक मारे गए:** इजराइल ने कहा कि हमास की ओर से जारी की गई सूची में 33 में 8



बंधक पहले ही मारे जा चुके हैं। सरकार के प्रवक्ता डेविड मेंसार ने इसकी पुष्टि की है। इसका मतलब है कि अब आने वाले समय में हमास सिर्फ 18 बंधकों को ही रिहा करेगा। इजराइल सीरफायर के पहले चरण में अब तक 7 बंधकों को रिहा कर चुका है।

**हमास इस हफ्ते 6 और इजराइली बंधकों को रिहा करेगा:** सीजफायर समझौते के तहत इस हफ्ते हमास, इजराइल के 6 नागरिकों को रिहा करेगा। इन्हें 3-3 के दो बैच में गुरुवार और शनिवार को रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इजराइल ने सोमवार, 27 जनवरी से नॉर्थ गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों को वापस लौटने की अनुमति दे दी।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी जानकारी दी। रिहा होने वाले बंधकों में दो महिलाएं अर्बेल येहुद और अगर बर्गर शामिल हैं। इन्हें हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को बंधक बना लिया था। इजराइल ने पिछले हफ्ते शनिवार को रिहा हुई 4 महिला बंधकों के साथ अर्बेल येहुद को रिहा करने की मांग की थी। हालांकि हमास ने अर्बेल की शनिवार को रिहाई नहीं की। इसे इजराइल ने सीजफायर का उल्लंघन बताया था।

### दिल्ली दंगों के आरोपी को चुनाव प्रचार के लिए पैरोल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को मंगलवार को दिल्ली चुनाव प्रचार के लिए 6 दिन की सशर्त कस्टडी पैरोल दी है। ताहिर इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM से मुस्तफाबाद सीट से कैंडिडेट है। ताहिर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 'चुनाव में 4 दिन बचे हैं, उसे चुनाव प्रचार के लिए जल्द अंतरिम जमानत दी जाए।' दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। चुनाव प्रचार 3 फरवरी की शाम को खत्म हो जाएगा। हर दिन पुलिस खर्च के 2 लाख रुपए देने होंगे सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'हुसैन को 29 जनवरी से 3 फरवरी तक दिन के समय (जेल मैनुअल के अनुसार 12 घंटे के लिए) चुनाव प्रचार के लिए रिहा किया जाएगा। रात में जेल लौटना होगा।' कोर्ट ने हुसैन को सुरक्षा खर्च के तौर पर हर दिन 2.47 लाख रुपए देने को कहा।

# PM मोदी फरवरी में अमेरिका जा सकते हैं

एजेंसी, वॉशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करने अमेरिका जा सकते हैं। ट्रम्प ने सोमवार को नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि PM मोदी के फरवरी में अमेरिका आने की उम्मीद है। हालांकि, अभी भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर मोदी वही करेंगे जो सही होगा। जब हम अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को उनके देश भेजेंगे, तो मोदी सही फैसला लेंगे। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। हम भारत से IT प्रोफेशनल्स को लेने के लिए तैयार हैं। अमेरिका भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 118 अरब डॉलर से ज्यादा रहा था। इसमें भारत का ट्रेड सरप्लस 41 अरब डॉलर रहा



था।


दोनों नेताओं में हथियारों की खरीद पर बात व्हाइट हाउस ने दोनों नेताओं की बातचीत के बाद कहा, 'ट्रम्प ने भारत से अमेरिकी हथियारों की खरीद और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापार संबंध के बारे में भी बात की। दोनों नेताओं ने इंडो-पैसेफिक, मिडिल ईस्ट और यूरोप में सिक्योरिटी समेत कई मुद्दों पर बात की।' ट्रम्प ने पहले कार्यकाल में राष्ट्रपति के तौर पर 2020 में आखिरी विदेश यात्रा भारत की ही की थी। भारत सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दौरे को नमस्ते ट्रम्प नाम दिया था।

# ट्रम्प की टैरिफ लिस्ट में भारत-चीन का नाम, कहा- अमेरिका को नुकसान पहुंचाने वालों पर टैरिफ लगाएंगे

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका वापस उस सिस्टम को अपनाए जिसने उसे धनी और ताकतवर बनाया है।

ट्रम्प ने कहा हम उन देशों और बाहरी लोगों पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। देखिए दूसरे देश क्या करते हैं। चीन बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। भारत, ब्राजील और बाकी देश भी ऐसा ही करते हैं। हम ऐसा अब और नहीं होने देंगे क्योंकि हम अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ये तीनों देश (ब्राजील, चीन, भारत) अपने हितों के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन इससे अमेरिका को नुकसान पहुंच रहा है। अमेरिका एक ईमानदार सिस्टम तैयार करेगा, जिससे हमारे खजाने में पैसा आएगा और अमेरिका फिर से बहुत अमीर हो जाएगा। यह सब कुछ बहुत जल्द होगा। ट्रम्प बोले- अपने लोगों को अमीर बनाएंगे, दूसरे देशों पर टैक्स लगाएंगे ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देशों को अमीर बनाने के लिए अपने लोगों पर टैक्स लगाने की जगह हम अपने



लोगों को अमीर बनाने के लिए दूसरे देशों पर टैक्स लगाएंगे। विदेशी कंपनियां हाई टैरिफ से बचना चाहती हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही अपना प्लांट लगाना होगा।

अमेरिका फर्स्ट का नारा दोहराते हुए ट्रम्प ने कहा कि जैसे अन्य देशों पर टैरिफ बढ़ेंगे वैसे ही अमेरिकी वर्कर्स और इंडस्ट्री पर टैक्स कम हो

### यह बहुत जल्द होगा

जाएंगे। इससे हमारे देश में बड़ी संख्या में नौकरियां आएंगी और कारखाने लगेंगे। सेना से ट्रांसजेंडर आइडियोलॉजी खत्म कर देंगे ट्रम्प ने सेना में ट्रांसजेंडर्स और DEI (विविधता, समानता और समावेश) प्रोग्राम पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह तय करने के लिए कि हमारे पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना, हम अपनी सेना से ट्रांसजेंडर आइडियोलॉजी पूरी तरह से खत्म कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने सरकार और प्राइवेट सेक्टर और सेना में सभी DEI संबंधी बकवास पॉलिसी को खत्म करने का आदेश दिया है। हमने इसे एक हफ्ते में किया। यह इतना आसान नहीं था, लेकिन हर कोई यही चाहता था। ट्रम्प बोले- कंपनियां चीनी AI मॉडल से सावधान रहें ट्रम्प ने चीन की डीपसीक AI को लेकर अमेरिकी इंडस्ट्री को चेतावनी है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई जीतने के लिए इस तरफ पूरा फोकस करना होगा। हालांकि ट्रम्प ने यह भी कहा कि यह झटका सिलिकॉन वैली के लिए पॉजिटिव भी हो सकता है क्योंकि इससे उसे कम कीमत में इनोवेशन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# SC ने शरीयत और उत्तराधिकार पर केंद्र का रुख पूछा

एजेंसी, नई दिल्ली

उत्तराधिकार के लिए शरीयत कानून (मुस्लिम पर्सनल लॉ) न मानने वाली महिला की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। महिला का कहना है कि वह शरीयत में विश्वास नहीं करती। वह इसे रूढ़िवादी मानती है। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि यह आस्था के खिलाफ हो सकता है। इस वजह से मंगलवार को कोर्ट ने केंद्र से उसका रुख पूछा है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच कर रही है। महिला की मांग है कि जो लोग मुस्लिम पर्सनल लॉ नहीं मानना चाहते उन्हें भारत के उत्तराधिकार कानून के तहत पैतृक संपत्ति पर उत्तराधिकार का हक मिलना चाहिए। अनुच्छेद-25 के तहत धर्म में विश्वास न रखने का अधिकार शामिल हो केरल की रहने



वाली महिला का नाम सफिया है। वह एक्स मुस्लिम्स ऑफ केरल संस्था की महासचिव है। सफिया का कहना है कि उसने आधिकारिक तौर पर इस्लाम धर्म नहीं छोड़ा है।

वह नास्तिक है और अनुच्छेद-25 के तहत धर्म का मौलिक अधिकार चाहती है। महिला का कहना है कि इस अधिकार के तहत धर्म में विश्वास करने और धर्म में विश्वास न करने, दोनों अधिकार शामिल होने चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि अपना धर्म छोड़ने के बाद भी उत्तराधिकार और अन्य महत्वपूर्ण नागरिक अधिकार मिलते रहें। शरिया कानून के अनुसार जो इस्लाम धर्म छोड़ने के बाद व्यक्ति को उसके समुदाय से निकाल दिया जाएगा। इसके बाद वह अपनी संपत्ति में किसी भी तरह के उत्तराधिकार का हकदार भी नहीं होगा। याचिका में कहा गया है कि मामला सभी मुस्लिम

### याचिकाकर्ता की मांग- पर्सनल लॉ न मानने वालों को भारतीय कानून से उत्तराधिकार का हक मिले

महिलाओं के लिए है लेकिन मौजूदा याचिका उन महिलाओं के लिए है जो मुस्लिम पैदा हुई हैं और धर्म छोड़ना चाहती हैं। शरिया कानून के तहत महिलाएं एक तिहाई संपत्ति की हकदार केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए तीन हफ्ते का समय मांगा था। इस पर बेंच ने चार हफ्ते का समय देते हुए कहा- मामले की सुनवाई 5 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। सफिया ने याचिका में कहा है कि मुस्लिम महिलाएं शरीयत कानूनों के तहत संपत्ति में एक तिहाई हिस्सा पाने की हकदार हैं।

# बागपत में जैन धर्म के महोत्सव में हादसा, 7 मौतें

एजेंसी, बागपत (बड़ौत)

उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते चले गए। भगदड़ जैसे हालात हो गए। हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। 80 से अधिक घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोग खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचा रहे हैं। हादसा बागपत शहर से 20 किलोमीटर दूर बड़ौत तहसील में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। 65 फीट



### 65 फीट ऊंचाई पर मंच, जाने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां, भीड़ बढ़ी तो ढह गईं

ऊंचा लकड़ी का मंच बनाया था। उस पर भगवान की 4-5 फीट ऊंची प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु भगवान तक पहुंचने के लिए मचाननुमा सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे। वजन बढ़ने से पूरा मचान नीचे गिर गया।

# मुंबई में डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर बैन की तैयारी



### महाराष्ट्र सरकार ने स्टडी के लिए 7 मेंबर्स की कमेटी बनाई, 3 महीने में रिपोर्ट देगी

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने बढ़ते प्रदूषण की वजह से मुंबई महानगर पालिका क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने इसके लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है, जो अगले 3 महीने में अपने सुझाव सौंपेगी। 22 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार रिटायर्ड IAS अधिकारी सुधीर श्रीवास्तव कमेटी को लीड करेंगे। इसमें ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, जॉइंट पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक, महानगर गैस लिमिटेड के MD, पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM) के अध्यक्ष और जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सदस्य होंगे। आदेश के मुताबिक यह कमेटी स्टडी के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट्स को भी पैनल में शामिल कर सकेगी। मुंबई महानगर (MMR) में पड़ोसी ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले के क्षेत्र भी शामिल हैं। यानी डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध को लेकर इन इलाकों में भी स्टडी होगी।

# 11 राज्यों में कोहरा, 4 में कोल्ड वेव का अलर्ट, MP में बारिश की संभावना

एजेंसी, नई दिल्ली

मौसम विभाग ने मंगलवार को बिहार समेत 11 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कोल्ड वेव का अलर्ट है। मध्यप्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण 29 जनवरी से 15 से ज्यादा जिलों में बारिश की संभावना जताई है। उत्तरी हवाओं के कारण राज्य में बीते 4 दिन से ठंड भी बढ़ोतरी हुई है। राजस्थान में दिन में गर्मी बढ़ने लगी है। सोमवार को बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 30°C तक पहुंचा। मौसम विभाग के मुताबिक 4 से 5 फरवरी के बीच राजस्थान में बारिश की संभावना है। वहीं, बिहार के 10 जिलों में आज घने कोहरे का यलो अलर्ट है। दो पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में 29 जनवरी और 1 फरवरी को एक्टिव होगा, जिससे 1

### राजस्थान के बाढ़मेर में दिन का तापमान 30°C पहुंचा



फरवरी से फिर ठंड बढ़ने की संभावना है। इधर हरियाणा में समय से पहले ही ठंड में कमी हुई है। दिन का तापमान बढ़ रहा है। रात और दिन के तापमान में करीब 13 से 15 डिग्री तक का अंतर है। इसका असर गेहूं की फसल पर पड़ रहा है। दिल्ली में इस हफ्ते तापमान बढ़ने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ऐसा होगा। शनिवार-रविवार को बारिश के आसार हैं। इस वजह से तापमान में थोड़ी सी गिरावट आ सकती है।

# तीसरे टी20 में इंग्लैंड को हराकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी भारतीय टीम

**एजेंसी, राजकोट**

पहले दो टी20 मैचों में जीत से उत्साहित भारतीय टीम मंगलवार को यहां मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में भी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे है। उसका लक्ष्य तीसरा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना रहेगा। अब तक हुए दोनो ही मुकाबलों में भारतीय टीम हावी रही है। भारतीय टीम ने पहला मैच 7 विकेट जबकि दूसरा 2 विकेट से जीता था। वहीं दूसरी और मेहमान टीम भी इस मैच को किसी भी हाल में जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी हालांकि इसके लिए उसे बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में पिच बल्लेबाजों के अनुरुपस है। यहां पर बल्लेबाजों को ज्यादा सहायता मिलती है। अच्छी पेस और उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। यहां पर बड़े स्कोर वाला मैच होने की संभावना है। अब तक इस मैदान पर कुल पांच टी20 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जबकि दो बार दूसरी बार बल्लेबाली करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां पर टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने को देख सकती हैं, इससे यह फायदा होगा कि पहले बल्लेबाजी करके टीम



अच्छा स्कोर खड़ा कर सकती है और विरोधी टीम पर रनों का दबाव डाल सकती है। बता दें कि खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता है पिच बल्लेबाजों के लिए थोड़ी कठिन होती जाती है। पहली पारी की तुलना में यहां दूसरी पारी में रन बनाना इतना आसान नहीं है। भारतीय टीम की ओर से पहले टी20 में अभिषेक शर्मा जबकि दूसरे टी20 में तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की थी। अब इन दोनो का ही लक्ष्य इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा। वहीं इंग्लैंड की बात करें तो अब तक दोनों टी-20 मुकाबलों में कप्तान जोस बटलर को छोड़कर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। ऐसे में तीसरे मुकाबले में अन्य खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड अच्छी लय में थे पीर हालांकि, अन्य गेंदबाजों को उनका साथ देना होगा।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

भारत-सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, मोहम्मद शमी , अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा।

इंग्लैंड- जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, फिल साल्ट (विकेटकीपर), लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, बेन डकेट, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), आदिल राशिद , जैकब बेथेल।

## 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने उतारेंगे विराट कोहली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अगले हफ्ते अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में वापसी करने वाले है। दिल्ली की टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में रेलवे से भिड़ना है। कोहली 13 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ आखिरी रणजी मैच खेला था। यह वापसी बीसीसीआई के नए नियमों के तहत हो रही है, जिसमे सभी भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी है।

डीडीसीए ने कोहली की वापसी के लिए खास इंतजाम किए हैं। स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ाई गई है और करीब 10,000 दर्शकों के लिए जगह बनाई जा रही है। नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस दर्शकों के लिए खोले जाएंगे। जरुरत



पड़ने पर बाकी स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर भी दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। डीडीसीए ने घोषणा की है कि इस मैच के लिए कोई टिकट नहीं जारी किया जाएगा। सभी दर्शक मुफ्त में मैच देख सकते है।

## नेमार ने आपसी सहमति से सऊदी क्लब अल-हिलाल को कहा अलविदा


**एजेंसी, नई दिल्ली**

ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर नेमार ने सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल के साथ अपने अनुबंध को आपसी सहमति से समाप्त कर दिया है। क्लब ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की और नेमार के करियर की आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

**अल-हिलाल का बयान** : सोशल मीडिया पर जारी किए गए क्लब के बयान में कहा गया, "क्लब नेमार को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।"

**सऊदी क्लब में चोटों से प्रभावित रहा सफर** : 32 वर्षीय नेमार, जो अगस्त 2023 में अल-हिलाल का हिस्सा बने थे, चोटों के कारण अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर सके। क्लब में शामिल होने के बाद उन्होंने सिर्फ 7 मैच खेले, जबकि उनका सालाना वेतन लगभग 104 मिलियन डॉलर था। अक्टूबर 2023 में ब्राजील के लिए विश्व कप क्वालीफायर में खेलते हुए नेमार को क्रूसिएट लिगामेंट की चोट लगी, जिसके चलते उन्हें लगभग एक साल तक मैदान से दूर रहना पड़ा। हालांकि, उन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2024 में मैदान पर वापसी की, लेकिन हैमस्ट्रिंग की चोट ने उनकी वापसी को सीमित कर दिया।

**नेमार का भविष्य: अमेरिका या ब्राजील?** : नेमार ने हाल ही में कहा था कि उनका लक्ष्य 2026 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेना है, जो अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। उन्होंने सीएनएन से कहा, "यह मेरा आखिरी विश्व कप होगा, और मैं इसे खेलने के लिए पूरी कोशिश करूंगा।" नेमार के लिए अमेरिका की एमएलएस लीग और उनके पुराने क्लब सैंटोस से जुड़ने की चर्चा चल रही है। सैंटोस वही क्लब है, जहां उन्होंने अपना नाम बनाया और 177 मैचों में 107 गोल किए थे।



## आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर 2024 चुनी गईं अमेलिया केर

**एजेंसी, दुबई**

न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने मंगलवार (28 जनवरी) को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर 2024 का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। केर ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस के चलते पहली बार राचेल हेहो-फ्लिंट ट्रॉफी जीती और ऐसा करने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।

केर ने अक्टूबर 2024 में दुबई में हुए टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड को पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 43 रन बनाए और 3/24 का स्पेल फेंका। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें



प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दोनों पुरस्कारों से नवाजा गया। टी20 विश्व कप में, अमेलिया केर ने 6 मैचों में 15 विकेट लिए और 7.33 की शानदार औसत से गेंदबाजी की। साथ ही, बल्ले से 135 रन भी बनाए। पूरे साल टी20 प्रारूप में, उन्होंने 15.55 की औसत से 387 रन बनाए और 29 विकेट हासिल किए। 50 ओवर के प्रारूप में भी केर का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 2024 में 33.00 की औसत से 264 रन बनाए और 14 विकेट अपने नाम किए। इनमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार-चार विकेट लेने के शानदार स्पेल शामिल हैं। अमेलिया केर ने यह पुरस्कार जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, श्रीलंका की चमारी अथापट्टू, और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। इसके अलावा, उन्होंने महिला टी20ई क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब भी अपने नाम किया।

अमेलिया केर ने इस उपलब्धि पर कहा: "आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ़्लिंट ट्रॉफी जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। व्यक्तिगत पुरस्कारों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, लेकिन यह वाकई खास है।

## राष्ट्रीय खेलों में 5x5 बास्केटबॉल का रोमांच, देहरादून में होगी टीमों की टक्कर

**एजेंसी, देहरादून**

राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण में देहरादून 5x5 बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनेगा, जहां देश भर की सर्वश्रेष्ठ टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को तैयार हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों की उत्कृष्ट क्षमताओं के साथ आज से इस टूर्नामेंट में जोरदार एक्शन देखने को मिलेगा। पुरुष वर्ग में टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया है।

ग्रुप ए में सर्विसेज, तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तराखंड की टीमें शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के बीच मुकाबला होगा। महिला वर्ग में भी टीमें दो समूहों में बंटी हैं। ग्रुप ए में पंजाब, उत्तराखंड, केरल और उत्तर प्रदेश की टीमें होंगी, जबकि ग्रुप



बी में दिल्ली, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और कर्नाटक की टीमें खेलेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक समूह राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलते हुए शीर्ष दो टीमों को सेमीफाइनल में प्रवेश देगा। फाइनल मुकाबला 3 फरवरी, 2025 को खेला जाएगा। पिछले संस्करणों में पुरुष वर्ग में पंजाब, तमिलनाडु और दिल्ली ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाया था। वहीं, महिला वर्ग में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु का दबदबा रहा।

इस बार देखना दिलचस्प होगा कि ये दिग्गज अपनी प्रतिष्ठा बचा पाते हैं या नए चैलेंजर्स उन्हें कड़ी टक्कर देंगे। 5x5 बास्केटबॉल प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार आयोजित की जाएगी। प्रत्येक खेल चार क्वार्टर में होगा, जिनमें प्रत्येक क्वार्टर 10 मिनट का होगा। टाइमआउट, फ़ाउल और ब्रेक के दौरान घड़ी बंद रहेगी। 1 फरवरी को होने वाले फाइनल मैच के साथ, इस टूर्नामेंट में रोमांच चरम पर होगा। देहरादून में आयोजित यह प्रतियोगिता खेल प्रेमियों के लिए एक शानदार अनुभव बनने जा रही है।

## श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी की शुरुआत करेंगे हेड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया ने गाले में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उस्मान ख्वाजा के सलामी जोड़ीदार के रूप में ट्रेविस हेड को चुना है। ख्वाजा के साथ पहले नाथन मैकस्वीनी और बाद में सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में जोड़ी बनाई थी। लेकिन अब उपमहाद्वीप दौरे के लिए, वे उस फॉर्मूले पर वापस जा रहे हैं जो 2023 में भारत दौरे के दौरान कारगर साबित हुआ था और टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजी क्रम के साथ लचीलापन रखने के बारे में उन्होंने जो विचार रखा था, उसे और आगे बढ़ा रहे हैं। मैच से एक दिन पहले स्टीव स्मिथ ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "उन्होंने (हेड) भारत में नई गेंद के खिलाफ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पिनरों पर तुरंत दबाव डाला और हम जानते हैं कि अगर वे ऐसा करते हैं तो वे सीम को कितनी अच्छी तरह हिट करते हैं। उन्हें देखना मजेदार होगा।" स्मिथ ने हालांकि अंतिम एकादश का नाम बताने से मना कर दिया, उन्होंने इंतज़ार करने और परिस्थितियों को देखने को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा, "हम इंतज़ार करेंगे और देखेंगे कि हमें क्या मिलता है, शायद खेल की सुबह, और फिर वहाँ से आगे बढ़ेंगे। लेकिन चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं, दुनिया के इस हिस्से में, सूरज बहुत ज़्यादा नहीं निकला है। इसलिए हम विकेट पर एक बार फिर नज़र डालेंगे, और फिर वहाँ से, हम टॉस के समय टीम का नाम तय करेंगे।" इसका मतलब यह हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया 19 वर्षीय कोंस्टास को बाहर रखने पर विचार कर सकता है, जिसने अपने करियर की शुरुआत में ही अपनी छाप छोड़ी थी। स्मिथ ने अभी भी उन्हें टीम में रखने के सकारात्मक पहलुओं को देखा।



## बिहार शुरू करेगा ग्रामीण क्रिकेट लीग, जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

**एजेंसी, पटना**

बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) की शुरुआत करने का ऐलान किया है। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में यह लीग उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करेगी, जिन्हें अब तक जिला या राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिला है। इस पहल के साथ ही, बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग आयोजित करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

बीसीए का उद्देश्य गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और ब्लॉक स्तर पर छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें राज्य की मुख्यधारा में लाना है। इस लीग में 13 से 23 वर्ष की आयु के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को




भविष्य में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए बड़े मंच प्रदान किए जाएंगे। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, "बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) हमारी एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत हम उन खिलाड़ियों की खोज करेंगे, जिन्हें अब तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिला। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें तराशा जाए और क्रिकेट की मुख्यधारा में लाया जाए।" लीग की शुरुआत सभी जिलों में टैलेंट हंट कार्यक्रमों के आयोजन से होगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन कर 16 टीमें बनाई जाएंगी, जो जिला स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। प्रत्येक जिले में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिसमें 8 लीग मैच, 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और 1 फाइनल शामिल होगा। सभी जिलों को मिलाकर कुल 570 मैच खेले जाएंगे। जिला फाइनल में सेलिब्रिटी, स्टार क्रिकेटर और ब्रांड एंबेसडर भी शामिल होंगे। जिला स्तरीय टूर्नामेंट के बाद बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बिहार ग्रामीण लीग सुपर लीग में भाग लेंगे। सुपर लीग में कुल 38 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें 8 समूहों में विभाजित किया जाएगा। लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप के तहत हर समूह में मैच खेले जाएंगे।

## एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी, डब्ल्यूसीएल में करेंगे साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी




**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर आई है। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने चार साल के लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट में अपनी वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम की कप्तानी करेंगे। यह टी20 टूर्नामेंट सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों को एक साथ लाकर प्रशंसकों को पुरानी यादों और रोमांच का अनुभव कराने का वादा करता है। डब्ल्यूसीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में एबी डिविलियर्स ने कहा, "चार साल पहले, मैंने क्रिकेट से संन्यास लिया क्योंकि खेलने की मेरी इच्छा खत्म हो गई थी। लेकिन मेरे छोटे बेटों के साथ बगीचे में क्रिकेट खेलते-खेलते मेरे अंदर की लौ फिर से जल उठी। अब मैं जिम और नेट्स पर वापसी कर रहा हूं और जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा।" डिविलियर्स की निडर बल्लेबाजी और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा ने हमेशा प्रशंसकों का दिल जीता है। उनकी वापसी की खबर से क्रिकेट जगत में नई ऊर्जा भर गई है। डिविलियर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे, जो पहले सीजन में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन, और इमरान ताहिर जैसे दिग्गजों से सजी हुई थी। टीम के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने कहा,

"हम डब्ल्यूसीएल में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रदर्शित करने को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है, और उनके नेतृत्व में हम नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे।"

सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, "एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि एक प्रेरणा हैं। उनकी वापसी खेल के प्रति उनके प्रेम और समर्पण को दर्शाती है। यह लीग और हमारी टीम के लिए ऐतिहासिक क्षण है।" वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का उद्देश्य क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों को एक बार फिर मैदान पर देखने का मौका देना है। लीग के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने कहा, "हमने डब्ल्यूसीएल की शुरुआत उन दिग्गजों को वापस लाने के लिए की, जिन्हें हम बहुत याद करते हैं। एबी डिविलियर्स की वापसी से हमें गर्व है, और मुझे यकीन है कि दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसक इस खबर से खुश होंगे।"

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 29 जनवरी, 2025





## ढाई करोड़ साल पुरानी एक ऐसी 'रहस्यमय' झील, जिसका पानी बदलता रहता है अपना रंग

अगर आप इतिहास-भूगोल में जरा भी रूचि रखते हैं तो 'पामीर के पठार' के बारे में जरूर जानते होंगे. इसे दुनिया की छत कहा जाता है और इसी छत के बीच एक प्राचीन और 'रहस्यमय' झील भी है, जिसका नाम है कराकुल झील. समुद्र तल से करीब 4 हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह झील 380 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है और 230 मीटर तक गहरी है. यह झील देखने में तो बेहद ही खूबसूरत लगती है, क्योंकि यह चारों तरफ से बर्फीले पहाड़ों और ऊंचे रेगिस्तानी इलाकों से घिरी हुई है, लेकिन इस झील तक पहुंचना इतना आसान नहीं है. यहां तक आने के लिए लोगों को जोखिम भरे सफर करने पड़ते हैं. हालांकि जोखिमों से नहीं डरने वाले लोग दूर-दूर से इस झील को देखने के लिए आते हैं.

वैसे सच्चाई तो किसी को नहीं पता, लेकिन कहा जाता है कि इस झील का निर्माण करीब ढाई करोड़ साल पहले धरती से एक उल्कापिंड के टकराने की वजह से हुआ था. पहले तो इस झील का नाम ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया के नाम पर रखा गया था, लेकिन बाद में सोवियत संघ ने इसका नाम बदल दिया और कराकुल झील रख दिया, जिसका मतलब होता है काली झील। इस झील के बारे में कहा जाता है कि इसके पानी में नमक की मात्रा बहुत ही ज्यादा है और इस वजह से इसमें कोई भी जीव नहीं पाया जाता, बस एक खास तरह ही मछली ही इस पानी में जिंदा रह पाती है. इस मछली का नाम 'स्टोन लोच' है. यह मछली बलुआ तलछट वाली झीलों में आराम से रह सकती है. हालांकि समय-समय पर इस झील के आसपास के दलदली किनारों पर हिमालय पर्वत पर रहने वाले बाज और तिब्बती तीतर जरूर घूमते हुए चले आते हैं.

मृत सागर यानी डेड सी का नाम तो आपने सुना ही होगा, जिसके पानी में इतना नमक है कि वहां कोई भी जीव जिंदा नहीं रह सकता, कराकुल झील को भी दूसरा 'डेड सी' कहा जा सकता है. हैरान करने वाली ये भी है कि कराकुल झील में नाव चलाना भी लगभग नामुमकिन है और इसकी वजह है इसका खारा पानी. इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात ये है कि झील के पास ही एक छोटा सा गांव भी है, जिसका नाम भी कराकुल है, लेकिन इस गांव में बहुत कम ही लोग रहते हैं और इस वजह से यह किसी 'भुतहा गांव' की तरह लगता है. इस झील को लेकर जो सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात है, वो ये कि इस झील का पानी दिन में कई बार अपना रंग बदलता है. कभी झील नीले रंग का दिखता है तो कभी फिरोजी और कभी हरे रंग का. शाम को तो इसका पानी गहरा काला दिखाई देने लगता है. अब ऐसा क्यों होता है, इसके बारे में कोई सटीक जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है.



## इस वीरान टापू पर सैकड़ों साल से मौजूद है रहस्यमयी मूर्तियां, आज तक नहीं चला बनाने वाले का पता

वीरान टापू की खोज साल 1722 में डच एडमिरल याकूब रोगेवीन ने की थी. तब वे अपने तीन जहाजों के साथ इस टापू के पास पहुंचे थे. इस दौरान उनके दल को दूर से सैकड़ों ऊंची-ऊंची इंसानी आकृति दिखाई दीं. रोगेवीन और उनका दल जब जहाज से उतरकर टापू पर पहुंचा, तो उन्हें पत्थरों से बनी कई विशाल मूर्तियां देखने को मिलीं. जिन्हें देखकर वे हैरान रह गए. उन्होंने भी जानने की कोशिश की कि ये मूर्तियां इस वीरान टापू पर कैसे आईं तो उन्हें भी इसके बारे में कुछ पता नहीं चला.

**ईस्टर आईलैंड पर मौजूद सैकड़ों रहस्यमयी मूर्तियों के बारे में आजतक कोई नहीं जान पाया. ये मूर्तियां इतनी बड़ी और भारी-भरकम हैं कि वीरान पड़े इस आइलैंड पर इन्हें कैसे स्थापित किया गया होगा. इसके बारे में कोई नहीं जान पाया.**



दुनियाभर में ऐसे तमाम रहस्य हैं जिनमें से कुछ के बारे में तो इंसान जानता है लेकिन आज भी अनगिनत रहस्यों बना हुए हैं. पृथ्वी पर ऐसी कुछ चीजें मौजूद हैं जो बेहद विचित्र और रहस्यमयी है. वैज्ञानिक भी इन रहस्यों के बारे में पता नहीं लगा पाए. ऐसा ही एक रहस्य है ईस्टर आइलैंड पर मौजूद सैकड़ों रहस्यमयी मूर्तियों का. जो सैकड़ों साल से लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा है. इन मूर्तियों को किसने और कब बनाया इसे लेकर अलग-अलग तरह की बारे कहीं जाती है लेकिन सच्चाई के बारे में कोई नहीं जानता. दरअसल, प्रशांत महासागर में स्थित ईस्टर आइलैंड पर माओ मूर्तियां स्थापित हैं. इन मूर्तियों की स्थापना यहां किसने की इसके बारे में कोई नहीं जानता. ना तो बनाने वाले का आज तक पता चला और ना ही समय का कि कब इन मूर्तियों की यहां स्थापना की गई. दुनियाभर के विशेषज्ञों ने इन मूर्तियों को लेकर अलग-अलग बातें कहीं गई लेकिन सच्चाई का कुछ भी पता नहीं चला. इस वीरान पड़े टापू पर कई ऐसी मूर्तियां भी देखने को मिलती है जिनकी ऊंचाई करीब 7 मीटर है. हैरानी की बात तो ये है कि पुराने समय में इतनी ऊंची और भारी मूर्तियों को बनाना उस समय के लोगों के लिए लगभग नामुमकिन होगा. इसीलिए इन मूर्तियों का रहस्य गहराता रहा है. ऐसे ही कई सवालों का पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने इस वीरान टापू पर लंबे समय तक इन मूर्तियों पर शोध किया. लेकिन इससे फिर भी पर्दा नहीं हटा.

ईस्टर आइलैंड पर मौजूद सबसे बड़ी मूर्ति की ऊंचाई करीब 33 फीट है. जिसका वजन करीब 75 टन के बराबर है. ऐसा माना जाता है कि ये मूर्तियां करीब 1200 साल पुरानी हैं. जानकार बताते हैं कि इस वीरान टापू पर काफी समय पहले रापा नुई लोगों का बसेरा होता था. कुछ लोगों का कहना है कि इन विशालकाय मूर्तियों को उन्हीं रापा नुई लोगों ने यहां बनाया होगा. लेकिन सवाल ये है कि पुरानी मानव सभ्यता के लिए इन मूर्तियों को बनाना कितना मुश्किल रहा होगा. इस

वहीं कुछ लोगों का मानना है कि इन मूर्तियों का निर्माण इंसान ने नहीं बल्कि एलियंस ने किया था. उनके मुताबिक प्राचीन समय के लोगों के लिए इतने कठिन काम को करना नामुमकिन था. उन लोगों को पास इन्हें बनाने का कोई साधन नहीं था. जो इतने भारी भरकम पत्थरों को इधर से उधर ले जा सकें. वहीं कुछ लोगों का कहना है कि ईस्टर आईलैंड पर मौजूद इन मूर्तियों को प्राचीन आदिवासियों ने बनाया था.

कुछ साल पहले यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के एक डॉक्टर ईस्टर आइलैंड के एक ज्वालामुखी के पास पहुंचे, जहां उन्होंने अंदर छुपी कई खदानें को खोजा. इसके साथ ही उन्हें वहां मूर्ति को बनाने के कई अवशेष भी मिले. जिनमें डलवा धातु की एक 7 इंच लंबी कुल्हाड़ी भी शामिल थी. इससे इस बात का पता चलता है कि इन मूर्तियों को प्राचीन समय में वहां के मूल निवासियों ने बनाया था. जिनका इस्तेमाल वे अपने धार्मिक अनुष्ठानों के लिए किया करते थे.





## दुनिया में सबसे दर्दनाक डंक वाली चींटी है ये, बुलेट के जैसा होता है आकार

**चींटी दुनिया की सबसे मेहनती और ईमानदार प्राणी मानी जाती है, पर इसकी एक प्रजाति ऐसी भी है जिसका डंक दुनिया में सबसे दर्दनाक माना जाता है. चींटियों की तमाम खूबियां होने के बावजूद दुनिया के लगभग हर कोने में पाई जाने वाली चींटी कई लिहाज से अनोखी है.**

छोटी सी होने के बावजूद चींटियों में ऐसी खूबियां होती है कि वह कई मायनों में तो इंसान तक को पीछे छोड़ देती है. लेकिन कम लोग ही जानते हैं कि चींटियों की अलग-अलग प्रजातियों की भी अपनी खूबियां होती हैं. इनमें से एक प्रजाति ऐसी भी है जिसकी एक खासियत बहुत ही चौंकाने वाली है क्योंकि इसका डंक दुनिया का सबसे दर्दनाक डंक माना जाता है. इस खास प्रजाति का नाम भी कम रोचक नहीं है इसके बुलेट एंट कहते हैं.

बुलेट चींटी दुनिया की सबसे बड़ी चींटियों में से एक माना जाती है. इनका आकार 0.7 से 1.2 इंच तक का होता है. लेकिन लाल काले रंग की ये चींटियों के जहरीले डंक लगने से इंसान को इतना दर्द होता है कि लगता है कि कोई गोली लगी है. इसी लिए इसे बुलेट एंट नाम मिला है. ये बहुत ही ठंडे इलाकों को छोड़ कर दुनिया के हर कोने में मिलती हैं. बुलेट एंट का डंक दुनिया का सबसे दर्दनाक और जहरीला डंक माना जाता है. एक अध्ययन में यह केवल चीटियों में ही नहीं बल्कि किसी भी कीड़े की तुलना में सबसे दर्दनाक डंक पाया गया है. इतना ही नहीं इस डंक से मिले दर्द क असर 24 घंटे तक रहता है. इसलिए इन्हें 24 घंटे वाली चींटी भी कहा जाता है.

आमतौर पर चींटियां जमीन पर रहती हैं लेकिन बुलेट चींटियां ऐसी हैं जो जमीन पर नहीं बल्कि पेड़ पर रहती हैं. वैसे तो हर तरह की जलवायु में मिलती हैं, लेकिन ये वर्षावनों के पेड़ों वाले इलाकों में ज्यादा होती हैं और वहां भी ये पेड़ों के तने के निचले हिस्से में अपनी कॉलोनी बनाना पसंद करती हैं.

इन चींटियों का एक उपयोग ब्राजील की एक आदि मानव की जनजाति में भी देखने को मिलता है. यहां की साटेरे मावे जनजाति में किशोर जब युवावस्था में कदम रखने वाला होता है तो उसे एक रस्म में भाग लेने होता है. उसे एक कार्यक्रम के दौरन अपने हाथ एक ऐसे ग्लोव में कम से कम 20 मिनट के लिए रखने होते हैं जिसके अंदर बुलेट चींटियां होती हैं. इसके बाद ही उसे मर्द की श्रेणी में गिना जाता है.

चीटियों में रानी चींटी खास होती है. वह अपनी कॉलोनी में अलग ही देखी जा सकती है क्योंकि वह दूसरी कामगार चींटियों से बड़ी होती हैं. पर हैरानी की बात ये है कि बुलेट चीटियों में ऐसा नहीं होता है. असल में रानी बुलेट चींटी कामगार चींटी से थोड़ी ही बड़ी रहती हैं इस वजह से दोनों में अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है. शांत होती हैं ये चींटियां, जीहां, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इन चींटियों का जहरीला डंक होने के बावजूद ये बहुत आक्रामक चींटियां नहीं होती हैं. लेकिन इनके जहरीले और दर्दनाक डंक की वजह से इन चींटियों से डरने वालों की कमी नहीं है. अपने जहर का उपयोग केवल उन एन्थ्रोपॉड कीड़ों के शिकार में करते हैं.



**बीते 32 सालों से अमेरिका के एक प्लेन के गायब होने और उसके वापस लौटने की कहानी दुनियाभर में मीडिया की सुर्खियां बन चुकी हैं। कहानी कुछ यूं है कि 1955 में पैन अमेरिका का एक प्लेन फ्लाइट नंबर- 914 उड़ान के दौरान अचानक गायब हो गया। लेकिन वह प्लेन ठीक 37 साल बाद 1992 में लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला की राजधानी काराकास के एयरपोर्ट पर लैंड करता है। लेकिन हाल ही में कई फेक खबरों का सच जानने वाली न्यूज साइट्स ने इस पूरी कहानी पर से पर्दा उठाया है।**




## 37 साल से गायब विमान अचानक एयरपोर्ट पर किया लैंड सालों पहेली बनी इस खबर का सच2

रहस्यों से दुनिया भरी पड़ी है, लेकिन कुछ ऐसे रहस्य जिनको समझ पाना बेहद मुश्किल लगता है। दुनियाभर में कई ऐसे रहस्य हैं जिनकी गुत्थी आज तक वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए हैं। इस कड़ी में हम आपको एक ऐसे रहस्य के बारे में बताएंगे जिनके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इसके साथ ही इस रहस्य पर यकीन करना भी नामुमकिन लगता है। दुनिया के बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी इस रहस्य की वजह से हैरत में पड़ गए थे। करीब 67 साल पहले सन 1955 में भी एक ऐसी ही रहस्यमयी घटना घटी थी। यह घटना अमेरिका के एक ऐसे रहस्यमयी विमान से जुड़ी है जिसने उड़ान भरने के करीब 30 साल बाद दूसरे देश में लैंड किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह विमान लैंड करने के बाद फिर लापता हो गया।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि 2 जुलाई 1955 को फ्लाइट 914 ने अमेरिका के न्यूयॉर्क से मयामी के लिए उड़ान भरा था जिसमें कुल 57 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स थे। लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि न्यूयॉर्क से उड़ान भरे के बाद और मयामी पहुंचने से पहले ये जहाज आसमान में ही लापता हो गया। अमेरिका ने उस दौरान इस जहाज को खोजने की बहुत कोशिश की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इस समय हवाई जहाज को न्यूयॉर्क से मयामी जाने में करीब साढ़े तीन घंटे लगते हैं। 1955 में विमान से न्यूयॉर्क से मयामी जाने में अधिक से अधिक पांच घंटे का समय लगता था।

उस समय पूरी दुनिया में हैरत में पड़ गई जब साल 1955 में लापता विमान फ्लाइट 914, 30 साल बीतने के बाद 9 मार्च 1985 को रहस्यमयी तरीके से वेनेजुएला के कारकास एयरपोर्ट पर लैंड किया। इस विमान बारे में एर ट्रैफिक कंट्रोल को भी कोई जानकारी नहीं थी। लैंडिंग के कुछ ही देर बाद इस विमान ने फिर से फिर उड़ान भरी और आसमान में गायब हो गया।

मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक, काराकास एयरपोर्ट पर जहाज के लैंडिंग के बाद पायलट ने वहां के स्टाफ से पूछा कि यह कौन सा साल है? ग्राउंड स्टाफ ने पायलट को बताया कि यह साल 1985 है। यह सुनते ही विमान के पायलट लंबी लंबी सांस लेने लगे और कहा किओह! माई गॉड। इसके बाद विमान ने एक बार फिर उड़ान भरी और आसमान में लापता हो गया।

21 मई 1992 में अमेरिका के एक लोकल न्यूज पेपर प्लेन के गायब होने और वापस आने की खबर पब्लिश करता है। यहीं से इसकी शुरुआत होती है। हैडलाइन थी प्लेन की पहेली। नीचे लिखा होता था, 1955 में उड़ान भरने वाला प्लेन 1985 में वापस आया। खबर आग की तरह फैलती है। लोग इसपर भरोसा करने लगते हैं। अफवाहों का दौर शुरू हो जाता है, कहा जाता है कि प्लेन बरमुडा ट्राएंगल से वापस लौटकर आ गया तो कुछ इसे दूसरी दुनिया से जोड़कर देखने लगते हैं।

### दुनिया में आग की तरह फैली खबर

न्यूज पेपर में पब्लिश होने के बाद ये खबर दुनियाभर में फैल जाती है। इंटरनेट पर लोग इसे अलग-अलग तरीके से पेश करते हैं। कुछ लोग सवाल उठते हैं कि आखिर इतने समय से ये प्लेन कहां था? अगर ये उड़ रहा था?, तो इसका ईंधन खत्म क्यों नहीं हुआ?, क्या ये किसी खुफिया मिशन पर था?, इन तमाम कयासों के बीच खबर आती है कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स से मिली वॉयस रिकॉर्डिंग इस बात का सबूत है।

### बातचीत रिकॉर्डिंग को बताया जाता है सबूत!

पायलट कहता है, हम कहां है? एयर ट्रैफिक कंट्रोल से आवाज आती है, ये वेनेजुएला है, आप कहां से आए हैं? पायलट जवाब देता है, हम न्यूयॉर्क से आए हैं और ये फ्लाइट नंबर-914 है, मियामी फ्लोरिडा के लिए। कंट्रोल पैनल से आवाज आती है, तुम इतनी बड़ी गलती कैसे कर सकते हो? तुम 2000 किलोमीटर गलत कैसे आ गए? इसके बाद कंट्रोल पैनल पर बैठा शख्स डायरी चेक करता है, तो पता चलता है कि जिस प्लेन का जिक्र किया जा रहा है, उसने 1955 में आखिरी उड़ान भरी थी। कंट्रोल पैनल कंफ्यूजन में प्लेन को उतरने की इजाजत देता है। बताया जाता है कि जब अफसर उसकी जांच के लिए पहुंचते हैं, तब तक प्लेन गायब हो जाता है।

### क्या है इसका सच

हालांकि इस खबर को फर्जी होने की वजह किसी भी प्रॉमिनेंट न्यूजपेपर ने पब्लिश नहीं किया। ये कहानी पूरी तरह से महज एक कल्पना थी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, बुधवार, 29 जनवरी, 2025





# एवेंजर्स - एंडगेम निर्देशक के साथ दोबारा जुड़े रणदीप हुड्डा

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा एक बार फिर हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। अभिनेता दोबारा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर मैचबॉक्स में निर्देशक सैम हार्ग्रेव के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में जॉन सीना भी है। इससे पहले उन्होंने निर्देशक के साथ साल 2020 में नेटफ्लिक्स एक्सट्रैक्शन में काम किया था। रिपोर्ट के मुताबिक लाइव-एक्शन फिल्म, जो मैटल की लोकप्रिय मैचबॉक्स टॉय व्हीकल लाइन से प्रेरित है में हॉलीवुड सितारे टेयोना पैरिस, जेसिका बील और सैम रिचर्डसन भी होंगे। मौजूदा समय में फिल्म का प्रोडक्शन बुडापेस्ट में चल रहा है। फिल्म का निर्देशन एवेंजर्स- एंडगेम और एक्सट्रैक्शन 2 के निर्देशक हार्ग्रेव कर रहे हैं।

### क्या है फिल्म की कहानी?

यह फिल्म मशहूर मैचबॉक्स कार लाइन पर आधारित है, जिसकी शुरुआत 1953 में हुई थी जब जैक ओडेल ने अपनी बेटी के लिए माचिस की डिब्बी में फिट होने लायक एक खिलौना बनाया था। मैटल ने रिपोर्ट की है कि दुनिया भर में हर सेकंड दो मैचबॉक्स कारें बिकती हैं।

### हार्ग्रेव के साथ काम करने को उत्साहित हैं हुड्डा

वैरायटी के मुताबिक रणदीप हुड्डा ने हार्ग्रेव के साथ फिर से काम करने को लेकर अपना उत्साह जताया है। अभिनेता ने कहा, सैम के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साहित हूं। 'एक्सट्रैक्शन' में काम करते हुए हमने एक अच्छा समय साथ में बिताया। सैम हाई-ऑक्टेन स्टोरीटेलिंग और एक्शन के मास्टर हैं। बुडापेस्ट में टीम में शामिल होने पर खुशी है।

### रणदीप हुड्डा का वर्क फंट

रणदीप हुड्डा के वर्क फंट की बात करें तो उनके पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने हाल ही में स्वातंत्र्य वीर सावरकर का निर्देशन और अभिनय किया। उनके आगामी कार्यों में सनी देओल अभिनीत और गोपीचंद मलिनेनी द्वारा निर्देशित जाट है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अर्जुन उस्तरा से भी जुड़े हुए हैं।



# 12वीं फेल के बाद अब कॉमेडी करती दिखेंगी मेधा शंकर

## निम्रत-सनी भी साथ आएंगे नजर



सनी कौशल, निम्रत कौर और मेधा शंकर जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह जासूसी कॉमेडी फिल्म होगी। यह पहला मौका होगा जब तीनों कलाकार एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे। हाल ही में रोमांटिक थ्रिलर फिर आई हसीन दिलरुबा में अपनी अदाकारी से दर्शकों का ध्यान खींचने वाले सनी कौशल राजस्थान में अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं।

### कौन बना रहा फिल्म?


हालांकि इस फिल्म के बारे में सनी कौशल की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। निर्माताओं की ओर से अब तक फिल्म को लेकर कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसे लक्ष्मण उतेकर और टी-सीरीज मिलकर बना रहे हैं।

### फिर आई हसीन दिलरुबा से सनी ने खूब लूटी वाहवाही

साल 2024 में सनी ने फिर आई हसीन दिलरुबा में एक दिलचस्प भूमिका अदा की थी। फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म में वह तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी के साथ नजर आए थे। फिल्म में तापसी और विक्रम ने रानी कश्यप और ऋषभ के किरदारों को फिर से निभाया था।

### इस फिल्म में दिखीं थीं निम्रत कौर

निम्रत कौर की बात करें तो उन्हें हाल ही में सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में देखा गया था। अब वह जल्द ही अपनी आगामी फिल्म सेक्शन 84 में नजर आएंगी, जिसमें वह अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इसके अलावा निम्रत कौर जल्द ही स्काई फोर्स में नजर आ रही हैं। फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ आठ साल के बाद पर्दे पर नजर आ रही हैं। वीर पहाड़िया इस फिल्म से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं।



# सलमान की 'सिकंदर' से टकराएगी चियान विक्रम की वीरा धीरा सूरन

साउथ अभिनेता चियान विक्रम की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वीरा धीरा सूरन' की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। दिसंबर 2024 में फिल्म का टीजर जारी किया गया था। टीजर ने अभिनेता के फैंस की धड़कनों को तेज कर दिया था और उनकी उत्सुकता को भी बढ़ाया था।

### इस दिन रिलीज होगी 'वीरा धीरा सूरन'

चियान विक्रम की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वीरा धीरा सूरन' 27 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का सामना बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' से होगा। इसके अलावा साउथ की 'लूसिफर 2', 'रॉबिनहुड' और 'मैड 2' भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। ऐसे में फिल्म को कलेक्शन को लेकर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। विक्रम अभिनीत इस फिल्म को 'पोंगल 2025' पर रिलीज क्या जाना था, लेकिन जब अजित की 'विदामुयार्ची' को त्योहार के लिए घोषित किया गया, तो 'वीरा धीरा सूरन' की तारीख बदल दी गई।

### पोस्ट प्रोडक्शन में चल रही फिल्म

'वीरा धीरा सूरन' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसका पोस्ट-प्रोडक्शन का काम फिलहाल जोरों पर है। फिल्म में चियान विक्रम के अलावा एसजे सूर्या, अभिनेत्री दुशारा विजयन और लोकप्रिय मलयालम अभिनेता सूरज वेंजरअमूडू सहित कई कलाकार शामिल हैं। फिल्म को तीन भाषाओं तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा

### चियान विक्रम का वर्क फंट

साउथ अभिनेता चियान विक्रम को आखिरी बार समीक्षकों द्वारा प्रशंसित पीरियड ड्रामा फिल्म 'थंगलान' में देखा गया था। इसके बाद वह 'वीरा धीरा सूरन' में नजर आएंगे। फैंस उनकी इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

# अलग ढंग से फैंस के साथ बॉबी देओल ने मनाया जन्मदिन, आश्रम सीरीज के लिए एक्साइटेड नजर आए

बॉबी देओल ने जब से 'एनिमल' फिल्म में अबरार का रोल किया है, उनकी फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई है। एक्टर के कुछ फैंस ने 27 जनवरी को उनके घर के बाहर आकर बर्थ डे विश किया। साथ ही बर्थ डे सेलिब्रेशन भी अलग ही ढंग से किया। बॉबी देओल भी अपने फैंस से बड़े ही प्यार से मिलते हुए नजर आए। बॉबी देओल के कई फैंस उनके घर के बाहर एक्टर का जन्मदिन मनाने के लिए पहुंचे थे। घर के बाहर फैंस ने हैप्पी बर्थ डे सॉन्ग एक्टर के लिए गाया। साथ ही कुछ फैंस बॉबी देओल के लिए बड़ा सा केक और एक बड़ा सा लड्डू लेकर पहुंचे। केक और लड्डू को अपने बर्थ डे पर फैंस सामने एक्टर ने काटा। वह इस मौके पर काफी खुश नजर आए। केक काटने के बाद बॉबी देओल ने फैंस को इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया कहा। साथ ही फैंस और पैपराजी के कहने पर बॉबी देओल ने फिल्म 'एनिमल' का एक सिग्नेचर सीन भी करके दिखाया। जब बॉबी ने फिल्म का सीन रिक्रिएट किया तो फैंस ने खूब तालियां बजाई।

### आश्रम सीरीज को लेकर दिया अपडेट

अपने जन्मदिन के मौके पर फैंस को बॉबी देओल ने बताया कि उन्हें अपनी वेब सीरीज 'आश्रम' के अगले सीजन का इंतजार है। वह अपनी इस सीरीज का एक डायलॉग जपनाम भी बोलते हुए देखे गए। इसी सीरीज में बॉबी का किरदार लड्डू खिलाकर, अपने भक्तों को वश में करता था। इसलिए फैंस बॉबी देओल के लिए बड़ा सा लड्डू बनाकर जन्मदिन पर लाए थे।




# शहनाज गिल ने खुद को ही किया बर्थ डे विश, जन्मदिन पर दोस्तों-फैंस ने भी बरसाया प्यार

शहनाज गिल की सोशल मीडिया पर काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है, उनका अपना अलग ही फैन बेस है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बर्थ डे सेलिब्रेशन की कुछ फोटो शेयर की। इन तस्वीरों में वह केक काटते हुए, अपने दोस्तों के साथ सेलिब्रेशन के अंदाज में दिखीं। शहनाज ने इंस्टाग्राम पर जन्मदिन मनाते हुए जो तस्वीर साझा की है, उसके साथ कैप्शन लिखा है- 'हैप्पी बर्थ डे टू मी'। वहीं शहनाज के दोस्तों और फैंस ने भी उन्हें जन्मदिन पर विश किया है। इन बर्थ डे विशेज को शहनाज के अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में लगाया है। शहनाज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वालों में अली गोनी, माही विज, अवनीत कौर, एकता कपूर और सोफी चौधरी जैसे कई सेलिब्रिटीज शामिल रहे।

### ये हैं अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

शहनाज गिल के करियर फंट की बात की जाए तो वह एक पंजाबी फिल्म 'इक कुड़ी' शूटिंग कर रही हैं। इससे जुड़ा अपडेट वह अपने इंस्टाग्राम पेज पर देती रही हैं। हाल ही में शहनाज ने रैपर सिंगर हनी सिंह के साथ भी एक म्यूजिक वीडियो किया है, इसे काफी पसंद किया गया है। शहनाज पंजाबी फिल्मों में एक्टिंग और सिंगिंग करती रही हैं। हिंदी फिल्मों में उनके लिए राह 'बिग बॉस 13' के कारण खुली थी। वह इस रियालिटी शो में बतौर प्रतियोगी शामिल हुई। यहां उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से भी हुई। दोनों के बीच एक अलग तरह की केमिस्ट्री, कनेक्शन बन गया था। शो से बाहर आने के बाद भी दोनों साथ नजर आए। ऐसा कहा जाने लगा कि दोनों रिलेशनशिप में थे लेकिन 2021 में सिद्धार्थ शुक्ला का हार्ट अटैक से निधन हो गया। सिद्धार्थ के जाने के बाद शहनाज काफी समय तक सदमे में रही, इससे उबरने में एक्ट्रेस को बहुत समय लगा। अब शहनाज अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रही हैं।





# डांस में शाहिद कपूर को कौन सी अभिनेत्री दे सकती है टफ कंपटीशन बोले- बहुत अच्छी डांसर हैं...

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी एक्शन फिल्म देवा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। शाहिद अभिनेता होने के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं, जिसका उदाहरण उनकी कई फिल्मों में देखा जा सकता है। फिल्म देवा के टीजर में शाहिद का डांस हर किसी को पसंद आया। इसी फिल्म के प्रचार के दौरान जब शाहिद से पूछा गया कि वह कौन अभिनेत्री है, जो उन्हें डांस में टफ कंपटीशन दे सकती है। एक इंटरव्यू के दौरान जब शाहिद कपूर से पूछा गया कि उनके हिसाब से कौन सी ऐसी अभिनेत्री हैं, जो उन्हें डांस में टफ कंपटीशन दे सकती है। जब शाहिद की को-स्टार उनसे कहती कि थोड़ा कम डांस करा कर यार। तो इस पर शाहिद कहते थे कि वह डांस करना नहीं बंद कर सकते। कथित तौर पर शाहिद ने प्रियंका चोपड़ा का नाम लिया और उनकी तारीफ की और उन्हें बहुत अच्छी डांसर बताया। इसके बाद उन्होंने दीपिका पादुकोण, पूजा हेगड़े, कियारा आडवाणी और अमृता राव सहित कई अभिनेत्रियों के नाम बताए, जिनके साथ उन्होंने काम किया है।

### कैटरीना से लेकर पूजा तक की तारीफ की

शाहिद कपूर ने कहा, वैसे तो बहुत सारी अभिनेत्रियां हैं, जो शानदार डांसर हैं। उनमें से कई के साथ मैं पहले भी काम कर चुका हूं। प्रियंका बहुत अच्छी डांसर हैं, दीपिका बहुत अच्छी डांसर हैं। मुझे फिल्म देवा में पूजा हेगड़े के साथ डांस करने में मजा आया। कियारा एक अच्छी डांसर हैं, लेकिन हमने साथ में डांस नहीं किया है। यहां तक कि अमृता भी अच्छी डांसर हैं, जब मैंने उनके साथ काम किया था। मैंने कैटरीना के साथ कभी कोई गाना नहीं किया है लेकिन वह एक शानदार डांसर हैं। शाहिद कपूर और प्रियंका चोपड़ा ने 2009 में फिल्मकमीने और 2012 में फिल्म तेरी मेरी कहानी में साथ काम किया है। वहीं, शाहिद और दीपिका नेपद्मावत में साथ काम किया है। कियारा आडवाणी और शाहिद नेकबीर सिंह में साथ काम किया है, जबकि उन्होंनेविवाह में अमृता राव के साथ काम किया है। अब शाहिद पूजा हेगड़े के साथ फिल्म देवा में नजर आएंगे।

# करीना कपूर के बचाव में आईं ट्विंकल खन्ना, बोलीं-ऐसी बेवकूफी भरी अफवाहें...

सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले पर अब बॉलीवुड सितारे भी खुलकर आए हैं। इस हमले पर अब ट्विंकल खन्ना ने भी बात की है। उन्होंने सैफ पर हुए हमले के बाद करीना कपूर खान पर हुई ट्रोलिंग को लेकर बात की है। ट्विंकल खन्ना ने लिखा, अपने कॉलम में करीना कपूर का बचाव किया है। उन्होंने बताया कि ऐसीबेवकूफी भरी अफवाहें हैं कि घटना के दौरान बेबो घर पर नहीं थीं या अपने पति की मदद करने के लिएबहुत ज्यादा नशे में थीं। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि लोगों को बस पत्नियों पर दोष डालने पर मजा आता है। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के बारे में भी ट्विंकल खन्ना ने बात की है। उन्होंने कहा, जब विराट कोहली आउट होते हैं, तो अनुष्का को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि ये पैटर्न सिर्फ बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लिए नहीं है। उन्होंने बताया कि पतियों के वजन बढ़ने या घटने के लिए पत्नियों को दोषी ठहराया जाता है। उन्होंने बताया कि कैसे लोग अपने साथी के स्वभाव और यहां तक किगंजेपन के लिए भी पत्नी को दोषी ठहराते हैं।

